सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 02 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 178, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 91 अंकों की उछाल

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 90.83 अंक यानी 0.11 प्रतिशत बढ़कर 83,697.29 अंक पर बंद हुआ। } 14

## भारत और अमेरिका के बीच सफल रही व्यापार वार्ता

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के सफल निष्कर्ष पर पहुंचने की उम्मीद जाहिर की है। उन्होंने इससे दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे। } 16



## दिल्ली में पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा डीजल-पेट्रोल

### 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल व 10 साल पुराने डीजल वाहन पर प्रतिबंध

एजेंसी




नयी दिल्ली। दिल्ली में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध की शुरुआत हुई। दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में करीब 350 पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट रीडर कैमरे (एएनपीआर) लगाए हैं।

परिवहन विभाग ने अपने संगठन, दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मियों को शामिल करते हुए एक विस्तृत तैनाती योजना तैयार की है। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की कई टीमों को दक्षिण दिल्ली के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर तैनात किया गया है। यह अभियान मंगलवार सुबह 6 बजे से शुरू हुआ, जिसमें 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल चालित वाहनों और 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों को ईंधन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। चिराग दिल्ली के ढींगरा पेट्रोल पंप पर परिवहन प्रवर्तन और दिल्ली यातायात पुलिस की टीम सुबह से ही तैनात देखी गईं। परिवहन प्रवर्तन टीम के उपनिरीक्षक धर्मवीर ने कहा हम सुबह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सरकार ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को दी मंजूरी

### खेलो भारत नीति पर कैबिनेट की मुहर ○ अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना को मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) को मंगलवार को मंजूरी दे दी। इसका मकसद सेवानिवृत्ति निधि निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से अगले दो वर्ष में 3.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करना है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसका मकसद सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य दो साल में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहन देना है। इसके अलावा यह योजना पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन देगी। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पर रखे गए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपये तक) मिलेगा। वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया


सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव

जाएगा। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए लाभ को और दो साल के लिए बढ़ा दिया जाएगा। ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल एवं अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी। इसका कुल बजट परिव्यय दो लाख करोड़ रुपये था। ईएलआई योजना का उद्देश्य दो वर्ष की अवधि में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इनमें से 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार कार्यबल में शामिल होने वाले होंगे।

इस योजना का लाभ एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा। योजना में दो भाग हैं, भाग-ए पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों पर केंद्रित है तथा भाग बी नियोक्ताओं पर केंद्रित है। ईपीएफओ के साथ पहली बार पंजीकृत कर्मचारियों को लक्ष्य करते हुए इस भाग-ए के तहत दो किस्तों में एक महीने का वेतन 15,000 रुपये तक दिया जाएगा। एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी इसके पात्र होंगे। पहली किस्त छह महीने की सेवा के बाद दी जाएगी और दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद दी जाएगी। बयान में कहा गया बचत की आदत को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन राशि का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए बचत साधन या जमा खाते में रखा ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

### युवक ने मां, बेटे, बेटी समेत खुद को गोली से उड़ाया

आजमगढ़। जहानागंज थाना क्षेत्र के सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर के वार्ड नंबर 10 में एक युवक नीरज पांडेय ने पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर अपनी मां चंद्रकला (55), पुत्री शुभी पांडेय (07) और बेटा संघर्ष पांडेय (04) को गोली मार दी। इस घटना में मां और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी को एंबुलेंस के जरिए जहानागंज स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने नीरज और उसकी मां चंद्रकला को मृत घोषित कर दिया। वहीं बेटी शुभी पांडेय और बेटे संघर्ष पांडेय की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां बेटे संघर्ष की मौत हो गई, जबकि शुभी पांडेय का इलाज जारी है। मिली जानकारी अनुसार सरदार बल्लभ भाई पटेल मोहल्ला निवासी नीरज पांडेय (32) परिवार के साथ वाराणसी में रहता था। वह पेट्रोल पंप पर कार्य करता था।

### गड्ढे में डूबकर तीन बच्चों की हुई मौत

बहराइच। तहसील पयागपुर के ग्राम सुजान डीह दा. बरा निजाम निवासी तीन बच्चों जैनुल आबदीन पुत्र दीन मोहम्मद उम्र 1 वर्ष, दस्तगीर पुत्र सलमान उम्र 09 वर्ष व मोहम्मद आलम पुत्र सलमान उम्र 07 वर्ष की ग्राम के समीप नहर पटरी के किनारे गड्ढे (खन्ती) में डूबकर मौत हो गयी। परिजन तीनों बच्चों को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विश्वेश्वरगंज लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों द्वारा परीक्षणोपरान्त उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे औरपरिजनों को सांत्वना दी।

# 2047 तक विकसित हो जायेगा भारत

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का किया लोकार्पण

जिला संवाददाता

गोरखपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य ही संपदा है और स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो ही 2047 तक विकसित भारत तथा विश्व गुरु बनने का सपना साकार होगा। राष्ट्रपति ने गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस विश्वविद्यालय को 268 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। एक अन्य कार्यक्रम में मुर्मू ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह एवं पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण एवं महिला छात्रावास का शिलान्यास भी किया।

विश्वविद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में मुर्मू ने 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा, आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को पहचान मिली है। कठिन परिश्रम करने वालों के लिए योग उतना आवश्यक नहीं है, लेकिन जो दफ्तर में



काम करते हैं उनके लिए जरूरी है। उन्होंने योग और भारत की गौरवमयी परंपरा का जिक्र करते हुए कहा हम भारत के पूर्वजों, मुनियों-ऋषियों की उत्तर पीढ़ी कहलाते हैं तो उनका मान रखना होगा। राष्ट्रपति ने कहा, आज भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है तो उसे आगे बढ़ाने के लिए सभी भारतवासियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना है। स्वास्थ्य ही संपदा है



और स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो 2047 तक विकसित भारत बनने का सपना साकार होगा और इसके लिए आज से ही प्रयास करना होगा। मुर्मू ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि इस विश्वविद्यालय में आयुष पद्धतियों से जुड़े रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शिक्षा भी दी जाएगी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के विश्व स्तरीय शोध ...शेष पृष्ठ 14 पर

### छह मंडलों में स्थापित होंगे आयुष महाविद्यालय : योगी

गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने तय किया है कि जहां आयुष पद्धति का कोई महाविद्यालय नहीं है, उन मंडलों में भी आयुष पद्धति का एक-एक महाविद्यालय स्थापित किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में स्थापित प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को गोरखपुर में योगी आदित्यनाथ और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण किया। इसे 268 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इस मौके पर योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में छह मंडल ऐसे हैं, जहां ...शेष पृष्ठ 14 पर

### प्रसिद्ध जादूगर बीवी पट्टाभिराम का निधन

हैदराबाद। जानेमाने मनोवैज्ञानिक, व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, जादूगर और लेखक बी. वी. पट्टाभिराम का दिल का दौरा पड़ने से यहां निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे।

पट्टाभिराम के मित्रों ने मंगलवार को बताया कि पट्टाभिराम का निधन 30 जून की रात में हुआ। पंद्रह भाई-बहनों वाले परिवार से ताल्लुक रखने वाले पट्टाभिराम ने जादू के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और अन्य दक्षिणी राज्यों में अपने जादू के शो के जरिये दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। वह एक व्यापक रूप से प्रशंसित व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, परिवार और छात्रों के काउंसलर भी थे। उनके यूट्यूब चैनल के लाखों सब्सक्राइबर थे और कई युवा जोड़े उन्हें अपने विवाह को टूटने से बचाने का श्रेय देते हैं। उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखी थीं। पट्टाभिराम की पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिंह राव और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी प्रशंसा की थी। पट्टाभिराम के परिवार में उनकी पत्नी और बेटा हैं। उनका अंतिम संस्कार दो जुलाई को हैदराबाद में किया जाएगा।

## वंचितों व संपन्न के बीच खत्म की खाई

### हाशिये पर रहने वालों के जीवन में बदलाव लाती है प्रौद्योगिकी : मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि एक दशक पहले शुरू की गई डिजिटल इंडिया पहल ने संपन्न और वंचितों के बीच डिजिटल विभाजन को पाट दिया है और अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है जिससे यह एक जन आंदोलन बन गया है। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक भारतीयों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर संदेह किया जाता रहा, लेकिन उनकी सरकार ने इस दृष्टिकोण को बदल दिया और नागरिकों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर भरोसा किया। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने संपन्न और वंचितों के बीच की खाई को खत्म करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया। उन्होंने कहा जब इरादा सही होता है, तो नवाचार कम सशक्त लोगों को सशक्त बनाता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो प्रौद्योगिकी हाशिये पर रहने वालों के जीवन में बदलाव लाती है। इस विश्वास ने डिजिटल इंडिया की नींव रखी जो पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, समावेशी डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और सभी के लिए अवसर प्रदान करने का मिशन है। मोदी ने कहा कि 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो गई है, जिसमें 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल है जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के 11 गुना के बराबर है। उन्होंने कहा कि यह सबसे दूरदराज के गांवों को भी जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी दुनिया में सबसे तेजी से लागू हो रहा है, जिसमें केवल दो ...शेष पृष्ठ 14 पर

### भाजपा ने कई राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदले

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश समेत कई राज्यों के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। पश्चिम बंगाल में प्रदेश भाजपा की कमान किसको दी जाए, इस पर अभी सहमति नहीं बन पाई है।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पी वी एन माधव ने मंगलवार को पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के तौर पर औपचारिक रूप से पदभार संभाल लिया। उन्होंने डी पुरंदेश्वरी का स्थान लिया है। इस बदलाव के साथ ही राज्य में राजमुंदरी से सांसद डी पुरंदेश्वरी का लगभग दो वर्ष का कार्यकाल समाप्त हो गया। वहीं, तेलंगाना विधान परिषद के पूर्व सदस्य (एमएलसी) एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ नेता एन रामचंद्र राव को मंगलवार को ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखण्ड : महेंद्र भट्ट फिर बने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित आठ सदस्य राष्ट्रीय परिषद के सदस्य निर्वाचित

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड बीजेपी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। एक बार फिर राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट उत्तराखंड बीजेपी के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। भाजपा के संगठन पर्व पर प्रदेश परिषद की बैठक में महेंद्र भट्ट के प्रदेश अध्यक्ष बनने की घोषणा की गई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की घोषणा भी केंद्रीय चुनाव प्रभारी केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा द्वारा की गई। बता दें कि गत दिवस सोमवार को ही उन्होंने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया था और वह बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अकेले उम्मीदवार थे। ऐसे में सोमवार को ही




तय हो गया था कि महेंद्र भट्ट निर्विरोध प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में संगठन के सभी बड़े पदाधिकारियों के समक्ष महेंद्र भट्ट के उत्तराखंड बीजेपी का अध्यक्ष निर्वाचित होने की घोषणा की गई। इस तरह महेंद्र ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- वृक्ष केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि जीवन के रक्षक (पृष्ठ-02)
- सूचना निदेशालय में मीडिया पोर्टल का शुभारम्भ (पृष्ठ-02)
- बिजली की खपत घटकर हुई 150 अरब यूनिट (पृष्ठ-14)
- कोल इंडिया का उत्पादन जून में 8.5 प्रतिशत घटा (पृष्ठ-14)
- सोना 1200 चढ़कर 98,670 प्रति 10 ग्राम (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — अगले छह–सात दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बहुत भारी बारिश की संभावना

## देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि अगले छह-सात दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बहुत भारी स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान है। विभाग ने कहा कि इस अवधि के दौरान उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मानसून सक्रिय रहेगा।

विभाग के अनुसार मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और झारखंड में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान है जबकि झारखंड और ओडिशा में कुछ दिनों में भारी बारिश हो सकती है। आईएमडी ने कहा कि कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र और गुजरात में कुछ स्थान पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। विभाग ने कहा कि सौराष्ट्र और कच्छ में भी अगले सात दिन



में भारी बारिश हो सकती है जबकि इस अवधि के दौरान पूर्वोत्तर भारत में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान है। आईएमडी ने कहा कि तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक में सप्ताह के कुछ दिन में भारी बारिश ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मानसून ने पकड़ी रफ्तार, लखीमपुर खीरी व बाराबंकी में रिकॉर्ड बारिश

लखनऊ। प्रदेश में मानसूनी बारिश ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है। मंगलवार सुबह से लखनऊ समेत 20 से ज्यादा शहरों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने बुधवार को दक्षिणी यूपी और बुंदेलखंड इलाकों के लिए अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को प्रदेश में सर्वाधिक लखीमपुर खीरी में 212 मिलीमीटर तो वहीं बाराबंकी में 165 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। प्रदेश के मौसम विभाग ने जानकारी दी की यूपी में जून महीने में सामान्य से 11 फीसदी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। पूवार्नुमान है कि जुलाई ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बाराबंकी : हिंसा व हत्या के मामले में 12 को उम्रकैद

जिला संवाददाता

बाराबंकी। जिले की एक विशेष अदालत ने हिंसा और हत्या के 18 वर्ष पुराने मामले में 12 लोगों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 1.18 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया। वादी पक्ष के भी पांच लोगों को तीन-तीन वर्ष की कैद और 10-10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

अभियोजन अधिकारी कृपा शंकर ने बताया कि विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम) वीना नारायन की अदालत ने सोमवार को यह फैसला सुनाया जिसमें 12 लोगों को हत्या, बलवा और दलित उत्पीड़न के अपराध के लिए दोषी ठहराया।

यह मामला चार मार्च 2007 का है। पटरांगा थाना क्षेत्र के सरैठा निवासी कृष्ण मगन ने अजय सिंह के साथ हुए विवाद के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके ग्राम प्रधान चुने जाने से अजय सिंह व उनके साथी उनसे नाराजगी रखते थे। गांव का कोटा निरस्त हो जाने के कारण अजय सिंह के साथी कोटेदार राम प्रसाद भी उनसे रंजिश रखने लगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार, कृष्ण मगन अपने मित्र मंसाराम के साथ शिवनगर चौराहे पर चाय पीने गए ...शेष पृष्ठ 14 पर

# विद्युत सखियों ने छुआ नया मुकाम, 2100 करोड़ का किया बिजली बिल कलेक्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विद्युत सखी कार्यक्रम में एक नई उपलब्धि हासिल की है। इस कार्यक्रम से जुड़े स्वयं सहायता समूह की महिलाओं विद्युत सखियों ने वित्तीय वर्ष 24-25 में 1045 करोड रुपए का विद्युत बिल

- रोशन गांव, सशक्त नारी विद्युत शक्ति है पहचान हमारी

कलेक्शन किया है। वित्तीय वर्ष 25-26 मे अब तक 256 करोड का कलेक्शन किया गया है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन मे ग्रामीण महिलाओ के आजीविका संवर्धन, उन्हे आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनाये जाने की दिशा मे बहुत ही कारगर, ठोस व प्रभावी कदम उठाये गये हैं। वित्तीय वर्ष वित्तीय वर्ष 2021-22 में 87 करोड रुपए 2022-23 में 262 करोड रुपए और वित्तीय वर्ष 2023 24 में 466 करोड रुपए विद्युत बिल कलेक्शन हुआ। इसकी तुलना में वित्त वर्ष 24-25 में विद्युत कनेक्शन 1045 करोड रुपए पहुंच गया। योजना के प्रारंभ वर्ष 2020 से विद्युत सखियों ने विद्युत बिल वितरण कंपनियो (डिस्काम) के लिए 2120 करोड रुपए का राजस्व कलेक्शन करने में सफलता पाई है।



यूपीएसआरएलएम के इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल विद्युत सखी के रूप में रोजगार देकर महिलाओं को सशक्त बनाना है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिस्काम की विद्युत बिल कलेक्शन क्षमता में सुधार लाना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्युत सखी कार्यक्रम में कई उल्लेखनीय पड़ाव हासिल किये है। इसमें 438 विद्युत सखियों ने लखपति दीदी बनने में सफलता पाई है। इसके अलावा 2024-25 में विद्युत सखियों को लगभग 13.4 करोड रुपए कमीशन के रूप में प्राप्त हुए हैं ।इतना ही नहीं इसमे विद्युत सखियों ने ओटीएस योजना के तहत 303 करोड रुपए का विद्युत बिल कलेक्शन किया ।इसके एवज में उन्हें 3.5 करोड रुपए कमीशन मिले विद्युत सखी कार्यक्रम के तहत कुल 14229 विद्युत सखियां एक्टीवेटेड हैं व 29356 विद्युत सखियां रजिस्टर्ड हैं। हाल ही में यूपीएसआरएलएम ने सीईईडब्ल्यू और एस आईआरडी यूपी के सहयोग से 14000 से अधिक नई विद्युत सखियों को प्रशिक्षित किया है ताकि एक्टीवेटेड विद्युत सखियों को बढ़ाया जा सके और इस कार्यक्रम की प्रगति को तेजी से बढ़ाया जा सके।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रदेश में 31000 विद्युत सखियों का कार्यबल तैयार करते हुए इस कार्यक्रम को विस्तार देना और ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता कवरेज में सुधार लाना है। विद्युत सखी कार्यक्रम रोशन गांव, सशक्त नारी, विद्युत सखी है पहचान हमारी के लक्ष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। चांदनी स्वयं सहायता समूह की प्रीति, जो लखनऊ के बख्शी का तालाब से एक विद्युत सखी हैं, ने बिल संग्रहण में अपनी मेहनत से अपनी ज़िंदगी बदल दी है ।इस कार्य से अर्जित आय ने उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता दी है, जिससे वे अपने घर के खर्चे संभाल रही हैं और कौशल विकास में निवेश कर रही हैं।उनकी सफलता ने समुदाय में उनका सम्मान बढ़ाया है और वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं, साथ ही उनके प्रयासों से बिजली सेवाओं में विश्वास बढ़ा है। प्रीति की यात्रा बताती है कि कैसे महिलाओं को सशक्त बनाकर समाज में बदलाव लाया जा सकता है।

## केजीएमयू में बनेगा अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुमंजिला भवन

लखनऊ। यूपी सरकार ने लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के दंत विज्ञान संकाय और क्वीनमैरी अस्पताल के एपेक्स वुमेन हेल्थ सेंटर के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुमंजिला इमारत बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) स्थित दंत विज्ञान संकाय और क्वीनमैरी अस्पताल के एपेक्स वुमेन हेल्थ सेंटर को अत्याधुनिक सुविधाओं वाली बहुमंजिला इमारतों से युक्त करने की तैयारी है।इस प्रक्रिया के जरिए जहां एक ओर दंत विज्ञान संकाय के लिए नये बहुमंजिला भवन का निर्माण होगा, वहीं दूसरी ओर क्रिटिकल केयर, मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स और एपेक्स वुमेन हेल्थ सेंटर को नया भवन भी मिलेगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग के भवन सेल (तकनीकी) के अंतर्गत नियोजन विभाग ने 198 करोड़ रुपये का खाका तैयार किया है। सभी निर्माण व विकास कार्यों को दो वर्षों की समयावधि में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।प्रक्रिया पूरी होने पर यह प्रयास मरीजों के लिए भविष्य की जरूरतों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का मार्ग सुनिश्चित करेगा।

# वृक्ष केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि जीवन के रक्षक हैं : आनंदीबेन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार यूपी सरकार द्वारा आयोजित 'वन महोत्सव 2025' के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के अतिथि गृह प्रांगण में अपने कर.कमलों द्वारा किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने

- राज्यपाल ने 'वन महोत्सव 2025' के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' वृहद वृक्षारोपण अभियान का किया शुभारंभ

रुद्राक्ष तथा लाल चंदन के पौधों का रोपण कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत कर पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों के अद्वितीय समन्वय का संदेश दिया।

राज्यपाल ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण नही, बल्कि जीवन के रक्षक हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान, प्रकृति और मातृत्व दोनों के प्रति हमारी श्रद्धा को अभिव्यक्त करता है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि एक ही प्रजाति के पौधों को एक स्थान पर रोपित किया जाए, जिससे उनका वैज्ञानिक और सौंदर्यात्मक विकास सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए ऐसे आयोजनों की निरंतरता आवश्यक है। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि राज्यपाल जी की प्रेरणा से विश्वविद्यालय द्वारा मियावाकी वन तथा चंदन वाटिका की स्थापना की जा रही है, जो पर्यावरणीय चेतना के प्रसार में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर अतिथि गृह प्रभारी डॉ. दीपेंद्र मोहन सिंह, नियंता प्रो. विनय कुमार सिंह, प्रो. संदीप दीक्षित, डा. महेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. अमित उपाध्याय, अभियंता शशांक श्रीनेत, शिक्षकगण सहित अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नगर निकायों की दुकानों में मिलेगा आरक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा में अपने कार्यालय में नगर निगम और सूडा के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानों और कीऑस्कों का आवंटन निर्धारित आरक्षण नीति के तहत किया जाए और इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र दिव्यांगजनों तक जानकारी पहुंचाई जाए।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बैठक में जोर देकर कहा कि नगर निगम और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग संयुक्त रूप से एक नई योजना का प्रस्ताव तैयार करें, जिसके तहत शहरों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से दुकानें बनाई जाएं और उन्हें संचालन का अवसर प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश है कि दिव्यांगजनों को न केवल शिक्षित किया जाएए बल्कि उन्हें स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाया जाए। दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री ने बताया कि वित्तीय

- नगर निगम और सूडा को निर्देश, पुनर्वास योजना के तहत दिव्यांगजनों को मिलेगा दुकान संचालन का अवसर

वर्ष 2025-26 में दुकान निर्माण एवं संचालन योजना के तहत 1318 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 199 दिव्यांगजनों को 19.90 लाख रुपये व्यय कर लाभान्वित किया जा चुका है।

इसके अतिरिक्तए जनपद स्तर पर 766 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी समीक्षा कर शीघ्र ही आवंटन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। योगी सरकार की इस पहल से न केवल दिव्यांगजनों को आर्थिक स्वावलंबन का अवसर मिलेगा, बल्कि सामाजिक समावेशन को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार का यह कदम दिव्यांगजनों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और उन्हें मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश के हजारों दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने नगर निगमों और नगर पंचायतों में बनने वाली दुकानों और कीऑस्कों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण लागू करने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत नगर निगम और सूडा (राज्य शहरी विकास प्राधिकरण) को निर्देश दिए गए हैं कि वे पुनर्वास योजना के तहत दुकानों का आवंटन प्राथमिकता से दिव्यांगजनों को करें।

## सूचना निदेशालय में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल का शुभारम्भ



लखनऊ। उप्र सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह ने मंगलवार को पं. दीनदयाल सूचना परिसर के मीटिंग हॉल में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जैसे टीवी चैनल, एफएम रेडियो, सिनेमा आदि को विभाग से जारी किए जाने वाले विज्ञापनों की जानकारी एवं संबंधित रिलीज ऑर्डर ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल व्यवस्था से अब विभिन्न मीडिया चैनलों को आरओ प्राप्त करने के लिए सूचना विभाग के कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। चैनल अपने आरओ को पोर्टल पर जाकर सीधे ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे। इस नई पहल से न केवल प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी बल्कि समय की भी बचत होगी तथा विभागीय कार्यों मैं .दक्षता और गति आएगी। इस मौके पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी संजय कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सादगी व संकल्प के साथ मना अखिलेश का जन्मदिन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन मंगलवार को राजधानी लखनऊ सहित पूरे देश और प्रदेश में करोड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में सादगी और संकल्प के साथ मनाया गया। देश भर से पार्टी सहित विभिन्न

- पार्टी के प्रदेश कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बधाई देने के लिए जुटे, ढोल नगाड़ें, केक काटकर, लड्डू बांटकर और भंडारा बांटकर बनाया जन्मदिन

दलों के नेताओं और समाज के हर तबके के लोगों ने अखिलेश यादव को अलग-अलग माध्यमों से जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी।

पार्टी के राज्य मुख्यालय में सुबह से ही उनको जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने बुके, पौधे तथा अन्य स्मृतिचिह्न अखिलेश यादव को भेंटकर जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में आये नेताओं, सांसदों, विधायकों, कार्यकर्ताओं और समाज सभी वर्ग के लोगों, महिलाओं बच्चों, युवाओं, अधिकारियों, व्यापारियों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, पूर्व सैनिकों, संतों-महात्माओं और उलेमा ने अखिलेश यादव को फूलमालाएं पहनाकर और बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी ।आये हुए लोगों ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होना तय है। इस नई राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनेगी और प्रदेश खुशहाली और प्रगति के रास्ते पर चलेगा। इस दौरान समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े की धुन पर खुशियां मनाई और प्रसन्नता व्यक्त की। पार्टी कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने भंडारे का आयोजन किया। केक काटे, फल, मिष्ठान और पान खिलाया ।इस अवसर पर अखिलेश यादव ने आये हुए समर्थकों, शुभचिंतकों द्वारा अपने प्रति प्रदर्शित प्रेम और सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# धनगर समाज को न्याय दिलाने के लिए रालोद संघर्षरतः डॉ. यशपाल बघेल

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ।राजधानी स्थित राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं अहिल्याबाई धनगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. यशपाल बघेल ने स्पष्ट किया कि धनगर समाज की जाति प्रमाण पत्र की लड़ाई में यदि किसी राजनीतिक दल ने कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया है, तो वह केवल राष्ट्रीय लोकदल है।

डॉ. बघेल ने कहा कि धनगर समाज के अधिकारों की रक्षा में पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह ने अपना पसीना बहाया और अब उनके उत्तराधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह इस संघर्ष को आगे बढ़ा रहे हैं। हाल ही में प्रशासनिक भ्रम के चलते धनगर को ₹धंगड₹ बताया गया, जिससे समाज में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हुई। इस पर चौधरी जयंत सिंह ने समाज को आश्वस्त किया है कि डबल इंजन की सरकार से मिलकर इस समस्या का स्थायी समाधान कराया जाएगा।

डॉ. बघेल ने कहा कि 1950, 1956, 1976 के राष्ट्रपति आदेशों में 'धनगर' जाति को अनुसूचित जाति के रूप में क्रमांक 27 पर अंकित किया गया था। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने 03/12/2012 को स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश में धंगड नहीं, बल्कि धनगर ही निवास करते हैं और उनमें सामाजिक छुआछूत की भावना भी पाई जाती है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रिट संख्या 40462/2009 पर 14-3-2012 को फैसला सुनाया कि धनगर जाति उत्तर प्रदेश में पाई जाती है और लाभ की पात्र है।

## ट्रेनों के किराये में वृद्धि पर लोकदल की कड़ी आपत्ति

लखनऊ। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने आम जनता पर एक और आर्थिक बोझ बढ़ाये जाने को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भारतीय रेलवे द्वारा जुलाई 2025 से यात्री ट्रेनों के किराये में की जा रही वृद्धि आम जनता पर एक और आर्थिक बोझ डालने जैसा है। यह निर्णय ऐसे समय लिया गया है जब देश की आम जनता पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक अस्थिरता से जूझ रही है ।लोकदल इस कदम की कड़े शब्दों में निंदा करता है और सरकार से मांग करता है कि रेलवे किराये में वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए। सरकार को यह समझना चाहिए कि ट्रेन आम आदमी की जीवन रेखा है। मजदूर, छात्र, किसान, छोटे व्यापारी, बुजुर्ग, सबकी निर्भरता इस सार्वजनिक परिवहन पर होती है।

# सरकार के निर्णय के खिलाफ कांग्रेसियों का प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार के 50 संख्या के कम संख्या वाले बच्चों के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को निकट की विद्यालयों पेयरिंग कर 27 हजार से विद्यालयों को प्रदेश भर में बंद करने के निर्णय के खिलाफ मंगलवार को कांग्रेसियों ने जमकर प्रदर्शन किया। सरकार के

- करीब 27 हजार से अधिक विद्यालय पूरे प्रदेशभर में बंद करने के निर्णय के खिलाफ किया प्रदर्शन

निर्णय के खिलाफ एनएसयूआई मध्यजोन के अध्यक्ष अनस रहमान एवं एनएसयूआई पूर्वी जोन के अध्यक्ष रिषभ पाण्डेय के संयुक्त नेतृत्व में मंगलवार को एनएसयूआई के सैकड़ों छात्रों ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से विधानसभा का घेराव करने के लिए कूच किया। मौके पर उपस्थित पुलिस बल द्वारा कार्यकर्ताओं को रोकने की



कोशिश की गयी। आक्रोशित छात्र जब बैरीकेडिंग तोड़कर आगे बढ़े तो एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं एवं पुलिस प्रशासन के बीच धक्का-मुक्की वा तीखी नोक-झोंक भी हुई।

इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों के समक्ष अपनी बात रखते हुए एनएसयूआई मध्य जोन के अध्यक्ष अनस रहमान ने कहा कि कल्याणकारी राज्यों में सरकारों का लक्ष्य सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का होता है। इसी सोच के साथ पिछली सभी सरकारों ने कार्य किया है, इतना ही नहीं संविधान के 86वें संशोधन के तहत कांग्रेस सरकार ने शिक्षा को मौलिक अधिकार बना दिया। मगर वर्तमान भाजपा सरकार ग्रामीण छात्रों को शिक्षा से वंचित रखना चाहती है ताकि वह सरकार की नीतियों के खिलाफ कोई आवाज न उठा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के द्वारा 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान किया गया। इस प्रकार सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने के लिए समय-समय पर केंद्र सरकारों ने कई योजनाएं चलायी, जिसके परिणामस्वरूप प्रत्येक किलोमीटर पर विद्यालय की स्थापना की गई। मगर उप्र की योगी सरकार बच्चों से शिक्षा का हक छीन लेना चाहती है और एक ऐसा प्रदेश बनाना चाहती है जहां शिक्षा के विद्यालय न हो बल्कि नफरत की पाठशालायें हों। अनस रहमान ने कहा कि यदि सरकार ने अपने इस निर्णय को वापस नहीं लिया तो अगले 25 दिनों में एनएसयूआई के द्वारा एक बड़ा आंदोलन किया जायेगा जिसमें एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी भी शामिल होंगे। एनएसयूआई पूर्वी जोन के अध्यक्ष रिषभ पाण्डेय ने कहा कि योगी सरकार निजी विद्यालयों को बढ़ावा देने के लिए सरकारी विद्यालयों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

# कर संग्रह के आंकड़े भारत की वास्तविक आर्थिक गति को दर्शाते हैं

## 5 वर्षों में दोगुनी हुई जीएसटी वसूली, मासिक औसत 1.84 लाख करोड़ के पार : डॉ. राजेश्वर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं भाजपा नेता डॉ. राजेश्वर सिंह ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच (ट्विटर) पर भारत की आर्थिक उपलब्धियों और कर-संग्रह

- भारत का बढ़ता टैक्स बेस विकास का आधार बन रहा है
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी का सुधार मॉडल
- केंद्र की राजकोषीय दृष्टि के साथ कदमताल राजेश्वर

के ऐतिहासिक आंकड़ों को साझा करते हुए कहा कि, कर संग्रह केवल आर्थिक आंकड़ा नहीं होता, यह जनता की भागीदारी, सरकार की पारदर्शिता और राष्ट्र के विकास में विश्वास का प्रमाण होता है।

डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत और उत्तर प्रदेश में हो रहे राजकोषीय सुधारों और आर्थिक मजबूती को रेखांकित करते हुए एक डाटा-संपन्न विवरण प्रस्तुत किया। वित्त वर्ष 2016-17 में 19.75 लाख करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 48.2 लाख करोड़ तक पहुँचने का अनुमान, यह आठ वर्षों में 2.4 गुना से अधिक वृद्धि दशार्ता है। जुलाई 2017 में लागू हुआ जीएसटी आज भारत की राजस्व रीढ़ बन चुका है, एफवाई21 में 11.37 लाख करोड़ से एफवाई25 में 22.08 लाख करोड़ – यानी 5 वर्षों में दोगुना संग्रह, एफवाई 25 में जीएसटी में 9.4% की वार्षिक वृद्धि, मासिक औसत ऋजीएसटी संग्रह 95,000 करोड़ ( एफवाई 22) से बढ़कर 1.84 लाख करोड़ ( एफवाई 25), जरएसटी पंजीकृत करदाताओं की संख्या 65 लाख (2017) से बढ़कर 2025 में 1.51 करोड़ से अधिक। एफवाई 2023-24 में कुल इनकम टैक्स संग्रह 19.58 लाख करोड़



(17.7% वृद्धि) ।व्यक्तिगत आयकर 10.44 लाख करोड़ (25% वृद्धि), कॉरपोरेट टैक्स 9.11 लाख करोड़ (10.26% वृद्धि), कुल करदाता संख्या 2014 में 6.9 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 15.7 करोड़ तक पहुँची। दिसंबर 2024 तक भारत का टैक्स राजस्व जीएसटी का 6.8% रहा, जबकि पहले यह आंकड़ा 9.1% तक था, इसका अर्थ है कि भारत के पास राजस्व गतिशीलता को और अधिक मजबूत करने की व्यापक संभावना है। कर आधार में अभूतपूर्व विस्तारः 6.9 करोड़ से 15.7 करोड़ करदाता। जीएसटी ने भारत को एकीकृत कर प्रणाली दी और राजस्व में तेज उछाल लाया। डिजिटल अनुपालन सुधार जैसेः ई-इनवॉइसिंग, ई-वे बिल, एआई आधारित विश्लेषण, फेसलेस मूल्यांकन प्रणाली। उच्च कर संग्रह ने सरकार को अवसंरचना, डिजिटल इंडिया, रक्षा, शिक्षा, और कल्याण योजनाओं में निवेश हेतु सक्षम बनाया। बढ़ते कर संग्रह का अर्थ क्या है? उत्पादन, आय, और खपत में तेजी। कर आधार का विस्तार और औपचारिकरणः अधिक लोग औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने। बेहतर शासन और तकनीकी अपनापनः डिजिटल टूल्स के माध्यम से पारदर्शिता और कर अनुपालन में सुधार। जन विश्वास में वृद्धिः नागरिक टैक्स देने को तैयार, जब शासन साफ और परिणामदायक हो। विकास के लिए संसाधनः शिक्षा, स्वास्थ्य, एआई शहरों, रक्षा और सामाजिक योजनाओं के लिए अधिक फंड। डॉ. राजेश्वर सिंह का निष्कर्षः ₹ये आँकड़े केवल आर्थिक प्रगति नहीं दिखाते, बल्कि यह मोदी मॉडल का प्रमाण हैं, जहाँ साहसी सुधार, ईमानदार शासन और तेज विकास के साथ एक ह्यनया भारतह्न आकार ले रहा है।₹ ₹प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुधारक कार्यशैली ने भारत को एक आत्मनिर्भर, पारदर्शी और भविष्य-उन्मुख कर व्यवस्था प्रदान की है।

## सीएम योगी, केशव और मायावती सहित कई नेताओं ने दी अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को उनके जन्मदिन पर मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बहुजन समाजवादी पार्टी की प्रमुख मायावती समेत कई नेताओं ने बधाई दी और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। योगी के बधाई संदेश पर सपा प्रमुख यादव ने उसी पोस्ट में जवाब देते हुए कहा, आपकी शुभकामनाओं के लिए हार्दिक धन्यवाद। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, कि सपा प्रमुख, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद अखिलेश यादव को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मौर्य ने इसी पोस्ट में यादव के दीर्घायु होने की कामना करते हुए कहा, कि भगवान प्रभु श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण और देवों के देव महादेव की कृपा से आपका स्वास्थ्य उत्तम और आप दीर्घायु हों। बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर बधाई संदेश में कहा, समाजवादी पार्टी के प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में सांसद अखिलेश यादव को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई तथा उनके सुखी व दीर्घायु जीवन की भी ढेरों शुभकामनायें। इस पोस्ट पर अपने जवाब में यादव ने लिखा, कि आपकी शुभकामनाओं के लिए हार्दिक धन्यवाद। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं। राय ने कहा, कि बाबा श्री काशीविश्वनाथ जी महाराज से आपके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की प्रार्थना करता हूं। हर हर महादेव। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष एवं पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सपा अध्यक्ष को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। अपना दल (एस) की अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक्स पर पोस्ट में कहा, कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद अखिलेश यादव को समस्त अपना दल परिवार की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। पटेल ने कहा कि ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करती हूं। आप जनसेवा के मार्ग पर निरंतर प्रगति व यश प्राप्त करते रहे। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) के अध्यक्ष एवं राज्य के मत्स्य मंत्री डॉ संजय निषाद ने भी सोशल मीडिया मंच पर अखिलेश यादव को उनके जन्मदिन की बधाई दी है।

संक्षेप

## मेड़ बांधने के विवाद में दो पर केस

प्रतापगढ़। मेड़ बांधने के विवाद को लेकर हुई मारपीट पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे शिवदीन तिवारी मंगापुर निवासी ओमप्रकाश यादव पुत्र भारत यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि मेड़ बांधने के विवाद को लेकर सत्ताईस जून की शाम करीब सात बजे गांव के छोटू यादव के पुत्र अर्जुन व लाला यादव के पुत्र रामकृष्ण ने मारपीट किया। गंभीर चोट लगने से पीड़ित के पिता बेहोश हो गये। आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। मामले में जांच के बाद उदयपुर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## तीन पर मारपीट व धमकी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। गालीगलौज मारपीट व धमकी को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के लकुरी निवासी रामआसरे मौर्य ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्तीस जून की शाम पैसे का तकादा करने पर आरोपीगण गांव के विशंभर पाण्डेय उर्फ संदीप, लवकुश पाण्डेय तथा संजय पाण्डेय ने उसके पुत्र रंजीत को जमकर मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी को लेकर दो पर केस

प्रतापगढ़। फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी को लेकर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के देउम पश्चिम निवासी आशीष त्रिपाठी पुत्र लक्ष्मीकांत ने उन्तीस जून को उदयपुर पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि आमीशंकरपुर झलिया गांव निवासी विनोद यादव व उनकी पत्नी पूजा ने फेसबुक पर ब्राम्हण समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की जिससे ब्राम्हण समाज में आक्रोश बना है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## हैंडपम्प की मरम्मत न होने की डीएम से हुई शिकायत

प्रतापगढ़। क्षेत्र के कौडियाडीह में कई माह से खराब पड़े हैण्डपम्प की मरम्मत न होने को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की गयी है। गांव निवासी नारायण दत्त शुक्ल ने जिलाधिकारी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि गांव में सार्वजनिक स्थान पर लगा हैण्डपम्प कई माह से खराब है। इस हैण्डपम्प से करीब दस परिवार के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध होता है। हैण्डपम्प खराब होने से लोगों को पीने के पानी के लिए खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि मामले की शिकायत कई बार पंचायत सेक्रेटरी व प्रधान से की गयी लेकिन शिकायत को अनसुना कर दिया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने जनहित में जिलाधिकारी से शीघ्र ही समस्या के निदान की मांग की है।

## वांछित गिरफ्तार

प्रतापगढ़। मुकदमें में वांछित आरोपी को लालगंज कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा दीपक यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। कहारन का पुरवा के समीप पुलिस को अपहरण का आरोपी गांव का ही राहुल यादव पुत्र बड़ेलाल दिख गया।

# शादी समारोह में डीजे पर नाचने को लेकर पथराव

### 4 पुलिसकर्मी घायल

संभल। जिले में सोमवार देर रात एक शादी समारोह में डीजे के तेज आवाज वाले संगीत पर नाचने को लेकर हुए पथराव में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस संबंध में 40 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और 22 लोगों को जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि बीती रात धनारी थाना क्षेत्र के गांव दरौली से आपातकालीन 112 नंबर पर सूचना मिली थी, जिसकी जांच करने पर पता चला कि एक शादी समारोह में 40-45 लोग डीजे के तेज आवाज वाले संगीत पर नाच रहे थे। इसी दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया और उनके बीच पथराव हो गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया जिस पर उन्होंने पुलिस पर ही पथराव कर दिया। इस घटना में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। एसपी ने बताया कि इस मामले में धनारी थाने में 40 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस घटना के सिलसिले में 22 लोगों को जेल भेजा गया है।

## बीएसएफ जवान की पत्नी से देवरों ने किया दुष्कर्म

पीलीभीत। जिले में बीएसएफ के जवान की पत्नी के साथ उसके दो देवरों ने कथित तौर पर कई बार दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया। मामले में ससुराल वालों समेत सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और एक देवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जहानाबाद थाने के प्रभारी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर सास और ससुर समेत सात लोगों के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। मिश्रा ने बताया कि आरोपियों में से एक देवर हरिओम को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है। पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# ढाबे में घुसी तेज रफ्तार कार एक की मौत, तीन घायल

हापुड़। जिले में एक तेज रफ्तार कार के अचानक ढाबे में घुस जाने के कारण वहां जन्मदिन मना रहे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी प्रेमिका समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार रात की है जब बुलंदशहर के फरादपुर गांव का अजीतपाल ( 34 ) अपनी प्रेमिका आकांक्षा के साथ उसके जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए हापुड़ के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में स्थित राजा जी ढाबे पर आया था।

पुलिस ने बताया कि दोनों ने साथ बैठकर केक काटा और खाना खाया। इसके बाद वे ढाबे के गेट पर टहलने के लिए बाहर निकले ही थे कि तभी वहां से गुजर रही एक तेज रफ्तार कार ने प्रेमी युगल को टक्कर मार दी।

इस हादसे में अजीतपाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आकांक्षा और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा इतना भीषण था कि ढाबे के भीतर बैठे लोग दहशत में आ गए और मौके पर अफरातफरी मच गई। अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक अजीतपाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि घायलों को हापुड़ के गढ़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है और मौके से फरार हुए चालक की तलाश में जुट गई है।

## सेवानिवृत्त अवर अभियंता को समारोहपूर्वक दी गयी विदाई



प्रतापगढ़। स्थानीय नगर पंचायत सभागार में मंगलवार को सेवानिवृत्त अवर अभियंता सुभाषचंद्र शर्मा को समारोहपूर्वक विदाई दी गयी। कार्यक्रम में चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी व अधिशाषी अधिकारी इंद्रप्रताप ने रिटायर्ड अवर अभियंता सुभाषचंद्र को प्रतीक चिन्ह व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन करते हुए चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने अवर अभियंता सुभाषचंद्र के द्वारा नगर विकास में दिये गये योगदान की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी व संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। सेवानिवृत्त अवर अभियंता सुभाषचंद्र शर्मा ने अपने कार्यकाल में जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय लोगों के सहयोग के प्रति आभार जताया। स्वागत प्रधानांकिक अनिकेत द्विवेदी एवं आभार प्रदर्शन रिंकू ने किया। कार्यक्रम में सभासद पन्नेलाल पाल, समाजसेवी पप्पू तिवारी, पवन शुक्ला, आशुतोष मिश्र, विनोद सिंह, जगदीश तिवारी बबलू ने सेवानिवृत्त अवर अभियंता सुभाषचंद्र शर्मा को सम्मान पत्र सौंपा। इस मौके पर विकास तिवारी, रोहित मिश्र, कुबेरपति मिश्र, पंकज मिश्र, अखिलेश, रवि, मुकेश तिवारी, सोनू मिश्र आदि रहे।

## मनरेगा कार्य में सरकार की नई नीति का प्रधानों ने किया विरोध



प्रतापगढ़। विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ में मंगलवार को प्रधानों ने मनरेगा कार्य में सरकार की नई नीति को लेकर विरोध जताया। प्रधानों ने मांग उठाई कि मनरेगा मजदूरी को बढ़ाया जाय। वहीं मनरेगा कार्य में चौकीदारी के विरोध को लेकर भी आवाज बुलन्द की। प्रधानों ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नही की जाएगी मनरेगा कार्य बंद रहेगा। इस मौके पर दिलीप पांडेय, आशीष सिंह, राजेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश यादव, चंद्रपाल, राकेश सिंह, गुलाम मोहम्मद, जमुना पांडेय, रमाशंकर, प्रधान प्रतिनिधि अशोक पांडेय, किशोरी लाल, आशुतोष सिंह, लालजी, प्रधान प्रतिनिधि अजय निर्मल, रावेंद्र प्रताप सिंह गब्बर, पिंटू जायसवाल, रामलखन, धीरज सिंह, रविशंकर शुक्ल, प्रमोद सिंह आदि रहे।

# क्षेत्रीय विकास में शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण

- राजकीय इंटर कॉलेज घुघूलपुर का भूमि पूजन व उद्घाटन सम्पन्न



बलरामपुर। घुघूलपुर क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में राजकीय इंटर कॉलेज घुघूलपुर का भूमि पूजन व उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के रजिस्टार एवं अपर जिलाधिकारी परमानंद सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कॉलेज का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज बलरामपुर के प्रधानाचार्य शिव प्रसाद शुक्ला तथा राजकीय इंटर कॉलेज बलरामपुर के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। रजिस्टार परमानंद सिंह ने उद्घाटन अवसर पर कहा कि क्षेत्रीय विकास में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इस विद्यालय के आरंभ से छात्रों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा और क्षेत्र के बच्चे एक आदर्श नागरिक बनकर देश का नाम रोशन करेंगे।

प्रधानाचार्य शिव प्रसाद शुक्ला ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह विद्यालय शिक्षा रूपी मंदिर है, जहां से छात्र अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। वहीं, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने कहा कि इस विद्यालय से न केवल घुघूलपुर क्षेत्र के बल्कि श्रावस्ती व बलरामपुर जिलों के छात्रों को लाभ होगा। इस अवसर पर श्री दुर्गा माई ट्रस्ट श्रावस्ती के प्रबंधक दिलीप कुमार मिश्रा, दिवाकर प्रसाद पांडे, स्थानीय अभिभावक, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा।

# प्रा.वि के मर्जर के फैसले को प्रमोद व मोना ने फौरन वापसी की उठायी मांग



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी व कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के जम्मू कश्मीर को लेकर दिये गये बयान पर तीखा पलटवार किया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि यह बयान पूरी तरह से पाकिस्तान की हताशा का परिचायक है। नेताद्वय ने कहा कि आपरेशन सिंदूर में फौज की मार का दर्द पाकिस्तान को साल रहा है। उन्होने कहा कि जम्मू कश्मीर की जनता ने भारत के संविधान में पूरी आस्था रखते हुए लोकसभा, राज्यसभा तथा विधानसभा के चुनावों में भागीदारी करते हुए अपने प्रतिनिधियों का निर्वाचन कर भारत के संविधान को स्पष्ट मान्यता प्रदान की है। विधायक आराधना मिश्रा व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पाक अनाधिकृत कश्मीर भी बहुत जल्द भारत का अभिन्न अंग होगा। नेताद्वय ने कहा कि पाकिस्तान को यह समझना चाहिए कि जम्मू कश्मीर की विधानसभा में सीटें रिक्त रखी गयी हैं। उन्होने कहा कि पाक के अनाधिकृत कब्जे वाले कश्मीर की वापसी के बाद यह रिक्त सीटें वहां के प्रतिनिधियों का इंतजार कर रही हैं।

## दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा

सिद्धार्थनगर- पुलिस की प्रभावी पैरवी का नतीजा सामने आया है। आपरेशन कन्विक्शन के तहत दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को कोर्ट ने दोषी करार दिया है ! अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम मोहम्मद रफी ने आरोपी रमई मौर्या को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 9 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। यह मामला थाना मोहाना का है, जिसमें आरोपी के खिलाफ धारा 376, 452, 504 और 506 के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में जिला मॉनिटरिंग सेल और थाना मोहाना पुलिस ने इस मामले में मजबूत पैरवी की।

# संचारी रोग नियंत्रण व स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ



बलरामपुर। 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं स्कूल चलो अभियान द्वितीय फेज का शुभारंभ कंपोजिट विद्यालय रामनगर ग्राम जोरावरपुरा विकासखंड बलरामपुर से विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर पल्टूराम एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसका विधायक सदर , डीएम व अन्य सभी गणमान्य द्वारा सराहना एवं उत्साहवर्धन किया गया। विधायक सदर एवं डीएम द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक सदर एवं डीएम द्वारा स्वच्छता रैली एवं स्कूल चलो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर पल्टूराम जी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सरकार द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। सरकार द्वारा संचालित योजनाएं धरातल पर उतर रही है एवं जनमानस को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मिशन कायाकल्प के तहत प्राइमरी विद्यालयों को मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त करते हुए कॉन्वेंट स्कूलों से भी बेहतर बनाने का कार्य सरकार द्वारा किया गया है। स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ हुई है , जिससे जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि सभी स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं , संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा स्वच्छता एवं स्वच्छता से जुड़ी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## सीडीओ ने किया दस्तक संचारी कार्यक्रम का शुभारंभ



मेरठ। मंगलवार को पुलिस लाइन स्वास्थ्य केंद्र पर दस्तक संचारी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी श्री मति नूपुर गोयल द्वारा किया गया साथ ही हरि झंडी दिखा कर रैली का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी द्वारा किया गया जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कटारिया द्वारा सभी विभागों के साथ समन्वय करते हुए हर घर दस्तक देकर आशा आंगनबाड़ी एवं सभी विभागों के द्वारा दस्तक संचारी के लिए जागरूक करने का संदेश दिया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अंकुर त्यागी के द्वारा जनमानस से आग्रह किया गया कि सभी अपने घर में पानी के रुकाव एवं सफाई और मच्छरों से रोकथाम के लिए जागरूक रहकर दस्तक संचारी अभियान को सफल बनाने का प्रयास करें। कार्यक्रम में नगर निगम और शिक्षा और सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे

# रिक्रूट आरक्षियों संग एसपी ने रोपा पौधा



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के नेतृत्व में आज पुलिस लाइन भिनगा में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में प्रशिक्षण प्राप्त रिक्रूट आरक्षियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सैकड़ों पौधे रोपित किए।

कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाना भी था। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चौरसिया ने जवानों को संबोधित करते हुए वृक्षों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ह्ववृक्ष केवल ऑक्सीजन के स्रोत नहीं बल्कि हमारे भविष्य के संरक्षक हैं। उन्होंने सभी आरक्षियों से अपील की कि वे प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और अपने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करें। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि प्रत्येक रिक्रूट आरक्षी को एक पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी दी गई, ताकि वृक्षारोपण एक स्थायी और सार्थक अभियान बन सके। पुलिस विभाग की यह पहल सामाजिक चेतना और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का एक शानदार उदाहरण मानी जा रही है। यह वृक्षारोपण अभियान हरित भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है और समाज को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है।

# जाली नोटों की आपूर्ति करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

### 15.16 लाख के जाली नोट बरामद

मुजफ्फरनगर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में जाली नोटों की आपूर्ति करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने एक वाहन से 15.16 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट जब्त किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि जिले के फुगाना थाना क्षेत्र में एक अभियान के दौरान 500, 200 और 100 रुपये के जाली नोट बरामद किए गए। कुमार ने बताया कि तीन आरोपियों गौरव, अभय और अंकित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दो आरोपियों गौरव और अभय को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि तीसरा फरार है। उसे गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। नकली नोटों को ले जाने के लिए इस्तेमाल की गई गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे दिल्ली और उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर नकली नोट छापकर उनका इस्तेमाल कर रहे थे। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नकली नोट ले जा रहे वाहन को रोका।

## आगरा से लापता युवक का शव मिला

हाथरस। जिले में सहपऊ कोतवाली क्षेत्र के दोहई गांव में मंगलवार को एक खेत में स्थित कुएं में 20 वर्षीय एक युवक का शव मिला है। उसने बताया कि यह युवक आगरा का रहने वाला था और 27 जून से लापता था।

पुलिस के मुताबिक आगरा के कोतवाली हरीपर्वत थानाक्षेत्र के सुल्तानगंज पुलिया का कुणाल प्रजापति 27 जून को थोड़ी देर में लौटकर आने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। पुलिस का कहना है कि परिजनों ने उसको काफी तलाशा, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका, तब पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर उसकी गुमशुदगी दर्ज की थी। आगरा के हरी पर्वत पुलिस ने इस संबंध में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और उनमें से एक युवक को लेकर हाथरस आई थी जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने मंगलवार सुबह कुणाल का शव बरामद किया। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि गुमशुदगी के सिलसिले में आगरा से पुलिस एक युवक को अपने साथ लेकर आई थी और उसी की निशान देही पर कुणाल का बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी थाना कोतवाली क्षेत्र के समोगरा गांव में गृह कलह के चलते लगभग 25 वर्षीय युवक ने सोमवार की रात घर के कमरे में फंदे से लटकता शव मिला, घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मंगलवार की सुबह लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कोतवाल संतोष कुमार तिवारी के अनुसार समोगरा गांव में पारिवारिक कलह के चलते दीनानाथ गौड़ 25 पुत्र राम कला गौड़ ने सोमवार की रात्रि लगभग बारह बजे घर के कमरे में फंदे से लटककर अपनी जान दे दिया। घटना की सूचना पाते ही रात्रि लगभग दो बजे कोतवाली पुलिस टीम मौके पर गई और लाश को कोतवाली ले आई। मंगलवार की सुबह लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना का कारण गृह कलह बताया जा रहा है। मृतक का विवाह एक वर्ष पूर्व हुआ था। और घटना के समय उसकी पत्नी अपने मायके में थी। सूचना मिलने के बाद वह मंगलवार की सुबह आई है। इस घटना से पत्नी, मां सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। साथ ही गांव के लोग शोकाकुल हैं।

## पुलिस कर्मी की सड़क हादसे में मौत

सिद्धार्थनगर- आपरेशन त्रिनेत्र/कवच में तैनात आरक्षी आशुतोष सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। आशुतोष सिंह कुशीनगर जिले के अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के भलुट्टी गांव के रहने वाले थे। 30 जून को वह बांसी सर्किल क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के भौतिक सत्यापन के लिए गए थे। वापसी के दौरान जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के सूपाराजा के पास उनकी दुर्घटना हो गई। थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्हें जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर ले गए। अस्पताल में इलाज के दौरान आरक्षी आशुतोष सिंह ने दम तोड़ दिया। सिद्धार्थनगर पुलिस ने दिवंगत आरक्षी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। पुलिस विभाग ने कहा कि वे इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ हैं।

# मेडा चालक की मौत का जिम्मेदार कौन ?

- इलेक्ट्रिशियन की ड्यूटी निभा रहा था हेल्पर ,इलेक्ट्रीशियन रहता है मेडा से गायब

मुकेश कुमार गुप्ता

मेरठ । मेरठ विकास प्राधिकरण मेडा के बिजली एलिवेटर वाहन चालक की दर्दनाक मौत का जिम्मेदार मेडा के अधिकारी हैं या फिर इलेक्ट्रीशियन ? यह एक बड़ा सवाल मेडा के कर्मचारियों तथा शहर की जनता के बीच खड़ा है।

30 जून सोमवार को देर शाम पोस्टमार्टम के बाद पांडव नगर जे ब्लॉक स्थित आवास पर चालक छोटेलाल का शव पहुंचा तो परिवार तथा आसपास के क्षेत्र में मातम छाया हुआ था लगभग 8 बजे सूरजकुंड श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया , छोटेलाल के पुत्र दिनेश ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। लेकिन सवाल यही उठता है कि आखिर मेडा अधिकारियों की लापरवाही के चलते जिस तरह सोमवार को अवैध कॉलोनी तोड़ने गई टीम पूर्व की तरह बिजली के खंबे गिराने के लिए बिजली काटने को इलेक्ट्रिशियन के स्थान पर हेल्पर को ले जाया गया और हेल्पर ही पूर्व में भी बड़ी लाइन से बिजली नियम विरुद्ध काटता रहा है इस सबके बावजूद सब कुछ पता होने के बाद भी मेडा के अधिकारी क्यों सोते रहे, क्या वह इसी तरह की बड़ी घटना का इंतजार देख रहे थे।

यदि हम सूत्रों की माने तो हेल्पर गया प्रसाद मैट के पद पर मेडा में तैनात है लगभग 1990 में उसकी नियुक्ति मेडा में हुई थी लेकिन इस कर्मचारी का आज तक नियमितीकरण नहीं हुआ लेकिन लंबे समय से अधिकारियों की कृपया दृष्टि के चलते मेडा के विद्युत विभाग में ही हेल्पर के पद पर रहते हुए एलिवेटर वाहन पर चल रहा था और यही कर्मचारी अवैध कॉलोनी तोड़ने के समय बिजली की बड़ी लाइनों से बिजली काटता था जो बिजली विभाग से बिना शटडाउन लिए इस कार्य को अंजाम देता था कल की घटना में मैट गया प्रसाद को भी एक नया जीवन मिल गया वरना जिस तरह का हादसा था हेल्पर गया प्रसाद को भी बड़ी दिक्कत हो सकती थी ।सूत्र बताते हैं की डेढ वर्ष पूर्व भी मेडा की शताब्दी नगर योजना के डी पॉकेट 4सी में इसी तरह की एक घटना होने से बाल बाल बची थी लेकिन उस समय अवैध कॉलोनी का मामला नहीं था बल्कि योजना में लाइट सही करने का मामला था लेकिन उस समय एक इलेक्ट्रिशियन कर्मी वहां मौजूद था जिसकी सतर्कता से बड़ा हादसा होने से टल गया था। अब सवाल यही उठता है कि आखिर इलेक्ट्रीशियन लाल बहादुर शर्मा कहां रहते है और वह कल घटना के समय भी कहां थे ।

# संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का शुभारंभ

श्रावस्ती। प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार जनपद श्रावस्ती में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ए.के. सिंह ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को संचारी रोगों से बचाव व स्वच्छता के लिए शपथ भी दिलाई गई। यह अभियान 01 से 31 जुलाई तक जनपद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होगा। साथ ही 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जलभराव रोकने, मच्छरों से बचाव आदि के प्रति जागरूक करेंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपील की कि बुखार होने पर बिना देरी के नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं और मुफ्त इलाज प्राप्त करें। बिना चिकित्सकीय सलाह के कोई दवा न लें। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि दिमागी बुखार से डरने की जरूरत नहीं है, समय पर इलाज से इसे ठीक किया जा सकता है। घरों में पानी जमा न होने दें, मच्छरदानी व मच्छररोधी उपायों को अपनाएं, दरवाजे-खिड़कियों में जाली लगाएं और जेई के दोनों टीके बच्चों को अवश्य लगवाएं।



इस अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कलाकार शाहिद रजा एवं उनकी टीम द्वारा संचारी रोगों पर जागरूकता गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिससे उपस्थित जनसमूह प्रभावित हुआ। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वी0के0 श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी भिनगा डा0 अनीता शुक्ला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

## बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चौरीचौरा के वार्ड 13 मुहल्ला बाल बुजुर्ग निवासी 65 वर्षीय जयराम राजभर चार दिन पहले सांड के हमले से घायल हो गए थे। मेडिकल कालेज में मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बताते चलें कि जयराम राजभर 28 जून को भैंस चराकर घर जा रहे थे। रास्ते में अचानक सांड सांड ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने गंभीर दशा में इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।

## किशोरी ने फांसी लगाकर जान दी

इकदिल, इटावा। किसी बात से छुब्ध नाराज होकर किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी करली। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। गांव ददोरा में रहने वाले सुनील कुमार की 14 वर्षीय बेटी दीक्षा सोमवार को घर पर अकेली थी। मां और पिता दोनों लोग किशनी के पास गांव नेगमा में रिश्तेदारी में तेहरवीं के निमंत्रण में गए थे। तभी किशोरी ने अकेले में मौका पाकर बाहर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और बरामदे में स्टील का टब रखके साइकिल के ऊपर चढ़कर पंखे में फंसी के फंदे पर लटक गई। शाम को छोटा भाई जब बकरी चराकर घर लौटा तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा न खुलने पर उसने दीवार से चढ़कर छत से अंदर झांककर देखा तो बहन फंदे पर लटकी हुई थी। उसने शोर मचाया तब आपस के लोग इकट्ठा हो गए और परिजनों को सूचना दी।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व. सम्पति प्रसाद निवासी-ग्राम कठिंगरा पोस्ट व थाना काकोरी जनपद लखनऊ का हूं। मेरे पुत्र श्वेतांक गौरव व पुत्रवधु रेनू के गलत चाल चलन के चलते घर में कलह पैदा करके यह लोग मेरी सम्पत्ति को तबाह व बर्बाद कर रहे हैं। इस कारण मैंने दोनों लोगों को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद से उनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की नहीं होगी। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# खूब पढ़ो बिटिया, फीस की व्यवस्था हम करेंगे

## जनता दर्शन में सीएम से मिलने आई पंखुड़ी ने कहा- महाराज जी मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस देने में हो रही दिक्कत



गोरखपुर। कोतवाली क्षेत्र के पुरदिलपुर की रहने वाली कक्षा सात की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन (एक जुलाई) आजीवन यादगार बन गया। फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही पढ़ाई में आड़े आ रही आर्थिक बाधा दूर हो गई। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी। वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे। यही नहीं, सीएम योगी ने साथ फोटो खिंचाने की उसकी इच्छा भी पूरी की। मुख्यमंत्री की सहृदयता से भावविभोर पंखुड़ी ने कहा-महाराज जी जैसा कोई नहीं है। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। समस्याओं के निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित कर रहे थे। मुलाकात करने वाले लोगों की कतार में कक्षा सात में पढ़ने वाली कोतवाली इलाके के पुरदिलपुर की रहने वाली बच्ची पंखुड़ी त्रिपाठी भी बैठी थी। मुख्यमंत्री जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए पंखुड़ी बोल पड़ी। महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इतंजाम करा दीजिए। मुख्यमंत्री रुक गए और आत्मीयता से संवाद कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी। पंखुड़ी ने बताया कि वह एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती है। पिता राजीव त्रिपाठी के दिव्यांग हो जाने से परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। मां मीनाक्षी एक शॉप पर नौकरी कर रही हैं। उसके अलावा कक्षा 12 में पढ़ने वाला भाई भी है। पंखुड़ी ने बताया कि फीस न जमा कर पाने के कारण आज वह स्कूल जाने की बजाय मुख्यमंत्री के पास मदद की गुहार लेकर आई है। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी की बातों को सुनने के बाद कहा, बिलकुल परेशान मत हो। पढ़ाई बाधित नहीं होने देंगे। फीस माफ कराने के लिए बात कराएंगे। और, माफ न होने की दशा में फीस का इंतजाम खुद करा देंगे। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीस के अभाव में पंखुड़ी की पढ़ाई रुकनी नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री से भरोसा मिलते ही प्रफुल्लित पंखुड़ी ने उनके साथ फोटो खिंचाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उसकी इस ख्वाहिश को भी पूरा कर दिया।

### जनता दर्शन में 100 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री ने, निस्तारण के लिए अफसरों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन दौरान करीब 100 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, सबकी समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। जनसमस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा इलाज में आर्थिक मदद के लिए अस्पताल से इस्टीमेट मंगाकर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## वृद्ध की ट्रेन की चपेट से मौत

इटावा। फ्रेंड्स कॉलोनी में सुंदर गांव के पास दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पार कर रहे वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वृद्ध अपनी बेटी के ससुराल आया हुआ था। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। औरैया के सहायल थाना में पुरवा फकीरे निवासी 85 वर्षीय बड़ेलाल सुंदर अपनी बेटी बबली के घर आए थे।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स संख्या UP412015000 1441 में मेरा नाम त्रुटिवश मोहम्मद शारिब हो गया है जोकि गलत है। जबकि अन्य सभी अभिलेखो मे सही नाम (Sharib Khan s/o Ishtiyaq Khan) है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से ही जाना व पहचाना जाये। शारिब खान पुत्र इश्तियाक खान निवासी-बदोसराय, बाराबंकी।

## लापता युवक बलरामपुर से बरामद

इटावा। भरथना कस्बे से 28 जून को लापता हुए युवक मनीष को पुलिस ने सकुशल बलरामपुर से बरामद कर लिया है। युवक के चेहरे पर चोट के निशान हैं। मुंह कपड़े से बंधा था। वह नशे की हालत में पाया गया। मनीष को देर रात इटावा लाया गया है। फिलहाल वह मानसिक व शारीरिक रूप से बयान देने की स्थिति में नहीं है। भरथना कस्बा निवासी शीला देवी ने 28 जून को कोतवाली में अपने पुत्र मनीष के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने मामला गंभीरता से लेते हुए अपहरण की आशंका पर काम करना शुरू किया। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सर्विलांस व एसओजी टीम को लगाया गया। तकनीकी साक्ष्य और खुफिया इनपुट के आधार पर पुलिस बलरामपुर पहुंची और सोमवार देर शाम मनीष को वहां से बरामद कर लिया। बरामदगी के समय मनीष के चेहरे पर चोटों के निशान थे, उसका मुंह कपड़े से बंधा था और वह नशे में धुत पाया गया। पुलिस ने बताया कि वह अभी कुछ भी स्पष्ट रूप से बता पाने की स्थिति में नहीं है। उसे मेडिकल जांच के बाद हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव बताया परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। अपहरण की आशंका के मद्देनजर टीमें गठित कर कार्रवाई की गई। युवक को सकुशल बरामद कर लिया गया है। युवक से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा- महामहिम राष्ट्रपति के उत्तर प्रदेश में मौजूद होने के बावजूद प्रदेश में अपहरण जैसी घटनाएं हो रही हैं। इटावा के भरथना में मनीष नामक युवक की किडनैपिंग और फिरौती के लिए जान से मारने की धमकी शर्मनाक है। भाजपा सरकार में आम नागरिक असुरक्षित हैं। अपराधों का ग्राफ बढ़ रहा है और मुख्यमंत्री पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। पुलिस जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करे और पीड़ित को न्याय मिले। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच का दायरा विस्तृत किया जा रहा है। फोन कॉल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज और लोकेशन ट्रेसिंग के जरिए पूरी घटना की परतें जल्द सामने आने की उम्मीद है।

## राज्यपाल ने समारोह में मौजूद स्कूली बच्चों से की भेंट, ऑटोग्राफ भी दिया



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर के लोकार्पण समारोह में उपस्थित स्कूली बच्चों से आत्मीयता के साथ भेंट की।

राज्यपाल जी ने बच्चों से संवाद किया, उनकी जिज्ञासाओं को सुना और उनके उत्साह को सराहा। बच्चों ने राज्यपाल जी से ऑटोग्राफ की इच्छा जताई और उन्होंने मुस्कुराते हुए सहजता से सभी को ऑटोग्राफ दिए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भटगवां, वि.ख. गौरीगंज, जनपद अमेठी**

पत्रांक मेमो/नि.का./मनरेगा/पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त/icds/राज्यवित्त/2025-26 दि.-01/07/2025

अल्प कालीन निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भटगवां वि.ख. गौरीगंज, जनपद अमेठी में मनरेगा/पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना/राज्यवित्त से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदाये दि.-09/07/2025 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 09/07/2025 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओं के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | भटगवां गौशाला से नाला तक पक्की नाली निर्माण कार्य | रु. 518108 | सीमेंट, मोरंग, बालू, गिट्टी, सरिया, प्रथम श्रेणी ईट, सीमेंट |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत भटगवां, विकासखंड गौरीगंज जनपद अमेठी

सचिव, ग्राम पंचायत भटगवां, विकासखंड गौरीगंज जनपद अमेठी

**कार्यालय ग्राम पंचायत जेठू मवई, वि.ख. गौरीगंज, जनपद अमेठी**

पत्रांक मेमो/नि.का./मनरेगा/पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त/icds/राज्यवित्त/2025-26 दि.-01/07/2025

अल्प कालीन निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जेठू मवई वि.ख. गौरीगंज, जनपद अमेठी में मनरेगा/पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना/राज्यवित्त से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदाये दि.-09/07/2025 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 09/07/2025 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत जेठू मवई में आंगन बाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य | रु. 1043500 | सीमेंट, मोरंग, बालू, गिट्टी, सरिया, प्रथम श्रेणी ईट, ईट की गिट्टी, पेंट, ग्रिल, लोहे के फ्रेम, दरवाजा, खिड़की, टाइलीकरण, विद्युत सामग्री, सेनेटरी सामाग्री आदि । |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत जेठूमवई, विकासखंड गौरीगंज जनपद अमेठी

सचिव, ग्राम पंचायत जेठू मवई, विकासखंड गौरीगंज जनपद अमेठी

**कार्यालय ग्राम पंचायत चंदईपुर, वि.ख. गौरीगंज, जनपद अमेठी**

पत्रांक मेमो/नि.का./मनरेगा/पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त/icds/राज्यवित्त/2025-26 दि.-01/07/2025

अल्प कालीन निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चंदईपुर वि.ख. गौरीगंज, जनपद अमेठी में मनरेगा/पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना/राज्यवित्त से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदाये दि.-09/07/2025 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 09/07/2025 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत चंदईपुर के प्राथमिक विद्यालय चंदईपुर में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य | रु. 1043500 | सीमेंट, मोरंग, बालू, गिट्टी, सरिया, प्रथम श्रेणी ईट, ईट की गिट्टी, पेंट, ग्रिल, लोहे के फ्रेम, दरवाजा, खिड़की, टाइलीकरण, विद्युत सामग्री, सेनेटरी सामाग्री आदि । |
| 2. | ग्राम पंचायत चंदईपुर के प्राथमिक विद्यालय धनापुर में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य | रु. 1043500 | सीमेंट, मोरंग, बालू, गिट्टी, सरिया, प्रथम श्रेणी ईट, ईट की गिट्टी, पेंट, ग्रिल, लोहे के फ्रेम, दरवाजा, खिड़की, टाइलीकरण, विद्युत सामग्री, सेनेटरी सामाग्री आदि । |

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत चंदईपुर, विकासखंड गौरीगंज जनपद अमेठी

सचिव, ग्राम पंचायत चंदईपुर, विकासखंड गौरीगंज जनपद अमेठी

## डॉक्टर का जीवन सेवा, समर्पण और करुणा का प्रतीक

### फातिमा अस्पताल में नेशनल डॉक्टर्स डे, -नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



चरगांवा, गोरखपुर। महानगर के पादरी बाजार स्थित फातिमा अस्पताल पर मंगलवार यानि एक जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया गया। नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ फातिमा अस्पताल के निदेशक फादर डा संतोष सेबास्टियन ने किया और सभी को डॉक्टर्स डे की बधाई दी।

फादर डा संतोष सेबास्टियन ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक मरीज के लिए डॉक्टर की डिग्री नहीं उसका व्यवहार व ईमानदारी से किया गया इलाज मायने रखता है। मरीज उसी डॉक्टर को पसंद करता हैं, जो मरीज को सच्चे मन से समझे और इलाज करे। डॉक्टर का त्याग अक्सर नजरो से ओझल रह जाता हैं वह दूसरों के सेवा में इतना डूबा रहता हैं कि अपने परिवार तक को समय नहीं दे पाता, डॉक्टर का जीवन सेवा, समर्पण व करुणा का प्रतीक हैं।

नेशनल डॉक्टर्स डे की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गई, डॉक्टर्स के सम्मान में केक काटे गए व डॉक्टर्स को उपहार दिए गए एक विशेष वीडियो क्लिप प्रदर्शित कर फातिमा अस्पताल के चिकित्सकों के कड़ी मेहनत व उपलब्धियों को दिखाया गया। कार्यक्रम में फातिमा अस्पताल के निदेशक फादर डॉ संतोष सेबास्टियन सहित एसोसिएट डायरेक्टर फादर शिंजो मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ० विनय सिन्हा, व मनीष सिंह सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे। फातिमा अस्पताल के एसोसिएट डायरेक्टर फादर शिंजो ने सभी डॉक्टर्स के प्रति आभार प्रकट किए।

# सपा ने अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया



इटावा। सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय पर अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी का जन्मदिन प्रदीप शाक्य बबलू जिलाध्यक्ष ने पूर्व राज मंत्री रामसेवक यादव, राघवेंद्र गौतम विधायक भरथना व वरिष्ठ नेताओं, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं के साथ हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया और उनके दीघार्यु होने की कामना की।

इस मौके पर सर्वेश शाक्य, उदयभान सिंह यादव, पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता संटू, अनीता यादव, लीलावती राजपूत, लाखन सिंह जाटव, सतीश सविता, केके यादव, फरहान शकील जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, राजपाल सिंह यादव, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, अनवार हुसैन, उत्तम सिंह प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, नफीसुल हसन अंसारी, अनुराग दोहरे, विक्की गुप्ता, सीमा यादव, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, नरेंद्र पाल, किशन यादव, उमेश राजपूत दुल्ले, शिवम राजपूत, अशीष राजपूत, रमेश यादव, देवेंद्र सिंह भदौरिया, अवधेश सविता, प्रवीन कुशवाह, संतोष राजपूत, संतोष राठौर, रामवीर सिंह यादव, मीरा गुप्ता, राकेश यादव, धीरेन्द्र यादव, नम्रता सिंह दोहरे, डॉ. विवेक चैधरी, नीतू सिंह, सूरजमुखी सुमन, विश्राम सिंह यादव, प्रदीप सोनी, मनोज राणा, जय सिंह चैहान, आनंद यादव, लंकू यादव, नितिन यादव, कमलेश चंद्र, पूरन सिंह यादव, सफी अहमद बालक, गंगाराम कुशवाहा, रामप्रताप सिंह, शत्रुघन यादव, बंटी यादव, सुनील कुमार, श्याम सिंह राजपूत, सुषमा सिंह, मालती यादव, रामबेटी गोयल, सूरजमुखी, पप्पू यादव, शशि यादव, संगीता राजपूत, अनिरुद्ध सिंह यादव, कमलेश यादव, जयवीर सिंह यादव, रविन्द्र यादव, शिवम पाल, रोहित श्रीवास्तव, अनवर सिंह जाटव, रामप्रकाश वर्मा, सरिता यादव, विशंभर सिंह यादव, संगीता राजपूत, मुस्तकीम राइन, लल्लू वारसी, लल्ला, अभिषेक यादव, देवेंद्र यादव मास्टर, अख्तर कपिल लकी, सुभाष यादव अखिलेश यादव, नीरज यादव, गोरखनाथ वर्मा, सुनील यादव, देवेंद्र यादव मास्टर, दाताराम सिंह बघेल, राजकुमार यादव रोहित राजपूत, चंदू यादव, दीपक सिंह पाल, उपदेश मिश्रा, राजकिशोर भोजवाल, दिनेश यादव, सुशील यादव, जमील अहमद, अरविंद यादव, विनय कठेरिया, रामप्रकाश यादव उर्फ पप्पू, जसवंत सिंह, कार्यालय प्रभारी जयचंद यादव, संदेशवाहक कैलाश नारायण गुप्ता, हेमंत बघेल, मनीष कठेरिया, संतप्रकाश यादव, रिजवान कुरैशी, जैनुल आब्दीन, अनीश चैधरी शामिल रहे।

## जिक्रे शोहदाए कर्बला का आयोजन



इटावा। जिक्रे शोहदाए कर्बला व हजरत डा. मुहम्मद ऐनुन नईम चिश्ती उर्फ डा. बन्ने मियां व फातिहा ख्वानी मरहूम सिराज चिश्ती नईमी के नौरंगाबाद स्थित आवास पर बाद नमाज जौहर तक आयोजित किया गया। यह आयोजन हाजी रईस अहमद चिश्ती व मोहम्मद लईक वारसी की ओर से किया गया। मेहमाने खुसूसी हजरत सैयद एजाज, सदारत मौलाना फुरकान रजा, मोहम्मद फैसल चिश्ती अकबरी, निजामत इंतखाब आलम रौनक इटावी ने की। हाफिज मोहम्मद अहमद अकबरी, हाफिज कैफ रजा, कारी शहबाज अनवर, कारी उमर बरकाती, सूफी अब्दुल सत्तार, सैयद हाशिम नईमी, हादी हसन हादी, आजम कादरी ने बेहतरीन अंदाज में कलाम पेश किये। इस मौके पर हाजी अजीम वारसी, शेख गुलशेर, वाईके शफी, गुड्डू मंसूरी, चमन वारसी, हाजी शेख शकील, मो. अनस, मो. अली, मो. अजीम, मो. असलम आदि तमाम लोग शामिल रहे।

## अमरनाथ यात्रा को भक्त रवाना हुए



इटावा। बाबा बर्फानी की अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ हो रही है जिसके लिए आज एक 17 सदस्यी जत्था गोमती एक्सप्रेस से रवाना हुआ।

कश्मीर की वादी में भोले शंकर की शादी में आदि नारे लगाते हुए ढोल नगाड़ों के साथ एक जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ यात्रा में मुकेश कुमार पाल राम सिंह चीनू पोरवाल संदीप गुप्ता सुमित जैन रोहित पोरवाल दीपू पोरवाल चित्रांशु तोमर अंशु कुशवाहा अशोक कुशवाहा गोविंद कश्यप कैलाश सौरभ चैधरी कुलदीप गोयल कृष्णा चतुर्वेदी ख्याली राम गीतम यश कश्यप शामिल हैं तीर्थ यात्रियों को अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के अध्यक्ष ओमरतन कश्यप उपाध्यक्ष जयसिंह चैहान भाजपा नेता चंदन पोरवाल अविनाश पाल चंद्रवीर सिंह चैहान राजकिशोर गिरी बबलू यादव हिमांशु कश्यप परमजीत कश्यप आदि ने फूल मालाओं से पहना कर रवाना किया।

## सुन्नी समाज ने सजेरी अलम, चौकियों का निकाला जुलूस



इटावा। हजरत इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में संजेरी, अलम, चैकियो का जुलूस मोहल्ला विशनू बाग गाडीपुरा से मोहम्मद जहीर उर्फ पिन्नक की देखरेख में उठाया गया। जुलूस शहर के प्रमुख मार्गो से मामा मिल कबीरगंज रामगंज चैराहा कटरा साहब खां दरगाह वारसी शाह कमर उर्दू मोहल्ला नया शहर मोहल्ला नौरंगाबाद कुचा शील चन्द साबित गंज सिंगल वाली मस्जिद बलदेव चैराहा होता हुआ देर रात को अपने मुकाम विशनू बाग पर समाप्त हुआ। संजेरी अलम चैकियों की छठा देखने लायक थी। जुलूस के अगले भाग में अलम ध्वज चल रहे थे, जिसपर ढोल तासों के साथ मातम हो रहा था। बैंड व मैटाडोर पर लाउडस्पीकर द्वारा कैस्टो से हजरत इमाम हुसैन की शहादत और शहीदाने कर्बला का मंजर मातमी धुनों के साथ हो रहा था। संजेरी जुलूस में अकीदतमंद श्रद्धालु या अली, या हुसैन के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। इसी क्रम में सजेरी जुलूस उर्दू मुहल्ला से मुहम्मद इकबाल कुरैशी पुत्र शहाबुद्दीन के की देखरेख जुलूस निकला। जुलूस में गुड्डू मंसूरी, पत्रकार मसूद तैमूरी, इन्तिजार अहमद खान, मोहम्मद रशीद, सौराब, आमीन, पप्पू, नौशाद, अजीम, समीर, यूनुस, युसूफ, नासिर ,आसिफ, लाडला, गुड्डु खलीफा शमशाद, नौशाद, मुमताज चैधरी आदि लोग शामिल रहे। इस दौरान वहां पर आए सभी लोगों का मोहम्मद जुहीर उर्फ पिन्नक ने साफा पहनाकर स्वागत किया।

## सीएमओ ने मेडिकल केयर यूनिट की रैली को रवाना किया



इटावा। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने एवं आम जनमानस को जागरूक करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीके सिंह ने मेडिकल केयर यूनिट रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो मेडिकल केयर यूनिट से होती हुई पचराहा चैराहा, राजागंज चैराहा, कोतवाली चैराहा, नगर पालिका चैराहा होते हुए मेडिकल केयर यूनिट पर संपन्न हुई मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बुके देकर डॉ. सत्येंद्र सिंह यादव देकर ने स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर श्रीनिवास यादव, डॉक्टर बीएल संजय, एसएन सिंह जिला मलेरिया अधिकारी, अनिल तोमर, डीएमसी अनुज बाजपेई, डीडीएम मनोज कुमार, प्रमोद कुमार यादव, आशीष राणा, श्यामवीर सिंह, गोपाल गुप्ता, नीतू कश्यप सुषमा यादव, नगरी क्षेत्र के कई स्कूलों के बच्चे एवं नगर पालिका के वाहन सहित व कर्मचारी ने रैली में प्रतिभा किया।

## अभद्र टिप्पणी करने पर मामला दर्ज

बकेवर, इटावा। सोशल मीडिया पर जाति वर्ग को लेकर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया।

उपनिरीक्षक पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मीडिया सेल के नंबर से एक वीडियो पुलिस को प्राप्त हुआ था जिसमे जांच कर अज्ञात आरोपित के विरुद्ध मामला दर्ज करने का निर्देश हुआ था।

## लाठी -डंडों से पीटकर किया घायल

बकेवर, इटावा। स्थानीय कस्वे से आटो में बैठकर इटावा जा रहे एक व्यक्ति को गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडो से मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल किया। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के शिव कॉलोनी के रहने वाले राज कुमार पुत्र छोटे लाल ने बकेवर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि वह बकेवर कस्वा के चैराहे से बैठक कर आटो से इटावा जा रहा था कि तभी दो नामजद आरोपित ने आटो रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे जब उसने गाली-गलौज करने से मना किया था।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं. 1. निविदा सं० वमंविइं–टीआरडी–लजं–ओटी–162, कार्य का विवरण – पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के रस्टी कैंटीलीवर को बदलने का कार्य। ई–निविदा बन्द होने की तिथि व समय – 28.07.2025 व 15.00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि व समय – 28.07.2025 व 15.30 बजे, अनुमानित लागत – 88,04,198.48 रू०, बयाना राशि – 1,76,100.00 रू०, निविदा मूल्य – 0.00 रू०, कार्य सम्पादन की अवधि – 09 माह।

नोट–1. इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। 2. विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की बेवसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

वरि० मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/लखनऊ

मुजाधि/विद्युत – 71

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## सर्पदंश से युवक की मौत

मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के वस्तरा पांडेय गांव में मंगलवार सुबह सर्पदंश की वजह से संजय पाल 23 वर्ष की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार संजय सुबह घर के अंदर किसी सामान को लेने गया था। इसी दौरान वहां छिपे एक विषैले सांप ने उसे डस लिया। संजय की चीख सुनकर परिजन दौड़े और उसे पास के देसी उपचार करने वाले व्यक्ति के यहां ले गए लेकिन तब तक उसकी हालत काफी बिगड़ चुकी थी। कुछ देर में उसने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि युवक की मौत सर्पदंश से हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है। संजय का विवाह करीब एक वर्ष पूर्व हुआ था लेकिन अभी तक कोई संतान नहीं थी। संजय की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी बेसुध हो गई है और पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## दो को आजीवन कारावास

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय रणजीत कुमार की अदालत ने 25 वर्ष पहले गोली मारकर हत्या करने के दो आरोपियों को आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपए अर्थ दंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार वादी मुकदमा अनिरुद्ध सिंह निवासी ग्राम उड़ली थाना सराय ख्वाजा ने मुकदमा पंजीकृत करवाया की आज से 4 दिन पहले उसके भतीजे देवेंद्र कुमार सिंह को अजय कुमार सिंह ने धमकी दिया था कि मेरे काम में दखल दोगे तो जान से मार दूंगा। इसके बाद वादी ने पंचायत बुलाई। पंचायत की सूचना पर आरोपीगण नाराज हो गए और दिनांक 30 अक्टूबर सन 2000 को जब वादी के भाई जनार्दन सिंह व भतीजा देवेंद्र सिंह बाजार से वापस आ रहे थे तो शाम 4: 30 बजे इटौरी बाजार के पास सोनिकपुर गांव निवासी सगे भाई अजय कुमार सिंह व विजय कुमार सिंह तथा एक अन्य व्यक्ति प्रमोद कुमार सिंह मिले और विजय व प्रमोद ने जनार्दन सिंह को पकड़ लिया और ललकारा कि इसे जान से खत्म कर दो। तब अजय कुमार सिंह ने जनार्दन सिंह को गोली मार दिया। घटनास्थल पर लोगों के एकत्रित होने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए एक ही मोटरसाइकिल से तीनों आरोपी भाग गए, दूसरी मोटर मोटरसाइकिल घटनास्थल पर छोड़ दिए। पुलिस ने विवेचना करके तीनों आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ताअरुण कुमार के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने विजय कुमार सिंह विद्यार्थी व प्रमोद कुमार सिंह को हत्या के आरोप में दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया।

## तीनों लापता किशोरियां बरामद आरोपित बंदी

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के देवकली गांव से भगाई गई तीनों किशोरियों को पुलिस ने सोमवार की शाम रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया। मामले में लखीमपुर खीरी के ईशाननगर थाना अंतर्गत मुगलीशपुर निवासी अतुल कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 26 जून को आरोपित शादी का झांसा देकर तीनों किशोरियों को बहला फुसला कर भगा ले गया था। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छानबीन शुरू की गई।

# बच्चों की तरह ही पौधों का भी संरक्षण करें: डीएम




जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा जिला महिला चिकित्सालय आजमगढ़ में पौधारोपण सप्ताह (01 से 07 जुलाई 2025) का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत 01 जुलाई को जन्म लेने वाले बच्चों के अभिभावकों को 01 पौधा एवं ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट भेंट कर पौधों का संरक्षण अपने बच्चों की तरह करने की अपील की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में 01 से 07 जुलाई तक वृक्षारोपण सप्ताह चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि आज जिन नवजात शिशुओं के अभिभावकों को 1-1 पौधा दिया गया है, उसका संदेश यह है कि जैसे भगवान ने उनके बच्चों को एक नया जीवन दिया है, उसी प्रकार पौधे को नया जीवन प्रदान करें। उन्होने कहा कि जनपद में पूरे 56 पौधे लगाये जाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन हमारी पौधशाला में 80 से 85 लाख पौधे पौधारोपण के लिए तैयार हो चुके हैं। उन्होने जन सामान्य से अपील किया है कि कम से कम एक पौधा अवश्य लगायें और यह पौधे वन विभाग की पौधशाला से मुफ्त में प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने कहा कि जो भी पौधे लगाये जायें, उनको संरक्षित करना आप सभी की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों एवं जन सामान्य से अपील किया है कि इस वृक्षारोपण अभियान में सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अभियान को सफल बनायें। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा जिला महिला चिकित्सालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर डीएफओ जीडी मिश्र, सीएमओ डॉ अशोक कुमार, एसीएमओ, सीएमएस जिला महिला अस्पताल डॉ विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ

मीरजापुर। प्रदेश के सभी जनपदो में एक जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से आशाओं एवं एएनएम व स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को घर के आस पास साफ सफाई रखने, गांव के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा समुदाय को साफ सफाई एवं स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने तथा यदि कोई बच्चा बुखार से पीड़ित होगा तो उसे तुरंत उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजे जाने एवं संचारी रोग अभियान के अन्य सभी बिन्दुओ के सम्बंध में लोगों को जागरूक करने हेतु शपथ दिलाकर शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचारी रोग अभियान को लोगो में जन जागरूकता लाने हेतु जागरूकता रैली का फीता काटकर एवं प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्वच्छता से सम्बन्धित शपथ उपस्थित सभी चिकित्सको द्वारा भी ली गई। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग अभियान में लगे सभी स्वास्थ्यकर्मी व इससे जुड़े अन्य सहयोगी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी अपना सहयोग प्रदान करे। उन्होंने पंचायती राज विभाग ग्रामीण क्षेत्रो में नालियों की सफाई, जल भराव समाप्त करने, हैण्डपम्पों का चिन्हीकरण, झाड़ियों की कटाई, हैण्डपम्पों का मरम्मत, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने लिए निर्देशित करते हुए कहा कि स्वंय मानिटरिंग करते हुए उपरोक्त कार्य सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रार्थना सभाओं में बच्चों को संचारी रोग अभियान के समय रोगो से बचाव व जागरूकता की जानकारी दी जाएं।

स्कूलों में पोस्टर प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता कराई जाएं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर बच्चों का चिन्हीकरण व यदि उन्हें बुखार आदि के लक्षण हो तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण व अतिकुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराना तथा नगरीय क्षेत्रो में नगर पालिका के द्वारा नालियों की सफाई, कूड़ा निस्तारण, फागिंग आदि कार्य रोस्टर बनाकर सुनिश्चित कराई जाए ताकि अभियान को सफल बनाया जा सकें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मुकेश सहित अन्य अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहें।

## आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव में एक व्यक्ति के कच्चे मकान में सोमवार रात बिजली के सार्ट सर्किट से आग लग गई। मकान में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। हलिया के हथेड़ा गांव में सोमवार देर रात कमलेश के कच्चे मकान में बिजली के सार्ट सर्किट से आग लग गई। परिजन मकान के अंदर थे आग की लपटे देखकर बाहर निकाल कर हल्ला गुल्ला किया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बाल्टी टुल्लू के सहारे आग को बुझाया तब तक कच्चा मकान आधा जल चुका था। मकान मे रखा गृहस्थी का सामान चावल, गेहूं, आटा, दाल, बिस्तर, चारपाई आदि जलकर राख हो गया। प्रधान प्रतिनिधि काशी मिश्रा ने बताया कि लगभग एक लाख की क्षति हुई है इसकी जानकारी राजस्व लेखपाल को दिया गया है।

## जलजमाव का एसडीएम ने लिया संज्ञान, कराई गई जल निकासी

मीरजापुर। हलिया क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित हथेड़ा गांव के राष्ट्रीय राजमार्ग 135 सी पर एक सप्ताह से भी अधिक समय से जलजमाव की विकराल समस्या बनी हुई थी। क्षेत्रीय लोगों द्वारा समस्या के निजात हेतु एसडीएम लालगंज संजीव कुमार यादव को अवगत कराया गया था। मामले को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम ने राजस्व विभाग और ग्राम प्रधान हथेड़ा को समस्या के निदान हेतु निर्देशित किया। एसडीएम के निर्देश पर मंगलवार सुबह लेखपाल पंकज सिंह प्रधानपति काशी प्रसाद मिश्र ने ग्रामीणों के सहयोग से श्रमिकों द्वारा नाली खोदवाकर जलनिकासी करवाया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण जलजमाव होने से लोगों को आवागमन में मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा था। जल निकासी के रास्ते का पटान और सड़क किनारे मकान निर्माण होने से पानी निकासी का रास्ता बंद हो गया था। जिसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ जलजमाव लोगों के लिए मुसीबत बन गया था। पानी की निकासी हो जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन सुचारू रूप से चालू हो गया है। लोगों ने एसडीएम के इस कार्य की सराहना की है।

## बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए किया प्रेरित

मीरजापुर। शैक्षिक सत्र 2025-26 में ग्रीष्मावकाश के पश्चात विद्यालय पुनः खुलने पर1 जुलाई 2025 को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा गोद लिये पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कछवा में स्कूल चलों अभियान के द्वितीय चरण के अन्तर्गत प्रातः 10 बजे उनके द्वारा स्वयं दो बच्चों आयुष पुत्र संजय व विनिश यादव पुत्र राजेश यादव का कक्षा 1 में नामांकन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के नव प्रवेशित बच्चों को रोरी का तिलक लगाकर व पुष्प से स्वागत किया गया। बच्चों को अपने हाथों से पुस्तक, स्टेशनरी सामग्री एवं चॉकलेटस का वितरण किया गया। बच्चे स्टेशनरी सामग्री व चॉकलेट पाकर आहलादित हुए। जिलाधिकारी द्वारा बच्चो को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्कूल चलो अभियान की रैली नगर पंचायत कछवां के विभिन्न वार्डो में स्लोगन, नारे लगाते हुए रैली निकाला गया। जिलाधिकारी द्वारा उक्त विद्यालय में 1540 मीटर का मल्टीपरपज हॉल व उसके ऊपर 86 मीटर का 05 कमरों का निर्माण करवाने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा राजकीय बालिका इण्टर कालेज कछवां का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय परिसर में एक आडिटोरियम बनवाने हेतु अधिशासी अभियन्ता नगर पंचायत कछवां को निर्देशित किया गया। साथ ही राजकीय बालिका इण्टर कालेज कछवा में स्मार्ट क्लास व कम्प्यूटर लैब के संबंध में पृच्छा की गयी। तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय बरैनी जिसके स्थान पर नवीन प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कराया जा चुका है पुराने खपरैल वाले विद्यालय को ध्वस्त कराकर पुनः उस स्थल पर चिल्ड्रेन पार्क अथवा ओपेन जिम के निर्माण हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कछवा व खण्ड शिक्षा अधिकारी मझवां तथा जिला सन्वयक निर्माण उपस्थित रहे।

## ओछी टिप्पणी करने वाले को भेजें जेलः पं. कुन्दन



आजमगढ़। ब्राह्मण समाज के विरूद्ध सोशल मीडिया पर अभद्र अशोभनीय जातिगत भावना भड़काने से आक्रोशित अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुंदन व प्रदेश अध्यक्ष शर्मानन्द पांडेय की अगुवाई में मंगलवार को डीएम कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया गया साथ ही असामाजिक तत्वों के खिलाफ गिरफ्तारी की पूरजोर मांग की गई।

जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए सभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन ने कहाकि इटावा मामले के आड़ में कुछ लोगों द्वारा ब्राह्मण समाज के लोगों के विरूद्ध अभद्र और ओच्छी टिप्पणी कर समाज में वैमनस्यता फैलाई जा रही है। यहां तक कि ब्राह्मण महिलाओं के विरूद्ध अभद्र शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। जिसको लेकर अतरौलिया, मुबारकपुर व देवगांव के चार युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है लेकिन आज तक इनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। जिसके कारण ब्राह्मण समाज में असंतोष व्याप्त है। प्रदेश अध्यक्ष शमार्नंद पांडेय ने कहा कि राष्ट्र व समाज के प्रति ब्राह्मण समाज समर्पित रहा है लेकिन कुछ लोग समाज को बांटने और राजनैतिक लाभ के लिए जातिगत टिप्पणी कर जहर फैला रहे है, जो निंदनीय है। इसका अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा विरोध करता है। उन्होंने सरकार से मांग किया कि जातिगत टिप्पणी करने वाले असामाजिक तत्व है, जिनके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिवंश मिश्र ने कहाकि प्रदेश का विकास एवं अमनचैन कुछ राजनैतिक नेताओं की आंखों में चुभ रहा है और इनके द्वारा समाज को भ्रमित करने के लिए समाज में वैमनस्यता फैलाया जा रहा है। ऐसे राजनैतिक नेताओं की पहचान हो चुकी और इनका तिरस्कार कर इन्हें सबक सीखाने की जरूरत है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अभिषेक पांडेय, दिलीप मिश्रा प्रवीण मिश्रा, चन्द्रजीत तिवारी, कन्हैया पांडेय, अंश मिश्रा, दुर्गेश पांडेय, नीरज तिवारी, जयप्रकाश पांडेय, धनश्याम पांडेय, देवेंद्र पाठक, बागेश्वर पांडेय, श्रीकांत आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने दिखाई संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को हरी झण्डी

- संचारी रोगों के रोकथाम के लिए डीएम ने दिलायी शपथ
- व्यक्तिगत साफ-सफाई के साथ ही अपने आस-पास साफ-सफाई एवं स्वछता रखें: जिलाधिकारी

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से 01 से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान (11 से 31 जुलाई 2025) की रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा संचारी रोगों के रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि कोई भी बुखार होने पर उस रोगी की खून की जांच नजदीकी सरकारी अस्पताल पर तुरन्त करायें। क्योंकि कोई भी बुखार दिमागी बुखार हो सकता है। दिमागी बुखार जानलेवा हो सकता है और रोग के उपरान्त शारीरिक एवं मानसिक विकलांगता भी ला सकता है। इसके अतिरिक्त कोई भी बुखार डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया, क्षय रोग आदि के कारण भी हो सकता है। इसलिए खून की जांच अति आवश्यक है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार द्वारा जानकारी दी गई कि इस अभियान में आशा और आंगनबाड़ी कार्यत्रियों द्वारा घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, दस्त रोग के लक्षण युक्त बच्चों एवं कुपोषित बच्चों को खोज कर उनका उपचार सुनिश्चित कराया जायेगा। एएनएमटीसी सेन्टर के प्रशिक्षु स्वास्थ्य विभाग/अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्था के सदस्यगण तथा मलेरिया एवं फाइलेरिया विभाग के समस्त कर्मचारियों ने रैली में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डा उमाशरण पाण्डेय अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा अब्दुल अजीज अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा एके चैधरी, डा अविनाश झॉ, नोडल अधिकारी वीबीडी एवं संक्रामक रोग, डब्लूएचओ एवं यूनीसेफ के जिला प्रतिनिधि, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव पाठक, जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमन्त सिंह आदि उपस्थित रहें।

## गांजा संग युवक गिरफ्तार, पुलिस ने किया चालान

बीजपुर (सोनभद्र)। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर जनपद में अबैध मादक पदार्थों की बिक्री और परिवहन करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ चलाएं गए रोकथाम और प्रभावी कार्रवाई के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक बीजपुर अखिलेश मिश्रा द्वारा गठित टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत भर्मण शील थी इसी दौरान सोमवार शाम मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिरसोती टोला नकटू पेट्रोल पंप के आगे पुलिया के पास एक सन्दिग्ध युवक को दिखाई देने पर उससे रोक कर पूछताछ और जामा तलाशी में उसके पास से एक किलो एक सौ पचास ग्राम नाजायज गाँजा बरामद होने पर विधिक कार्रवाई के बाद गिरफ्तार आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में सम्बन्धित न्यायालय के लिए मंगलवार सुबह चालान कर दिया।

## किसानों को रूला रही बिजली

जौनपुर। केराकत क्षेत्र में इन दिनों बिजली किसानों को आंसू बहाने पर मजबूर कर रहा है। विधुत का क्षेत्र में यह हाल है की धान की रोपाई सर पर होने के बावजूद आँख मिचैली खेल रही है। किसानों की विवशता भर ही है कि सरकार के लाख दावों के बावजूद अपने ही खेतिहर जीवन पर रोए या हसें असमंजस्य की स्थिति में पड़े हुए है। सरकार के वादे ताक पर धरी की धरी रह जा रही है। इन दिनों बजरंगनगर (दिशापुर) पॉवर हाउस से संचालित तीन फीडर सेनापुर, ब्राह्मणपुर, अमिहित ग्राम में इन दिनों विधुत किसानों को खून के आँसू बहाने पर मजबूर कर रही है। धान की रोपाई का उचित समय यही है पर सिंचाई के लिए विधुत का ना होना किसानों के लिए श्राप बना हुआ है। यहां न ही विद्युत की कोई व्यवस्थित संचालन न ही कर्मचारियों में कर्मठता। किसानों को तो मानों यहाँ के विधुत कर्मचारी आत्महत्या करवा के ही दम लेंगे। क्योंकि इन फीडरों पर कर्मचारी भी अपनी ही मनमानी तरीके से सर्कुलर के खिलाफ विद्युत देतें है। ऐसे में किसानों का काफी नुकसान हो रहा है। सरकार का नारा है की हम किसानों की आय दुगुनी करेंगे। लेकिन ये तो बता दीजिए की सकुर्लेशन के विपरीत विधुत किस हिसाब से किसानों की आय दुगुनी कर सकती है सरकार जिस तरीके से किसानों की आय दुगुनी करने की डुगडुगी पिटती है वह काफी काबिले तारीफ है।

## संचारी अभियान की रैली को किया रवाना



सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण से संचारी अभियान की रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा व मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार द्वारा रैली के साथ-साथ पैदल चलते हुए स्वच्छता अपनाने के लिए नगरवासियों को प्रेरित किये। रैली अभियान में स्वच्छता, रोग मुक्त जीवन, स्वस्थ्य पर्यावरण एवं स्वस्थ्य जीवन का संदेश लेकर आशा, आंगनबाड़ी, छात्र एवं सफाई कर्मियों ने नगर का भ्रमण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मलेरिया डेंगू डायरिया जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाव एवं जागरूकता के उद्देश्य से 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान जनपद में चलाया जाएगा।

## मां वैष्णों मॉडर्न पब्लिक स्कूल में मना प्रवेश उत्सव



सोनभद्र। गर्मियों की लंबी छुट्टियों के बाद माँ वैष्णों मॉडर्न पब्लिक स्कूल राबर्ट्सगंज में सोमवार से पुनः विद्यार्थियों की चहल-पहल लौट आई। विद्यालय खुलते ही परिसर एक बार फिर से मुस्कान, उल्लास और उमंग से भर गया। इस शुभ अवसर को प्रवेश उत्सव के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्रकृति मानो स्वयं इस अवसर की साक्षी बनी। हल्की फुहारों से नहाई धरती, ताजगी से महकती हवाएं और बादलों की ओट से झांकती सूरज की किरणें मानो शिक्षा की इस नई शुरूआत पर आशीर्वाद बरसा रही थीं। चारों ओर हरियाली का वह दृश्य, जैसे हर पौधा बच्चों के ज्ञान की यात्रा में सहभागी बनना चाहता हो। पत्तों की सरसराहट मानो कह रही हो सीखते चलो, बढ़ते चलो। विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यदेव कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, प्रवेश उत्सव केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि यह उन सपनों की शुरूआत है, जो हर विद्यार्थी की आंखों में पलते हैं। यह शिक्षा की एक नई यात्रा का पहला कदम है। विद्यालय प्रबंधक रमाशंकर दुबे ने भी अपने प्रेरणादायक शब्दों में शिक्षा को जीवन का आधार बताया और सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की दीवारों ने जैसे फिर से जीवन पाया और हर कोना बच्चों की किलकारियों से गूंज उठा। शिक्षकों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय कि कोआर्डिनेटर ऋचा पाण्डेय व अजय पाण्डेय, रिती अग्रहरी, प्रियंका शुक्ला, अर्चना द्विवेदी, पुष्पलता वर्मा आदि उपस्थित रहीं। प्रवेश उत्सव ने यह स्पष्ट कर दिया कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि वह उस वातावरण में भी समाहित होती है, जहाँ प्रकृति और बालमन एक साथ सीखने की यात्रा पर निकलते हैं।

## गाना बजाने को लेकर मारपीट, मची भगदड़

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सिहौली गांव में स्थित गोमतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में वैवाहिक कार्यक्रम में में म्यूजिक सिस्टम पर मनपसंद गाना बजाने के विवाद में हुई मारपीट में छह लोग घायल हो गए। पुलिस छह से सात आरोपितों को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई में जुटी है। वाराणसी के रेहारी गांव से बारात आई थी। द्वारचार की रस्म के दौरान म्यूजिक सिस्टम बज रहा था। बाराती नाच रहे थे। मनपसंद गाना बजाने को लेकर बारातियों के दो गुटों के बीच विवाद हो गया। इसके चलते म्यूजिक सिस्टम बंद करना पड़ गया। आधे घंटे बाद कुछ युवक तीन-चार बाइक से मुंह बांधे हॉकी-डंडा लेकर मंदिर परिसर में पहुंच गए। और बारातियों पर हमला कर दिया। पिटाई में छह लोग घायल हो गए। घरातियों बारातियों में भगदड़ मच गई। खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस हालात नियंत्रित कर मारपीट कर रहे आधा दर्जन आरोपितों को हिरासत में ले लिया। परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में मारपीट करने का पूरा घटनाक्रम कैद हो गया। पुलिस मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे फुटेज खंगाल रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय ने बताया कि छानबीन की जा रही है।

# युवक ने मां, पुत्र-पुत्री को मारी गोली



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जनपद के जहानागंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर में मंगलवार को दोपहर में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। वार्ड निवासी एक युवक ने पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर अपनी मां, बेटे और बेटी को गोली मारने के साथ ही खुद को भी गोली से उड़ा लिया। इस घटना में मां और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके बेटे को अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी अनुसार सरदार बल्लभ भाई पटेल मोहल्ला निवासी नीरज पांडेय (32) परिवार के साथ वाराणसी में रहता था। वह पेट्रोल पंप पर वाहनों में तेल भरने का कार्य करता था। एक सप्ताह पूर्व उसकी पत्नी, बच्चों के साथ गांव पहुंची थी। सोमवार की शाम वह भी वाराणसी से घर पहुंचा था। मंगलवार को दोपहर में किसी बात से नाराज होकर उसने अपनी मां चंद्रकला (55), पुत्री शुभी पांडेय (07) और बेटा संघर्ष पांडेय (04) को गोली मार दी। तीन लोगों को गोली मारने के बाद नीरज ने खुद को भी गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी को एंबुलेंस के जरिए जहानागंज स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने नीरज और उसकी मां चंद्रकला को मृत घोषित कर दिया। वहीं बेटी शुभी पांडेय और बेटे संघर्ष पांडेय की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां बेटे संघर्ष की मौत हो गई। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने संघर्ष पांडेय को भी मृत घोषित कर दिया, जबकि शुभी पांडेय का इलाज जारी है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने मौके से घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली है। वहीं इस संबंध में एसपी हेमराज मीना ने बताया कि पारिवारिक कलह और शराब के नशे में युवक द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। मां और बेटे की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। दोनों बच्चों को इलाज के लिए भेजा गया था, लेकिन नीरज के बेटे की भी मौत हो गई। बच्ची को भी पेट में गोली लगी है लेकिन उसकी हालत स्थिर है। घटना की जांच की जा रही है।

## सपाइयों ने आम जनमानस की सेवा कर मनाया अखिलेश का जन्मदिन

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने बताया कि पीडीए के जननायक अखिलेश यादव का जन्मदिन जिला पार्टी कार्यालय पर मनाया गया एवं जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि आज ऐसे देश के नेता का जन्मदिन है जो दूरदर्शी नेतृत्व समाजवादी मूल्यों के प्रतिबद्धता प्रदेश के भविष्य को नई दिशा देने वाले युवासोच, जनसेवा, किसानों, गरीबों, महिलाओं आदिवासियों और संघर्ष की पहचान यदि किसी नेता में है तो वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव में है इसलिए समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें और समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करें। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आदिवासियों के नेता हैं जो हमेशा आदिवासियों के विकास की सोच रखते हैं। आज हम लोग समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा एवं पूर्व विधायक रमेश चंद दुबे ने कहा कि आज हम लोग ऐसे महान नेताजी का जन्म दिन मान रहे हैं जो हर वर्ग के लोगों को एक साथ लेकर चलने का काम करते हैं। संगोष्ठी में मुख्य रूप से जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी राम भरोसे सिंह पटेल अनिल कुमार यादव वेदमनी शुक्ला राम प्यारे सिंह पटेल सुरेश यादव सुनील गौड़ अनिल प्रधान सरदार पारब्रह्म सिंह अशोक पटेल कृपा शंकर चौहान रमेश सिंह यादव गीता गौर डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल फारूक अली जिलानी जयप्रकाश शुक्ला हिदायतुल्ला खान आनंद पटेल रमेश कुमार वर्मा बिंदु यादव मिथिलेश सिंह प्रदीप यादव लाल्लू भारती के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संचारी अभियान की रैली को डीएम ने किया रवाना

जिला संवाददाता(vol)



- स्वच्छता, रोग मुक्त जीवन स्वस्थ्य पर्यावरण एवं स्वस्थ्य जीवन के लिए नगरवासियों को किया गया जागरूक

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के प्रांगण से संचारी अभियान की रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा व मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार द्वारा रैली के साथ-साथ पैदल चलते हुए स्वच्छता अपनाने के लिए नगरवासियों को प्रेरित किये। रैली अभियान में स्वच्छता, रोग मुक्त जीवन, स्वस्थ्य पर्यावरण एवं स्वस्थ्य जीवन का संदेश लेकर आशा, आंगनबाड़ी, छात्र एवं सफाई कर्मियों ने नगर का भ्रमण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मलेरिया डेंगू डायरिया जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाव एवं जागरूकता के उद्देश्य से 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान जनपद में चलाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि संचारी अभियान के अंतर्गत 11 विभाग आपसी समन्वय के द्वारा कार्य करेगे। जबकि दस्तक अभियान में आशा एवं आंगनबाड़ी बहुएँ घर-घर जाकर बुखार, क्षय, मलेरिया, फाइलेरिया रोगियों की एवं कुपोषित बच्चों की सूची बनाएँगी। इस अभियान में स्टॉप डायरिया कैम्पेन के अंतर्गत जिन परिवारों में बच्चे है उन घरों में 2 पैकेट ओ०आर०एस० प्रति बच्चे की दर से आशा द्वारा दिया जाएगा तथा दस्त वाले बच्चों को जिंक की गोली भी दी जाएगी। रैली के पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में वृक्षा रोपण महाअभियान 2025 अभिनव प्रयास कार्यक्रम के अन्तर्गत नवजात शिशुओं को और उनकी माताओं को ग्रीन गोल्डन सटिफिकेट के साथ सागौन और सहजन का पौधा भेंट किये। अभियान में पुलिस अधीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस समस्त अपर/ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी/ समस्त कर्मचारी नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज, साई नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राएँ, जिला मलेरिया अधिकारी व कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

संक्षेप

## सूचीबद्ध करने के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पहचान के निर्देश

**कुशीनगर।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में बताया कि परा विधिक स्वयं सेवक (पीएलवी) के रूप में सूचीबद्ध करने के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पहचान करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिनकी सामुदायिक सेवा में रूचि हो और कानूनी व नागरिक मुद्दों के प्रति बुनियादी समझ या रूझान हो, एवं पैनल अधिवक्ताओं के रूप में पैनलबद्ध करने के लिए ऐसे वकीलों की पहचान करने हेतु निर्देशित किया गया है जो सेवानिवृत्त कर्मचारी हो जिनमें वे भी शामिल है जो न्यायाधीश अधिवक्ता जनरल का कार्य किया हो। उन्होंने बताया कि उक्त से सम्बन्धित ऐसा कोई व्यक्ति हो जो कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर में परा विधिक स्वयं सेवक (पीएलवी) या पैनल अधिवक्ता के रूप में कार्य करने के इच्छुक है, वे 5.7.2025 तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर में सम्पर्क करें।

## होमगार्ड सम्मानित

**महराजगंज, रायबरेली।** विगत माह की भांति इस माह भी लोगों के प्रति अच्छा कार्य व्यवहार अच्छी ड्यूटी एवं साफ सुथरा वर्दी से प्रभावित होकर कोतवाली प्रभारी व पीसी इंद्रमणि सिंह द्वारा होमगार्ड बृजेश कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीओ, पेशकार अशफाक, सीओ दिवान सूरज कुमार वर्मा, एसआई दिनेश गोस्वामी, हेड मुहारिर रविकांत पाण्डेय ,दीवान अजय चैधरी, हिमांशु ,कुंदन, धर्मेंद्र कुमार, बी. ओ. राजेश कुमार राय, आदि मौजूद रहे।

## दिशा की बैठक 3 को

**देवरिया ।** डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ₹दिशा₹, देवरिया की बैठक 3 जुलाई 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित की जाएगी। यह बैठक सदर सांसद श्री शशांक मणि की अध्यक्षता में संपन्न होगी।

## स्वर्गीय प्रधानाचार्य को शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर ।** केएनटी पब्लिक स्कूल, कुड़वार के स्वर्गीय प्रधानाचार्य बृजेन्द्र कुमार सिंह (कार्यकालः 1 अप्रैल 2022 से 1 जून 2025) को श्रद्धांजलि देने के लिए विद्यालय परिसर में एक सादगीपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मंगलवार को किया गया। सभा में विद्यालय के मैनेजर डॉ. पंकज तिवारी सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। अभय सिंह, शनि सिंह, अमित पाण्डेय, अमित यादव, अम्बुज बरनवाल, घनश्याम पाण्डेय आदि शिक्षकों ने दिवंगत प्रधानाचार्य के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें समर्पित, अनुशासित व प्रेरणादायी शैक्षिक नेतृत्वकर्ता बताया। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। डॉ. पंकज तिवारी ने कहा कि श्री सिंह का योगदान हमेशा विद्यालय परिवार को दिशा देता रहेगा। उनका जाना शिक्षा जगत की अपूरणीय क्षति है।

# स्कूल की भूमि पर कब्जे को लेकर डीएम से की शिकायत



**सुलतानपुर (वीओएल)।** लम्भुआ तहसील क्षेत्र के ग्राम बिकवाजितपुर (बरई का पुरवा) में स्थित प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र की भूमि पर अवैध कब्जे और जल निकासी बाधित किए जाने को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि 17 जनवरी 2025 की रात करीब 1 बजे, रोहित चैरसिया, निवासी सिरवारा रोड सुलतानपुर, बुलडोजर लेकर आया और ग्राम प्रधान अजय कुमार श्रीवास्तव एवं लेखपाल राम बहाल चैरसिया की मिलीभगत से विद्यालय परिसर की बाउंड्रीवाल तोड़कर वहां सीमेंटेड पिलर लगाकर अवैध कब्जा कर लिया। प्रार्थी अवधेश कुमार चैरसिया ने बताया कि जहां बच्चों का खेल मैदान हुआ करता था, वह अब पूरी तरह कब्जे में चला गया है। इसके साथ ही विद्यालय से सटे पुश्तैनी तालाब को भी मिट्टी से भर दिया गया, जिससे गांव की जल निकासी अवरुद्ध हो गई है और आधे गांव में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की भौतिक जांच, अवैध कब्जे को हटवाने, तथा जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही फर्जी तरीके से किया गया 20 वर्ष पुराना पट्टा निरस्त करने की भी मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन को विवश होंगे।

## एसपी से कार्रवाई की मांग

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे भागू मजरे नाथ खेड़ा निवासी मनोज कुमारी पत्नी महेंद्र कुमार ने डलमऊ पुलिस से न्याय न मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने गांव निवासी शैलेंद्र कुमार एवं राम सुमेर पुत्र राम खेलावन पर आरोप लगाते हुए बताया कि वह 14 जून 2025 को अपनी बहन को देखने ग्राम कांघन खेड़ा पोस्ट राजा मऊ रायबरेली गई थी। इस दौरान आरोपियों ने उसके घर में रखे कीमती आभूषण 100 ग्राम व 35 ग्राम की पायल ढाई ग्राम सोने का मांग टीका दो सोने की अंगूठी जिसका वजन लगभग 3 ग्राम था तथा दो नाक की कील आदि चोरी कर लिया है। पीड़िता को घटना कि जानकारी 25 जून 2025 को हुई जब वह वापस अपने घर आई उसने तत्काल घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया। लेकिन आरोपियों को पकड़ नहीं गया जिसको लेकर पीड़ित ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

## दिव्यांगता प्रमाण पत्रः सभी बीआरसी कार्यालय पर कैंप का होगा आयोजन

**कुशीनगर।** सीएमओ अनुपम भास्कर ने मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में बताया कि (संबंधित नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि स्वंय लाभार्थी को ब्लॉक स्थित बीआरसी कार्यालय ले जा कर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाना सुनिश्चित करे) कि दिव्यांगजनों का कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण हेतु चिह्नीकरण तथा यूनिक आईडी कार्ड निर्गत हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन प्राप्त करने हेतु व दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने हेतु मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने हेतु विकास खंड पडरौना बीआरसी कार्यालय पर दिनांक 02.07.2025 को, विकास खंड विशुनपुरा के बीआरसी कार्यालय पर 4 जुलाई को, दुदही बीआरसी पर 7 जुलाई को, सेवरही बीआरसी पर 09 जुलाई को, तमकुहीराज बीआरसी के लिए 11 जुलाई को, फाजिलनगर बीआरसी पर 14 जुलाई को, कसया बीआरसी पर 16 जुलाई को, हाटा बीआरसी पर 18 जुलाई को, सुकरौली बीआरसी पर 21 जुलाई को, मोती चक बीआरसी पर 23 जुलाई को, कप्तानगंज बीआरसी कार्यालय पर 25 जुलाई को, रामकोला बीआरसी पर 28 जुलाई को, नेबुआ नौरंगिया बीआरसी पर 30 जुलाई को, विकास खंड खड्डा के बीआरसी पर 01 अगस्त, 2025 को बीआरसी कार्यालय पर कैंप के माध्यम से दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रत्येक कैम्प हेतु तिथिवार कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, द्वारा 06-06 चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है जिसमें आर्थो, ईएनटी, नेत्र सर्जन व पीडिया के विशेषज्ञ रहेंगे।

## स्कूल चलो अभियानः बच्चों का हुआ भव्य स्वागत

**अमेठी।** ग्रीष्मावकाश के उपरांत जिले में मंगलवार को स्कूल चलो अभियानके द्वितीय चरण की शुरूआत उत्साहपूर्वक हुई। इस अवसर पर जिले के समस्त परिषदीय विद्यालयों में नामांकित करीब 1.25 लाख बच्चों के सापेक्ष लगभग 72,000 बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गई। प्रथम दिन को एक उत्सव का रूप देते हुए विद्यालयों को विशेष रूप से सजाया गया। स्कूल परिसर को फूलों, पत्तों, रंगोली, झाड़ियों और गुब्बारों से आकर्षक रूप में सजाया गया, जिससे बच्चों में नए सत्र के प्रति उत्साह देखने को मिला। बच्चों का पारंपरिक तरीके से रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का हुआ शुभारम्भ



**देवरिया ।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहनों व जागरूकता रैली को रवाना कर किया। आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों पर नियत्रंण सरकार की प्राथमिकता है।सफल नीति के चलते ही जापानी इन्सिफेलाइटिस और एईएस में कमी आई है। संचारी रोगों के खात्मे के लिए जनभागीदारी बहुत जरूरी है। यदि लोग जागरूक हों और मच्छररोधी परिस्थितियां उत्पन्न न करें तो डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों को पनपने से रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग नोडल है और 13 विभाग इसमें सहयोग कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि एक से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। इसके साथ ही डायरिया रोको अभियान (स्टॉप डायरिया कैम्पेन) अभियान भी 31 जुलाई तक चलाया जा रहा है। इस अवसर पर एसीएम आरसीएच डॉ अजय शाही, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अश्विनी पाण्डेय, डॉ आरपी यादव, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, सीवीओ डॉ ऐके वैश्य, ईओ संजय तिवारी, डीपीएम राजेश गुप्ता, सहायक मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि, सहयोगी संस्था सीफार, यूनिसेफ के प्रतिनिधि व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित अन्य सहभागी विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## नवीन नामांकन के साथ ही शत-प्रतिशत ठहराव हमारा लक्ष्य : बीईओ

**बरहज (देवरिया)।** स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के पहले दिन भलुअनी के खण्ड शिक्षा अधिकारी सूरज कुमार सिंह द्वारा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बाकी सिंगही, उच्च प्राथमिक विद्यालय बाकी सिंगही व कंपोजिट विद्यालय बरौली करजही में छात्र -छात्राओं को चन्दन टीका लगाकर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया साथ ही स्कूल चलो अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासन व निदेशालय से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में डोर टू डोर कैंपेन व हाऊस होल्ड सर्वे का कार्य करते हुए विकासखण्ड अंतर्गत 6-14 आयु वर्ग के सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय की पंहुच सुनिश्चित कराने के साथ विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की संप्राप्ति ससमय करते हुए उनका शत-प्रतिशत ठहराव करना है जिसके लिए माननीय जनप्रतिनिधि गण ,ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समितियों के सदस्यगण व क्षेत्रीय प्रभावशाली तथा संभ्रांत व्यक्तियों का सहयोग लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि सभी परिषदीय विद्यालयों को लक्ष्य आवंटन करते हुए निर्देशित किया जा चुका है कि प्रत्येक दशा में 15जुलाई तक शत-प्रतिशत नामांकन करते हुए नवप्रवेशी नौनिहालों का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया जाए। बेसिक शिक्षा विभाग सभी नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण बुनियादी शिक्षा हेतु कटिबद्ध है।

## 42 वें राष्ट्रीय ताइक्वांडो में पदक जीत कर बेटियों ने बढ़ाया जिले का मान



**देवरिया ।** खेलो इंडिया की ओर से उत्तराखंड के कटारिया स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित 42 वें राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जिले की दो बेटियों ने परचम फहराया है। इन दोनों बेटियों ने पदक जीतकर जताया कि वह किसी से कम नहीं है। दोनों बेटियों ने उत्तराखंड के वंदना कटारिया स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित 42 वें राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पदक जीता है। पदक जीतकर वापस लौटी बेटियों के सम्मान में मंगलवार को शहर के एसएसबीएल इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।प्रधानाचार्य डॉ.अजय मणि त्रिपाठी ने उनको मेडल देकर सम्मानित किया। खेल के जिला महासचिव रामकेश सिंह की देखरेख में एसएसबीएल इंटर कॉलेज के प्रांगण में ताइक्वांडो प्रतियोगिता का प्रशिक्षण ले रही जिले की कृति यादव ने 50-59 किलोग्राम भार में उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल को हराकर कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। जबकि 33-37 किलोग्राम भार उड़ीसा, पंजाब और जम्मू कश्मीर को हराकर रजत पदक अपने नाम किया। सम्मान समारोह में सुमन सिंह, डॉ.ओमप्रकाश गुप्त, डॉ.संजय कुमार पांडेय, आदित्य त्रिपाठी, शशिभूषण शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली को सीडीओ ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**कुशीनगर।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारम्भ उच्च प्राथमिक विद्यालय रविन्द्रनगर से स्कूली बच्चों की जन जागरूकता रैली को सीडीओ ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। स्कूली बच्चे साफ-सफाई एवं संचारी रोगों से बचाव हेतु जन-जागरुकता अभियान के उद्देश्य के नारों की तक्थियाँ ले कर रैली मे आगे बढ़ रहे थे जिन पर जन-जागरूकता के नारे (बुखार में देरी-पड़ेगी भारी, सुकर, मच्छर, गंदा पानी-संचारी रोगों की रचे कहानी, चुहा, मच्छर और छछुन्दर आने ना दो घर के अन्दर, हम सबने ठाना है-संचारी रोग भगाना है) प्रदर्शित किये गये थे। रैली विद्यालय प्रांगण से रविन्द्र नगर चौराहे से होते हुए वापस विद्यालय प्रांगण मे आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान (1 से 31 जुलाई तक) का मुख्य उद्देश्य दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण सहित जल जनित रोगों एवं दस्त रोग से बचाव हेतु सघन अंतर्विभागीय गतिविधियां सम्पादित करनी है। इस अभियान से जुडे 12 विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसमें पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में वेक्टर नियंत्रण गतिविधियां, साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, नालियों की सफाई, शुद्ध पेय जल की उपलब्धता सहित वेक्टर नियंत्रण हेतु लावीसाईड का छिडकाव एवं फागिंग का कार्य किया जायेगा। जबकि शहरी क्षेत्र में नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, नालियों की सफाई, शुद्ध पेय जल की उपलब्धता सहित वेक्टर नियंत्रण हेतु लावीसाईड का छिडकाव एवं फागिंग का कार्य किया जायेगा। सभी विभाग स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी हाई रिस्क क्षेत्रों की सूची वाले गाँवों / मुहल्लों में अपनी अंतर्विभागीय गतिविधि सघनता के साथ सम्पादित करेंगी। दस्तक अभियान (11 से 31 जुलाई तक) के अन्तर्गत आशा एवं आंगनबाडी कार्यकत्री घर-घर भ्रमण कर बुखार के रोगियों एवं टी०बी० कुष्ठ, कालाजार, कुपोषित बच्चोंकी सूची, आभा आई०डी० का सृजन व दस्त रोग से बचाव हेतु आवश्यक ओआरएस / जिंक अपने साथ रखेंगी तथा दस्त रोग से पीडित व्यक्ति/बच्चों के मिलने पर उन्हे प्रदान करेंगी।

## 1 जुलाई से 30 सितंबर तक पंचायतों व ब्लॉकों में आयोजित होंगे बैंक जागरूकता शिविर

**देवरिया ।** भारत सरकार द्वारा संचालित जनधन योजना, जन सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना जैसी प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एवं जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक के नेतृत्व में जनपद की सभी बैंकों को 1 जुलाई से 30 सितंबर तक प्रत्येक ब्लॉक स्तर एवं ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक ने बताया है कि इन शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही, योजनाओं के पुनः सत्यापन की प्रक्रिया भी पूर्ण कराई जाएगी।

# स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ

**देवरिया ।** शैक्षिक सत्र 2025-26 में ग्रीष्मावकाश उपरांत विद्यालयों के पुनः खुलने के अवसर पर ₹स्कूल चलो अभियान₹ (द्वितीय चरण) का भव्य शुभारंभ विकास भवन, देवरिया के प्रांगण से किया गया। यह अभियान महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शानुसार 15 जुलाई, 2025 तक संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्यूष पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित



के अनुरूप प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना ही हम सभी का लक्ष्य है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण के दृष्टिगत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। जिलाधिकारी कहा कि श्रम का कोई विकल्प नहीं होता और मेहनत से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्रों से कठिन परिश्रम करने का आह्वान किया ताकि वे अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें। शिक्षकों को भी अपने कर्तव्यों का सम्यक निर्वहन करके एक शिक्षित समाज की आधारशिला रखने की बात कही।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में बताया कि ह्लस्कूल चलो अभियानह्व (द्वितीय चरण) का मुख्य उद्देश्य 6-14 वर्ष के सभी बच्चों को अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा से जोड़ना है। अभियान के अंतर्गत घर-घर संपर्क, प्रभात फेरी, जागरूकता कार्यक्रम आदि के माध्यम से बच्चों का स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही ड्रॉपआउट दर में कमी लाना तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने यह भी बताया कि समुदाय एवं अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए नामांकन एवं उपस्थिति बढ़ाने के लिए समर्पित प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार की ओर से समय से पुस्तकें, कॉपियां, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्वेटर आदि निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल रहा है। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने छात्रों की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली विकास भवन से प्रारंभ होकर ब्लॉक संसाधन केंद्र, देवरिया सदर पर सम्पन्न हुई। इसी प्रकार जनपद के समस्त ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर खंड शिक्षा अधिकारियों की देखरेख में जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में रैलियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी देवरिया सदर, जिला समन्वयक एमआईएस/सामुदायिक सहभागिता अंकित कुमार मिश्र, समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक ज्ञानेंद्र सिंह, निर्माण समन्वयक अनुज कुमार सिंह, बालिका शिक्षा समन्वयक संजय सिंह, व्यायाम शिक्षक संजय तिवारी, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक आशुतोष यादव, श्री राम यादव, नरेंद्र मोहन सिंह, रत्नेश सिंह, सुदेश्वर गुप्ता, कुलदीप, कनीय अभियंता, अमित कुमार श्रीवास्तव (एमआईएस इंचार्ज), अभिषेक श्रीवास्तव सहित अनेक शिक्षक/कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल को मिले 17 अवार्ड



**देवरिया ।** इंटरनेशनल मण्डल 3120 की 2024 - 25 के अवार्ड सेरेमनी समारोह सिद्धत्सव का आयोजन इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन प्रयागराज के सभागार में हुआ। जिसमें रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल को सत्र 2024 - 25 में किए गये कार्य को आकलन करते हुए कुल 17 अवार्ड प्राप्त हुये। अध्यक्ष डॉक्टर शर्मा ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3120 प्रत्येक वर्ष सत्र जुलाई से जून तक है ।प्रत्येक वर्ष अन्त जून माह में अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया जाता है इसमें रोटरी क्लब के कुल लगभग 100 क्लबों लोगों का प्रतिभाग होता है ।रोस्टेड क्लब के मंडल अध्यक्ष रो. पारितोष बजाज जी के हाथों प्लैटिनम प्रेसिडेंट का अवार्ड एवं प्लैटिनम मीडिया कवरेज अवार्ड के साथ उत्कृष्ट डायमंड क्लब के रूप में कुल 17 अवार्ड प्राप्त हुये । विशेष रूप से प्लैटिनम प्रेसिडेंट, मीडिया कवरेज,स्पेशल डायमंड क्लब, सामाजिक कार्य,लिटरेसी,ब्लड डोनेशन, रोटरी फाउंडेशन,मेम्बरशिप एक्सटेंशन,वार्षिक रिपोर्टिंग के अलावे अन्य कार्यों के लिए कुल 17 अवार्ड प्राप्त हुये । रोटेरियन सिद्धनाथ चतुवेर्दी जी के नेतृत्व में देवरिया से अध्यक्ष रो. डॉक्टर विपिन बिहारी शर्मा ,उपाध्यक्ष रो. इमरान लारी, पब्लिक इमेज अध्यक्ष रो. हिमांशु सिंह एवं संयुक्त सचिव रो. डॉ मनोज मद्धेशिया ने अवार्ड सम्मान समारोह सिद्धओतस्व में प्रतिभाग किया ।

## आरेडिका ने वित्तीय वर्ष के प्रथम 3 माह में किया सर्वोत्तम प्रदर्शन

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम तीन महीनों में कुल 429 कोचों का सफलता पूर्वक निर्माण किया है जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के 385 कोचों की तुलना में 44 कोच अधिक है। उत्पादित 429 कोचों में ह्यदीन दयालुह्न श्रेणी के सर्वाधिक 111 कोच, 83 स्लीपर कोच, 36 एसी-3 टियर कोच एवं 10 एसी-2 टियर कोच शामिल हैं। महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आरेडिका ने बीते दो वर्षों से उत्पादन वृद्धि की सतत वृद्धि बनाए रखा है और चालू वर्ष में भी यह रफ्तार लगातार जारी है। आरेडिका ने अपनी स्थापना से जून 2025 में 14,000वें कोच के उत्पादन का महत्वपूर्ण आंकड़ा भी पार किया है, जो कारखाने के इतिहास में एक और बड़ी उपलब्धि है।

### व्हील उत्पादन में भी अभी तक का बेहतर प्रदर्शन

वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले तीन महीनों में आरेडिका ने 15,088 फोर्ज्ड व्हीलों का उत्पादन किया, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि के 6,898 पहियों की तुलना में 119ः अधिक है ।महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने कहा कि ह्यह्यहम कोच निर्माण के साथ-साथ फोर्ज्ड व्हील उत्पादन में भी लगातार योजनाबद्ध तरीके से वृद्धि कर रहे हैं। इस वर्ष का हमारा लक्ष्य 50,000 से अधिक व्हीलों एवं 2,700 से अधिक कोचों का उत्पादन करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आरेडिका का प्रत्येक कर्मचारी, अधिकारी एवं संविदा कर्मी पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है ।ह्यह्यमहाप्रबंधक ने इस उत्कृष्ट कोच एवं व्हील उत्पादन उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी और आगे भी इसी ऊर्जा एवं समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# एनएसपीएस में सपा प्रदेश सचिव का हुआ स्वागत

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला में सपा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किये गए एनएसजीआई के संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ डॉ शर्मा का प्रदेश सचिव सपा के पद पर नामित होने के बाद स्कूल में प्रथम आगमन पर फूल-मालाओं से स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ शर्मा ने विद्यालय परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है जिसका निर्वहन पूर्ण मनोयोग से करेंगे और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पंहुचाने एवं संगठन को मजबूत करने की दिशा में पूरे समर्पण के साथ अपना दायित्व




निभाएंगे। डॉ शर्मा ने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बताते हुए कहा कि विद्यालय और अन्य सामाजिक कार्यों के माध्यम से मैं पहले से ही आम जनमानस के बीच उनके सुख दुःख में शामिल होता रहा हूँ और समाज के उपेक्षित एवं निर्धन परिवारों की मदद के साथ ही अब राजनीति के माध्यम से यह सेवा कार्य और बेहतर करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी में इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने के लिए अखिलेश यादव, प्रदेश नेतृत्व और जिला अध्यक्ष इ. वीरेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकानाएं दी । इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, राकेश अवस्थी, शाहीन खान, रामदेव शर्मा , अवधेश शर्मा, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षेणत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने जीआईसी के छात्र को किया सम्मानित

**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टर परीक्षा में जी.आई.सी. के छात्र सुरेश पाल पुत्र गंगाराम को हाईस्कूल की परीक्षा में 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिये कलेक्ट्रेट कार्यालय में टैबलेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सुरेश पाल ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की आयोजित हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद में नवम स्थान एवं विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर राजकीय इण्टर कालेज, रायबरेली को गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि विगत 20 वर्षो के पश्चात राजकीय इण्टर कालेज के छात्र सुरेश पाल द्वारा जनपद की टॉप-10 की सूची में नवम स्थान प्राप्त किया गया है।

## श्रद्धालुओं ने सुनीं विष्णु अवतार की कथाएं

**भटनी( देवरिया) ।** मिश्रौली दीक्षित गांव में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने भगवान नारायण के विभिन्न अवतारों की दिव्य कथाएं सुनीं। कथा व्यास पंडित वागीश मणि त्रिपाठी ने भगवान के कूर्म (कछुआ), वामन और मोहिनी अवतार के साथ समुद्र मंथन के अद्भुत प्रसंगों का रोचक और भावपूर्ण वर्णन किया। पं. त्रिपाठी ने बताया कि देवताओं और असुरों के बीच हुए समुद्र मंथन के दौरान भगवान विष्णु ने मंदराचल पर्वत को टिकाने के लिए कछुआ अवतार लिया। जब अमृत को लेकर विवाद हुआ, तब भगवान ने मोहिनी रूप धारण कर देवताओं को अमृत पान कराया और असुरों का विनाश किया। वामन अवतार का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि कैसे भगवान विष्णु ने एक छोटे ब्राह्मण बालक के रूप में अवतरित होकर राजा बलि से तीन पग भूमि मांगकर समस्त लोकों को नाप लिया। इन प्रसंगों के माध्यम से कथा व्यास ने यह संदेश दिया कि भगवान जब-जब धर्म संकट में पड़ता है, तब-तब विविध रूपों में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं। कथा के दौरान ह्यजय श्री विष्णुह्न, ह्यहरि नाम संकीर्तनह्न के जयघोष से वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। श्रद्धालु भावविभोर होकर कथा श्रवण करते रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालु उपस्थित रहे ।कथा स्थल पर विनोद दीक्षित, प्रधान राजकुमार यादव, अखिलेश दीक्षित,हरिशंकर दीक्षित, भगवान दीक्षित आदि उपस्थित रहे। कथा का अगला दिन श्रीराम और श्रीकृष्ण अवतार की लीलाओं को समर्पित रहेगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्सुकता है।

संक्षेप

## प्रधान पति व परिजनों पर जानलेवा हमला

**हरगांव (सीतापुर)।** दबंगों ने घात लगाकर हथियारों से लैस होकर रविवार देर रात ग्राम प्रधान ऊषा देवी के पति घनश्याम वर्मा व परिजनों पर सुनियोजित हमला कर दिया। जिसमें भतीजे समेत प्रधान पति मरणासन्न हो गये। गंभीर रूप से घायल प्रधान पति व उनके भतीजे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य घायलों के साथ इलाज लखनऊ में चल रहा है। घटना के आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजने की कार्रवाई की है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरिरामपुर के मजरा भैंसहा में सड़क पर निकलने को लेकर हुए विवाद में दो पक्ष आमने सामने आ गये। सूत्रों के अनुसार प्रधान पति घनश्याम अपने भतीजे उदित तथा अपने बेटों के साथ अपनी पुत्री की बीमारी की खबर पाकर रात के लगभग आठ बजे घोबहा जा रहे थे। गांव से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर विपक्षी अरविन्द, गोविन्द, करण, अर्जुन, पप्पू, दीपू आदि निवासी ग्राम भैंसहा अपनी चारपहिया गाड़ी और ट्रैक्टर को सड़क पर लगाकर प्रधान पति घनश्याम को रोक लिया और जानलेवा हमला कर दिया। जिससे घनश्याम और भतीजे उदित कुमार दोनों को गंभीर चोट आयी है। जिनका इलाज ट्रामा सेंटर लखनऊ में चल रहा है। पीड़ित पक्ष के वेदप्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सहकारी समितियों पर खाद उपलब्ध नहीं किसान परेशान

**पहला/बिसवां नगर (सीतापुर)।** विकासखंड पहला तथा बिसवां क्षेत्र के अधिकांश साधन सहकारी समितियों, कृषि केंद्रों पर यूरिया, डीएपी की आपूर्ति नहीं किए जाने से किसान परेशान हैं। किसान खाद के लिए समितियों का चक्कर काट रहे हैं। यह हाल इसी साल का नहीं है। प्रति वर्ष रबि तथा खरीफ फसल की बुआई के समय किसानों को समितियों पर खाद मिलना मुश्किल हो जाता है और किसान महंगे दामों में गुणवत्ता विहीन खाद लेने को मजबूर हो जाता है। गौरतलब हो कि सरकार के निर्देश के बाद भी साधन सहकारी समितियों पर खाद की आपूर्ति नहीं की गई है। यदि किसी केंद्र पर आपूर्ति की गई है तो वह ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर है। प्राइवेट दुकानदारों से एक तो महंगा दाम पर खाद खरीदना पड़ रहा है। वहीं उसकी गुणवत्ता की कोई गारंटी नहीं है। किसानों ने जिला प्रशासन से सभी साधन सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

## नौनिहाल को सर्प ने काटा, मौत

**सेउता (सीतापुर)।** थाना क्षेत्र रेउसा के एक गांव मे बीती रात छत पर सो रहे एक नौनिहाल को सर्प ने काट लिया। इलाज के दौरान नौनिहाल की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक बच्चे का पोस्टमार्टम सीतापुर भेज दिया। जानकारी अनुसार केवलपुरवा मजरा सेउता के राकेश जायसवाल का डेढ़ वर्षीय बच्चा स्वास्तिक अपनी मां के साथ छत पर सो रहा था। सोते समय स्वास्तिक को किसी जहरीले सर्प ने काट लिया। सांप काटने की घटना की जानकारी होने पर परिजन तत्काल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा ले गये। वहां पर बच्चे की गम्भीर हालत को देखते हुए महमूदाबाद ले गये। वहां भी हालत मे कोई सुधार नही होते देख परिजन बच्चे को सीतापुर जिला अस्पताल ले जा रहे थे। धीरे धीरे सर्प का जहर पूरे शरीर मे फैल गया और सीतापुर जाते समय रास्ते मे ही स्वास्तिक ने दम तोड़ दिया।

# जिला अस्पताल में मरीजों को बांटा दूध-ब्रेड व फल

### सपाइयों ने अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया, हालचाल जाना



**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा कार्यकताओं ने सेवा का उदाहरण पेश किया। सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों को फल और खाद्य सामग्री वितरित की गई। समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद इस्माइल ने पार्टी कार्यकताओं के साथ यह आयोजन किया। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, महिला वार्ड और जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों को दूध, ब्रेड और कैले बांटे गए। मोहम्मद इस्माइल ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा आम जनता और जरूरतमंदों की सेवा के लिए तत्पर रही है। उन्होंने बताया कि पार्टी अध्यक्ष के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में मंजीत यादव, नईम अहमद, सलीम खां, जाहिद हुसैन, शकील कुरैशी, अफजाल खां और रामआसरे यादव समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सभी कार्यकताओं ने मरीजों का हालचाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

## रेलिंग तोड़कर ट्रक नीचे गिरा

**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव।** स्थानीय क्षेत्र के अन्तर्गत हरदोई उन्नाव सडक मार्ग पर काली मिट्टी के निकट नाले के ऊपर बने पुल पर सामने से आ रहे डंपर को बचाने के चक्कर में बांगरमऊ की तरफ से आ रहा ट्रक रेलिंग तोड़ते हुए पुल के नीचे जा गिरा जिससे ट्रक क्षति ग्रस्त हो गया लेकिन गनीमत रही कि ट्रक में सवार ड्राइवर व उसका एक अन्य साथी हल्की चोट के साथ बाल बाल बच गए। बरेली से एक ट्रक मॉल लादकर कर कानपुर की तरफ सोमवार देर रात जा रहा था तभी काली मिट्टी चैराहे से आगे एक बड़े नाले पर बने पुल पर सामने से आ रहे डंपर से बचाने के चक्कर में चालक ट्रक से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक रेलिंग तोड़ता हुआ नीचे गिर गया। जिससे ट्रक के शीशे आदि टूट गए और उसकी कांच चालक को लग गई लेकिन कोई गम्भीर चोट न आने से चालक और उसका साथी बाल बाल बच गए।

# रोड पर बबूल झाड़ियों की शुरू की सफाई!

**खबर का असर**

**उन्नाव।** बारासगवर झेत्र के कुंभी, अकबरपुर से इन्देमऊ के जाने वाले रास्ते में सड़क के किनारे खड़े बबूल के पेड़ की झाड़ियों से दोनों ओर का मार्ग घिरा हुआ था। ग्रामसभा अकबरपुर प्रधान प्रतिनिधि राकेश सिंह से बातचीत करके इस समस्या से अवगत कराकर अखबार में खबर को प्रकाशित किया गया था। ग्रामसभा प्रतिनिधि राकेश सिंह ने इस समस्या को संज्ञान में लेकर तुरंत उस मार्ग के बबूल की झाड़ियों को जेसीबी से साफ कराया आने-जाने वाले लोगों को अब परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। बखूबी अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए प्रधान प्रतिनिधि ने लोगों को इस समस्या से निजात दिलाई।

**क्या बोले ग्रामसभा अकबरपुर प्रधान प्रतिनिधि राकेश सिंह**

उन्होने अखबार का धन्यवाद देते हुए कहा कि अब आने जाने वाले लोगो को सहूलियत होगी। कई बार इन झाडियों की वजह से हादसे होते थे। आगे बताया कि हम अपने ग्राम सभा की सफाई से लेकर पानी की किल्लत को उच्चाधिकारियों से कई बार पत्राचार कर चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। जल्द ही ग्रामीणों की पानी की समस्या भी दूर हो जाएगी।

## युवक ने कर ली आत्महत्या

**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव।** स्थानीय क्षेत्र के गांव बघौड़ा निवासी एक युवक ने अज्ञात कारणों से मंगलवार शाम गांव से दूर एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बघौड़ा गांव निवासी रोहन पाल का लड़का मदन पाल उम्र करीब बीस वर्ष आगरा में रहकर जे सी बी चलाता था। मंगलवार को वह अपने घर लौट रहा था। शाम को गांव से कुछ दूर भदेहरा गांव के निकट एक पेड़ से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। उधर से गुजर रहे लोगों ने घरवालों को सूचना दी। सूचना पाकर घरवाले मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घरवाले कोई कारण स्पष्ट नहीं कर सके।

# मिठाई की दुकान में लगी आग, 10 लाख का नुकसान




**सिधौली (सीतापुर)।** कस्बा स्थित बस स्टॉप के पास श्री नवल स्वीट्स में मंगलवार तड़के आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना सुबह करीब 3 बजे की है। जब शॉर्ट सर्किट के चलते दुकान में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि दुकान के अंदर रखा सारा सामान और फर्नीचर जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि जब आग की लपटें और धुआं तीसरी मंजिल तक पहुंचा, तो वहां सो रहा एक नौकर जाग गया और उसने शोर मचाकर नजदीकी बस स्टॉप पर खड़ी 112 पुलिस टीम को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत कोतवाली सिधौली और दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल विभाग के प्रभारी विजय बहादुर ने बताया कि आग बुझाने के लिए दुकान के साइड में लगे लोहे के दरवाजे को काटना पड़ा। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। दुकान मालिक कमलेश गुप्ता के अनुसार, आग से लगभग 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग बुझाने में फायरमैन ओमकार, विपिन कुमार, जीत तेवतिया, होमगार्ड रामचंद्र समेत सिधौली कोतवाली की पुलिस टीम सक्रिय रही। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। जिससे आसपास की इमारतों में आग फैलने से रोक ली गई।

## डिजिटल एक्सरे मशीन खराब, मरीज परेशान

**उन्नाव।** जिला अस्पताल के डायग्नोसिक सेंटर में लगी डिजिटल एक्स-रे मशीन दो दिनों से खराब होने के कारण मरीजों को मैनुअल एक्सरे किए जा रहे एक ही स्थान पर एक्सरे होने से मरीजों को लम्बी लाइन लगानी पड़ती है। मरीज अपना पहले एक्सरे कराने के लिए आपस में घक्का मुक्की करने पर आमादा हो जाते है। जिससे विभागीय कर्मचारी परेशान हो रहे है। बताते चले कि डायग्नोसिक सेंटर में लगी डिजिटल एक्स-रे मशीन तकनीकी खराबी होने के कारण मरीजों के एक्सरे नहीं हो रहे हैं। दो दिनों से डिजिटल एक्स-रे मशीन में तकनीकी खराबी होने के कारण मरीजों के एक्सरे होने होने बंद हो गए। जिला अस्पताल में मरीजों के सिर्फ मैनुअल एक्सरे हो रहे है। एक ही स्थान पर एक्सरे होने से मरीजों की संख्या अधिक होने से मरीजों काफी दिक्कते उठानी पड़ रहीं हैं। यहां तक मरीज पहले अपना एक्सरे कराने के लिए मारपीट करने में आमादा हो जाते है। कुछ मरीजों को निजी जांच केंद्रों पर जाना पड़ा। जिला अस्पताल की अव्यवस्थाएं घटनें की जगह बढ़ती जा रही है। बेहतर सुविधा देने की जगह मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं।

## दो पक्षों में मारपीट, पुलिस ने मामला दर्ज किया

**पाटन, उन्नाव।** मोटरसाइकिल व मोबाइल के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई घटना की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों से मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम हाता सुमेरपुर में अंकित कुमार पुत्र चंदिका प्रसाद जगदीश पुत्र बच्चू के बीच मोटरसाइकिल व मोबाइल के लेनदेन को लेकर 27 जून को गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई थी मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों को गंभीर चोटे आई थी और दोनों पक्षों ने घटना की शिकायत थाना पुलिस से की थी जगदीश द्वारा दी गई प्रार्थना पत्र पर घटना के बाद अंकित आदि पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था जबकि अंकित उपचार के बाद मंगलवार को तहरीर देकर घटना की शिकायत की पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मारपीट हुआ जान से मार देने की धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे को नाम जद कर तहरीर दी गई थी। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि दोनों की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## मार्ग दुर्घटनाओं में किशोरी सहित तीन लोग गम्भीर

**सिधौली (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को दो अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं स्कूटी सवार 18 वर्षीय किशोरी सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की हालत चिंताजनक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र सिधौली महमूदाबाद मार्ग पर मंगलवार को बीती रात गांव भण्डिया के निकट टेम्पो से टकराकर अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरे स्कूटी सवार दोनों युवक गंभीर रूप घायल हुये। घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत चिंताजनक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घायलों की पहचान दिनेश पुत्र अज्ञात निवासी गोमती नगर लखनऊ व जीतू पुत्र बसन्त निवासी लखनऊ के रूप में हुई है। वहीं कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को प्रातः एनएच-30 पर मनवा चैकी के निकट स्कूटी सवार नैंशी 18 वर्ष पुत्री मनोज हुसैनगंज सीतापुर अपनी स्कूटी से जा रही थी। अनियंत्रित होकर गिरी गंभीर रूप से घायल हुई। उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया है। जहां डॉक्टर द्वारा उपचार किया जा रहा।

## बीइओ सिधौली के कार्यभार में बदलाव

सिधौली (सीतापुर)। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने आदेश जारी कर खंड शिक्षा अधिकारी सिधौली संजय कुमार को निलबंन के उपरांत सीमी निगार को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। उनके स्थान पर विकास क्षेत्र पहला के खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पराज सिंह को सिधौली का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे दोनों क्षेत्रों का कार्य सुचारु रूप से संपादित करें।

## सरेशाम तीन नकाबपोश लुटेरों ने असलहा लगाकर की व्यापारी से लूट

- लाखों रुपये की ज्वैलरी व नकदी लूटकर लुटेरे हुए फरार हाथ मलती रह गई पुलिस

हरगांव (सीतापुर)। हरगांव थानान्तर्गत पुलिस चैकी मेवा राम नगर से चन्द कदमों की दूरी पर सरेशाम नकाबपोश तीन बाइक सवार लुटेरों ने दुकान बंदकर वापस अपनी बाइक से अपने घर जा रहे ज्वैलर्स एण्ड खाद व्यापारी से असलहा लगाकर बैग छीनकर फरार हो गये। व्यापारी के अनुसार लाखों की नकदी व ज्वैलरी बैग में थी। व्यापारी ने हरगांव थाने में तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव थाने की पुलिस चैकी मेवा रामनगर क्षेत्र में पुलिस चैकी से मात्र साढ़े 350मी की दूरी पर मेवारामनगर चैराहा बाजार से अपनी दुकान बन्द कर बीते दिवस की शाम लगभग सवा छः बजे बाइक से अपने घर जा रहे ग्राम मेंहदीपुरवा थाना तालगांव निवासी प्रशांत कुमार रस्तोगी पुत्र राकेश कुमार रस्तोगी से तीन बाइक सवार नकाबपोश लुटेरों ने असलहा लगाकर ज्वैलरी से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में कुछ नकदी भी मौजूद थी। व्यापारी प्रशांत रस्तोगी के अनुसार नगदी सहित ज्वैलरी की कुल लगभग दो लाख रुपये की लूट हुई है। प्रशांत ने बताया कि एक राहगीर का फोन लेकर अपने बड़े भाई शिवम रस्तोगी को लूट की जानकारी दी। बड़े भाई शिवम ने हरगांव पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ज्वैलर्स व खाद व्यापारी ने हरगांव थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। घटना की सूचना पाते ही हरगांव पुलिस व एस ओजी की टीम ने पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई है। इस सम्बन्ध में थाना हरगांव के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस व एसओजी की टीमें खुलासे के लिए लगा दी गई हैं। अतिशीघ्र लूट का खुलासा कर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## डीएम ने बच्चों का किया मिठाई से स्वागत

शाहजहाँपुर। ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात दिनांक 1 जुलाई 2025 को जनपद के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का पुनः संचालन प्रारंभ हो गया। इस अवसर को बच्चों के लिए विशेष एवं उत्साहवर्धक बनाने हेतु डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनपद में विशेष स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएम स्वयं कंपोजिट विद्यालय हथौड़ा पहुंचे, जहाँ उन्होंने बच्चों का पारंपरिक तरीके से रोली-टीका कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें डीएम ने स्वयं एक पौधा रोपित किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है और इसमें बच्चों का स्वागत पूरे आदर और स्नेह से होना चाहिए, जिससे उनमें स्कूल के प्रति आकर्षण और लगाव उत्पन्न हो। उन्होंने शिक्षकों से भी अपेक्षा की कि वे बच्चों के साथ स्नेहपूर्ण व्यवहार करें एवं उन्हें रुचिकर तरीकों से शिक्षा दें।

# सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का सपाइयों ने मनाया जन्मदिन

- सपाइयों ने नीम, बरगद का पौधरोपण कर जिला अस्पताल व महिला चिकित्सालय में मरीजों को फलों की टोकरी को किया वितरित



**सीतापुर।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव के नेत्रत्व में उनका जन्मदिन जिला कार्यालय पर बड़े धूमधाम से मनाया गया। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव इकबाल हुसैन अंसारी ने किया। जिसमें सबसे पहले जिला कार्यालय पर उनके दीघार्यु हेतु एक गोष्ठी करके उनके सतायु होने की कामना की। केक काटकर और बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया और जनपद के प्रमुख नेतागण व कार्यकताओं ने एक दूसरे को भी केक खिलाया। इसके उपरांत जिला चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव, एमएलसी जासमीर अंसारी, विधायक अनिल वर्मा व समस्त नेतागणों, कार्यकताओं के साथ मरीजों को फलों की टोकरी वितरित कर उनके दीघार्यु की कामना की।

गोष्ठी में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव सहित सभी लोगों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के इस शुभ अवसर पर हम सब उनके स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना करते हुए कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रकृति प्रेम को ध्यान मे रखते हुए पीडीए पेड़ हम सब मिलकर लगायेंगे। कार्यालय परिसर मे नीम व बरगद का पौधरोपण कर एवं यूथ जिलाध्यक्षों के द्वारा समस्त विधानसभा में पौधरोपण कर उनके दीघार्यु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे जनपद में पीडीए पेड़ के रूप में हम बरगद और पीपल नीम का पौधरोपण करेंगे। जो पर्यावरण के संरक्षण के साथ साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में सामाजिक समानता समता की प्राण वायु हर दिन हमको देंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के शुभ अवसर पर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में समाजवादी रक्तदान शिविर का आयोजन सयुस महासचिव रोबिन सिंह यादव एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव के अगुवाई में किया गया। रक्तदान शिविर में 21 यूनिट ब्लड डोनेशन किया। जिसमें रोबिन सिंह यादव, दिग्विजय सिंह देव, सचिन जायसवाल, असद अराफात, मुकेश यादव, मेराज अहमद, राजीव यादव, इकरार अहमद, अंकुर त्रिवेदी, आजम सिद्दीकी, नादिर प्रधान, अनस खान, मो0 सुहैल, अरशद खां, यशपाल यादव, सौरभ यादव, सुमित यादव, रजनीश यादव, शिवम् प्रजापति, वकील अहमद, अवनीश यादव ने अपना रक्तदान किया। इस अवसर पर एमएलसी जासमीर अंसारी, विधायक अनिल वर्मा, पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, रामहेत भारती, पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल, अनूप गुप्ता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव, प्रदेश सचिव शब्बीर खां, पूर्व जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष अशफाक खां, शिवपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा मुख्य मार्ग का निर्माण



**बिसवां नगर (सीतापुर)।** वर्षों से निर्माण की बाट जोह रहा गांव का मुख्य मार्ग आज भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। आलम यह है कि इस रास्ते पर होकर निकलना अब जोखिम भरा हो गया है फिर भी ग्रामीणों की लाख कोशिशों और जिम्मेदारों की मिन्नतें करने के बाद भी आज तक रास्ता नहीं बनवाया गया। वह जस का तस पड़ा हुआ है जिसका दंश ग्रामवासी झेल रहे हैं। बिसवां विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जहांगीराबाद के मजरा गांव छठवान में पश्चिम की ओर एक कच्चा रास्ता गांव में विनोद कुमार वर्मा के मकान के पास से उत्तर की ओर जहांगीराबाद-साण्डा पेंटेड सम्पर्क मार्ग तक गया हुआ है। जो काफी समय से जर्जर पड़ा हुआ है। जगह जगह गड्ढे हो गये हैं जिनमें होकर निकलना मुश्किल हो गया है। छठवान गांव वालों का यह मुख्य मार्ग है। इसकी लम्बाई लगभग 400 मीटर होगी। इसी रास्ते पर होकर ग्रामवासी अपने अपने खेतों-खलिहानों को जाते हैं। इन दिनों बरसात होने के कारण रास्ता और खराब हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि दर्जनों बार ग्राम प्रधान से मार्ग बनवाने को कहा गया लेकिन उन्होंने टाल दिया। हार थककर क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी से भी निवेदन किया गया। उनसे भी सिर्फ आश्वासन ही मिला। रास्ता न बनने से ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। रास्ते को बनवाये जाने के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी व ग्राम विकास अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि इस कार्य को कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है। बरसात के बाद बनवा दिया जायेगा। गांव के हरिनाम वर्मा, विनोद वर्मा, प्रमोद वर्मा, सर्वेश वर्मा, मोनू वर्मा, सुभाष वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, बैजनाथ वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, विनोद वर्मा, यदुनंदन सिंह वर्मा, प्रेम सागर वर्मा व गुड्डू वर्मा सहित दर्जनों लोगों ने इस रास्ते को बनवाये जाने की मांग की है।

## पूर्व चेयरमैन पर हमले की वजह चुनावी रंजिश व ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जेदारी सामने आ रही

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** स्थानीय क्षेत्र के कस्बा ऊगू में शनिवार को देर शाम पूर्व चेयर मैन के साथ नगर के ही दो लोगों द्वारा मारपीट की घटना के मामले में ग्राम समाज की भूमि पर हमला करने वालों द्वारा चुनावी रंजिश और अवैध कब्जा करना मुख्य कारण चर्चा में सामने आ रहा है। नगर वासियों के अनुसार कस्बा निवासी सुरेन्द्र ने गौशाला के निकट पड़ी भूमि पर कब्जा किए हुए हैं। जिसकी नापजोख राजस्व विभाग द्वारा की गई थी। लेकिन सुरेन्द्र ने कब्जा पूरी तरह से नहीं छोड़ा। नापजोख को लेकर सुरेन्द्र को शक था कि यह नापजोख पूर्व चेयर मैन अनुज दीक्षित ने कराई थी। इसी रंजिश को लेकर शनिवार को देर शाम जब अनुज दीक्षित अपने कारखाने की तरफ जा रहे थे तभी सुरेन्द्र और उनके पुत्र दीपू ने रास्ते में रोककर उनके साथ गाली गलौज किया। अनुज द्वारा विरोध करने पर पिता पुत्र ने अनुज की पिटाई कर दी जिसकी रिपोर्ट अनुज ने दर्ज कराई है। उधर एस डी एम सफीपुर शिवेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि भूमि की नापजोख के लिए राजस्व टीम का गठन किया गया है जो शीघ्र ही मौके पर जाकर जांच करेगी उसी के अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## शिक्षकों को पेन व छात्रों को पेंसिल, कटर बांटे

**बिसवां नगर (सीतापुर)।** नगर के प्रमुख समाजसेवी डॉक्टर लतीफ अहमद अध्यक्ष जन समाज वेलफेयर सोसाइटी बिसवां ने जुलाई के प्रथम दिन प्राथमिक विद्यालय चन्द्र नानक शाही मलिन बस्ती मुराऊ टोला, प्राथमिक विद्यालय अमर नगर, पूर्व मा. विद्यालय कम्पोजिट झज्झर व आदर्श प्राथमिक विद्यालय थवई टोला बिसवां में शिक्षकों को कलम व विद्यार्थियों को पेंसिल, कटर व टाफी बांटी और उन्के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नीति आयोग के जारी डेल्टा रैकिंग में बिसवां पहुंचा 6वें स्थान पर

**बिसवां नगर (सीतापुर)।** जनपद सीतापुर के आकांक्षात्मक विकासखंड बिसवां ने विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। नीति आयोग द्वारा जारी डेल्टा रैंकिंग में वर्ष 2024-25 की शुरूआत में विकास खंड बिसवां की रैंकिंग प्रदेश के 108 आकांक्षात्मक विकासखंडों के सापेक्ष 56वें स्थान पर थी, वहीं मार्च 2025 में जारी डेल्टा रैंकिंग में यह प्रगति करते हुए उत्तर प्रदेश में 6वें स्थान पर पहुंच गया है। यह उपलब्धि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की कुशल नेतृत्व क्षमता, सतत निगरानी एवं नियमित समन्वय बैठकों के कारण संभव हो सकी। जिला स्तर पर विकासखंडों की निरंतर समीक्षा, विभागीय तालमेल एवं फील्ड में परिणाम आधारित क्रियान्वयन से बिसवां को यह महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। नीति आयोग द्वारा प्रत्येक आकांक्षात्मक विकासखंडों की प्रगति की समीक्षा पाँच प्रमुख क्षेत्रों-स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध सेवाएँ, आधारभूत संरचना तथा सामाजिक विकास से संबंधित सूचकों के आधार पर की जाती है। विकास खंड बिसवां ने इन सभी क्षेत्रों में उत्तरोत्तर सुधार करते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय ने खंड विकास अधिकारी बिसवां सुमित सिंह, राजेश श्रीवास्तव (ए0डी0ओ-पंचायत), अरुणेश्वर सिंह (ए0डी0ओ-सांख्यिकी), ए0बी0पी0 ध्सी0एम0 फेलो ओंकार प्रसाद गुप्ता, सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को भविष्य में भी इसी प्रकार प्रतिबद्धता, समर्पण एवं टीम भावना के साथ कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया। यह सफलता विकास खंड-बिसवां को प्रेरित करेगी कि वह राज्य और राष्ट्र स्तर पर विकास की ऊँचाइयों तक पहुँचे।

# नवागत एसडीएम का बिसवां लायर्स एसो. ने किया स्वागत



**बिसवां नगर (सीतापुर)।** बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा राजेन्द्र सभागार, तहसील परिसर में अध्यक्ष कमलेंद्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में गरिमामय स्वागत समारोह का आयोजन नवागत उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला एवं उपजिलाधिकारी, न्यायिक अवनीश कुमार, प्रथम के सम्मान में किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता समुदाय की भारी उपस्थिति रही और आयोजन पूर्ण हर्षोल्लास तथा आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ।

समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात अधिवक्ता गणों ने परिचयात्मक क्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वरिष्ठ अधिवक्ता राज शर्मा ने अपने उद्बोधन में बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। नवागत उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने अपने सम्बोधन में आश्वस्त किया कि शासन की नीतियों के अनुरूप अधिवक्ता समुदाय के सहयोग से त्वरित व प्रभावी न्याय व्यवस्था की दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। वहीं उपजिलाधिकारी न्यायिक, अवनीश कुमार प्रथम ने अधिवक्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रशासन और अधिवक्ता समाज के समन्वय को सुदृढ़ करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सचिव सत्य प्रकाश सिंह, लालजी वर्मा, आर.पी. सिंह, ललित शर्मा, सुरेश चंद्र मौर्य, मन्नालाल बाजपेई, आबू शहमा खान, संकटा प्रसाद शुक्ला, राजेश सिंह, वीरेंद्र शुक्ला, आनंद मेहरोत्रा, रेनू राजपूत, उमर अंसारी, सुशील शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष आरएन सिंह, अशोक पुष्प, नईम अंसारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## सिम्स हॉस्पिटल में मना डॉक्टर्स डे

**मथुरा।** सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ.गौरव भारद्वाज के नेतृत्व में सभी वरिष्ठ चिकित्सकों ने केक काटकर चिकित्सक दिवस मनाया और एक दूसरे को केक खिलाकर बधाईयाँ दी। इस अवसर पर डॉ. बृजेंद्र कुमार तिवारी, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. अर्पित अग्रवाल, डॉ. एस.के. गुप्ता, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. ले.क. मनोज कुमार, डॉ. रितेन गोयल, डॉ. विनय तिवारी, डॉ. प्रशांत लवानिया, डॉ. विष्णु शर्मा आदि चिकित्सक उपस्थित रहे। सिम्स हॉस्पिटल में ब्रजवासियों की स्वास्थ्य सेवा के लिए 1 जुलाई से 15 जुलाई तक मनोचिकित्सा विभाग और प्लास्टिक सर्जरी विभाग की निःशुल्क ओपीडी रहेगी।

संक्षेप

## कमरा आवंटन को लेकर अधिवक्ताओं के बीच हुई मारपीट

बांदा। बार संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक दीक्षित और गोविंद तिवारी अधिवक्ता के बीच कमरे में कब्जा करने को लेकर विवाद हो गया। अधिवक्ताओं के बीच हुए झगड़े और मारपीट की जानकारी होने पर सीओ सिटी और शहर कोतवाल मौके पर पहुंचे। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी ने बताया कि बार संघ परिसर में कमरे में कब्जा करने को लेकर पूर्व बार संघ अध्यक्ष अशोक दीक्षित और गोविंद तिवारी के बीच विवाद हुआ है। अशोक दीक्षित ने द्वारकेश मंडेला पर फर्जी अलॉटमेंट, हमला और हत्या की सुपारी लेने जैसे आरोप लगाए हैं। अशोक दीक्षित ने कहा कि द्वारकेश मंडेला ने फर्जी एलॉटमेंट किया है। पूर्व अध्यक्ष अशोक दीक्षित ने आरोप लगाया कि द्वारिकेश मंडेला ने उनकी हत्या की सुपारी तक ले रखी है। अशोक दीक्षित ने प्रशासनिक स्तर पर भी इसकी लिखित शिकायत कर दी है। बताते चलें कि बार एसोसिएशन में चेंबर का ये विवाद कोई नई बात नहीं। पहले भी कुर्सी और चेंबर के लिए अधिवक्ताओं के बीच विवाद हो चुके हैं। लेकिन इस बार मामला सुपारी और हमले तक पहुंच गया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि मामला तहरीर देने के बाद सुलह की ओर बढ़ रहा है।

## मुख्य उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद दिए तो होगी कार्रवाई

बांदा। अधोहस्ताक्षरी ने सभी उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनियों के मुख्य उर्वरक के साथ अन्य उत्पादों की बिक्री जिले में प्रतिबन्धित कर दी हैं। कोई भी कम्पनी मुख्य उर्वरकों के अतिरिक्त अन्य उत्पादों की आपूर्ति किसी भी थोक उर्वरक विकेता को नहीं करेगा और न ही थोक उर्वरक विक्रेता अपने खुदरा उर्वरक विक्रेता को मुख्य उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की आपूर्ति करेगा। इसके बाद भी किसी खुदरा उर्वरक विक्रेता ने किसी कम्पनी के अन्य उत्पाद कृषक को बेंचे तो यह माना जायेगा, उर्वरक विनिमार्ता कम्पनी, थोक उर्वरक विक्रेता एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं ने अधोहस्ताक्षरी के आदेशों का पालन नहीं किया है तथा तीनों खुदरा उर्वरक विक्रेता, थोक उर्वरक विक्रेता एवं उर्वरक प्रदायकर्ता कम्पनी के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी खुदरा उर्वरक विक्रेता कृषकों को उर्वरक निर्धारित दर पर ही बेचें। यदि कोई कम्पनी टैगिंग मैटेरियल की आपूर्ति करती है तो थोक खुदरा उर्वरक विक्रेता गोपनीय रूप से अधोहस्ताक्षरी को अवगत या कार्यालय के कन्ट्रोल रूम नं0- 5192-286384 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## विद्युत पोल में टक्कर मारने पर मुकदमा दर्ज

ललितपुर। तालबेहट थाना क्षेत्र में 29 जून 2025 की रात करीब 8.30 बजे एक अज्ञात ट्रक चालक ने तहसील परिसर के सामने एल.टी. लाइन पर स्थापित एस.टी.पी. विद्युत पोल में टक्कर मार दी, जिससे पोल क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना से विद्युत विभाग को आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के संबंध में अवर अभियंता किशन कुमार शुक्ला ने थाना तालबेहट में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 281 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3(2)(क) के तहत प्राथमिकी (एफआईआर नंबर 0300) दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात चालक की तलाश जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट का वितरण समारोह

ललितपुर। वन महोत्सव के शुभारम्भ पर जिला महिला चिकित्सालय में जन्मे शिशुओं के माता-पिता को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट वितरित किया गया। ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट का वितरण विधायक रामरतन कुशवाहा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. इम्तियाज अहमद, उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी सतेन्द्र सिंह तोमर, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, डा. राजेश भारती, क्षेत्रीय वन अधिकारी भोला प्रसाद सिंह ललितपुर रेंज द्वारा किया गया। साथ-साथ एक-एक पौधा नवजात शिशुओं के माता-पिता को दिया गया। पौधे को नवजात शिशुओ के माता-पिता द्वारा रोपित किया जायेगा।

# सपाइयों ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन

## सपा कार्यालय में 52 किलो के लड्डू का काटा केक

ललितपुर। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन मनाया। पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव यादव के नेतृत्व में 52 किलोग्राम लड्डू का केक काटकर मनाया गया। इस दौरान आपस में एक दूसरे को मिष्ठान खिलाया गया। साथ ही लोगों को वितरण किया गया। इस मौके जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर आज हम सभी समाजवादी कार्यकर्ता यह संकल्प करते हैं कि जिस प्रकार अखिलेश यादव ने डॉ. लोहिया, जनेश्वर मिश्र व मुलायम सिंह यादव के सिद्धांतों पर चलकर सदैव आमजन के परेशानियों के संघर्ष का रास्ता चुना। उसी प्रकार हम सभी जनता के हितों को सुरक्षित रखने के लिए सडक पर उतर कर संघर्ष करने के लिए तैयार रहेंगे। वहीं अन्य वक्ताओं ने उनके विचारों एवं नीतियों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं कार्यकताओं ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने की शपथ ली। कार्यक्रम के क्रम में कलाकारों ने अखिलेश यादव को शुभकामनाएं संदेश देते हुए अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन घायल, जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, नगराध्यक्ष अशुल जैन अभी खजुरिया, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, तिलक यादव बानोनी, सोबरन सिंह यादव, अनुराग खरे, महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, स्वामी प्रसाद यादव, अनवर खान, राम विलास रजक, तुलसीराम अहिरवार, बाबूलाल पाल, रामदास श्रोतीय, राममूर्ति तिवारी, अनुराग खरे, हरीसिंह यादव, जिजयावन, राजेश जयगुरूदेव, मूरत सिंह यादव, सोन सिंह यादव, राजेश यादव पठारी, आकिब मंसूरी, पुष्पेन्द्र बसवां, आरिफ कुरैशी, नीलू रजक, रूचि, रोहित राठौर, अशोक अहिरवार, अरशद मंसूरी, नरेन्द्र सिंह राजूपत, रामनरेश यादव, विजय यादव, सेंदपाल यादव, रहीश यादव, मक्खन कुशवाहा, प्रमोद इमलिया, राजेश झां, हुकुम सिंह, गौरव विश्वकर्मा, जय सिंह, राजेन्द्र सिंह डुलावन, सुखदयाल, देशराज, सुरेश पटेल, सुखलाल, पुष्पेन्द्र, प्रमोद गौतम, शैलेन्द्र यादव शांतिनगर, ह्देश यादव, चंद्रपाल यादव, अभिषेक यादव, रामरतन यादव, रोबन यादव, शत्रुघन यादव, संतोष पटेल, सिकंदर मंसूरी, आशीष यादव, विक्की रजक, शहरोज खान, भरत यादव, बृजेश कुशवाहा, पवन सिंह यादव, लाल सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, निरपत सिंह, राहुल यादव, अंशुल, शाहिद अली, इकलाक मंसूरी, महाराज सिंह, धनुष राम, पुष्पेन्द्र सिंह सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसपी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

ललितपुर। एसपी मो. मुश्ताक ने आईजीआरएस शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में रखे गए अभिलेखों, रजिस्टरों एवं अन्य दस्तावेजों का गहनता से अवलोकन कर उनके निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। रजिस्टरों को अद्यावधिक कर आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अभियान को सफल बनायें: विधायक

- जिले में शुरू हुआ विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान

ललितपुर। जनपद में संचारी रोगों के खिलाफ विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 से 31 जुलाई 2025 तक चलेगा एवं दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। अभियान का शुभारम्भ पी0एन0 इण्टर कॉलेज में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया।

उन्होनें सभी विभागों से अपील की कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस अभियान को सफल बनायें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर डॉ इम्तियाज अहमद ने इस अभियान में सभी सहभागी विभागों से अपनी-अपनी गतिविधियां माइक्रो प्लान के अनुसार गुणवत्ता युक्त एवं शत प्रतिशत पूर्ण करने की अपील की एवं संचारी रोगों से बचाव हेतु शपथ ली गयी। इस दौरान अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए शासन के निदेर्शानुसार अभियान को संचालित किया जाये। स्वास्थ्य विभाग इस अभियान में नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा एवं सभी सम्बन्धित विभागों की साप्ताहिक रिपोर्ट का संकलन, मूल्यांकन तथा रिपोर्ट शासन को भेजने का उत्तरदायित्व निभाएगा। डिस्ट्रिक पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा0 सौरभ सक्सेना ने बताया कि इस अभियान में संचारी रोग नियंत्रण हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनपद वासियों को वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों के बचाव व रोकथाम के बारे में जागरूक किया जायेगा एवं दस्तक अभियान में आशाए एवं आंगनबाड़ी घर-घर भ्रमण कर बुखार, खांसी जुकाम (आई0एल0आई0), क्षय रोगी, कुष्ठ रोगी, कुपोषित बच्चों एवं मच्छर प्रजजन वाले घरों की सूची बनायेगीं तथा इसके साथ साथ आभा आईडी बनाने का कार्य भी करेगीं। इस दौरान वे संचारी रोगों एवं जल जनित रोग दस्त से बचाव के सम्बन्ध में परिवार के सदस्यों को जानकारी प्रदान करेगीं। दस्तक अभियान के दौरान आशा द्वारा जो भी संदिग्द्ध क्षय रोगियों को चिन्हित किया जायेगा। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने बताया कि मलेरिया, डेंगू आदि वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु शहरी क्षेत्र में नगर विकास विभाग द्वारा नालियों की साफ-सफाई एवं फागिंग की जायेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायती राज विभाग द्वारा नालियों की साफ-सफाई एवं गड्ढों को मिट्टी से भरा जायेगा।

## दबंगई से परेशान वृद्ध बैठे अनशन पर



बांदा। थाना कमासिन के ग्राम घोषण निवासी गिरजा शरण यादव 75 और राम सनेही यादव 72 बीते 25 जून से अशोक लाट पर आमरण अनशन पर बैठे हैं। दोनों का आरोप है कि बबेरू विधायक विशंभर यादव के इशारे पर गांव के दबंग उन्हें पैतृक जमीन पर मकान नहीं बनाने दे रहे हैं। उनका ट्रैक्टर और निर्माण सामग्री भी जब्त कर ली गई, मजदूरों को धमकाया गया और लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होने बताया कि बीते 7 जून को थाना कमासिन, सीओ व एएसपी को शिकायत की लेकिन आज तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई। प्रशासन की चुप्पी और स्थानीय अफसरों की असंवेदनशील टिप्पणियों से आहत होकर वह खुले आसमान के नीचे, बारिश में बिना छत-चिकित्सा आमरण अनशन पर बैठे हैं। इसे लेकर जनता दल यूनाइटेड महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष पिंकी प्रजापति के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में चार मांगें रखी गईं, तत्काल एफआईआर, स्वास्थ्य सुरक्षा, निष्पक्ष जांच, और अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई। मंडलायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे और बुजुर्गों को सुरक्षा व न्याय दिया जाएगा। जदयू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि अगले 48 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी जिला मुख्यालय से लेकर लखनऊ तक चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। पिंकी प्रजापति ने कहा, ह्लयह केवल दो बुजुर्गों का मसला नहीं, यह पूरे शासन तंत्र के खिलाफ जनता की अंतिम उम्मीद की लड़ाई है। मुख्यमंत्री स्वयं संज्ञान लें अन्यथा जनता का धैर्य जवाब देने वाला है ह्व इस दौरान जिलाध्यक्ष उमा कांत सविता, गरिमा सिंह पटेल जिला अध्यक्ष समाज सुधार वाहिनी, सद्दाम हुसैन जिला उपाध्यक्ष जेडीयू युवा प्रकोष्ठ, श्रीराम प्रजापति जेडीयू जिला अध्यक्ष दिव्यांग प्रकोष्ठ व अन्य लोग मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी



बांदा। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत जिलाधिकारी ने छात्रों, आशाओं एवं समस्त स्टाफ की रैली को हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। यह अभियान 1 से 31 जुलाई तक चलाया जायेगा। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने बताया कि संचारी रोग मलेरिया, फाइलेरिया, डेगू, टी0बी0, कुष्ठ, डायरिया आदि वायरस या बैक्टीरिया के कारण होने वाली बीमारियं है। यह रोग मच्छर, मक्खी, पशुओ एवं गंदगी के कारण फैलते है। जिन स्थानों पर जल जमाव, गंदगी, एवं कूडा जमा रहता है एवं साफ पानी पीने की लिये उपलबध नहीं होता है ऐसे स्थानों पर संचारी रोग फैलने की सम्भावना अधिक होती है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0एन0 प्रसाद ने बताया गया कि संचारी रोगों से बचाव के लिए 13 सहयोगी विभागों द्वारा अभियान के अन्तर्गत समस्त जनमानस को रोगों से बचाव के लिए जागरूक करना, कूडा निस्तारण, नालियों की सफाई, स्वच्छ जल की उपलब्धता, खुले में शौंच न करना, शौच के बाद व खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोना, जल जमाव की परिस्थिति को समाप्त करना, घरेलू पात्रों में एक सप्ताह से अधिक पानी एकत्रित न होने देना, नियमित साफ सफाई करना, घर व घर के आस पास तथा नालियों से गंदगी एवं झाडी को हटाना, इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प का पानी पीने के लियें प्रयोग करना, यदि साफ पानी उपलब्ध न हो तो, पानी को उबालकर प्रयोग करने के बारे में जागरूक करना, प्रचार-प्रसार एवं व्यवहार परिवर्तन की गतिविधियां करना, शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग करवाना, क्लोरिनेशन डेमों, पेयजल उबालना के विषय में जागरूक करना, कृंतक चूहा, छछूदर नियंत्रण के प्रभावी एवं सुरक्षित उपाय बताना, पॉच साल से कम उम्र के बच्चो वाले घरों में आशा द्वारा ओ0आर0एस0 एवं जिंक का वितरण करना आदि निरोधात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान अपर चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0एन0 प्रसाद, डा0 अजय कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 आर0एन0 नामदेव, जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार, एस0एम0ओ0 डब्ल्यू0एच0ओ0, डा0 वर्षा नायर, जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार, आशाओं, आंगनवाडी कार्यकत्रियों तथा राजकीय इण्टर काजेल के छात्रों ने रैली में प्रतिभाग किया।

# वृद्धजनों के बीच मनाया गया अखिलेश यादव का जन्मदिन




महोबा। पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के बीच फल व मिष्ठान वितरण कर मनाया गया। इस मौके पर मुकुंद फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज तिवारी एडवोकेट ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान प्रदेश में किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य बेनी प्रसाद यादव, सुभाष सैनी एडवोकेट, सहकारी क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, अमित यादव रुद्र, यश चौरसिया, अनुपम, महेन्द्र अवस्थी, जगन्नाथ प्रजापति ने शामिल होकर अखिलेश यादव को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित कीं तथा उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ रहने की कामना की।

# चौदह लाख का गांजा जब्त, चार गिरफ्तार

- अन्तर्राज्यीय तांजा तस्कर हुए गिरफ्तार
- कार 06 मोबाइल फोन समेत नकदी बरामद




ललितपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शराब, मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत महरौनी कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जब पुलिस ने लाखों का गांजा सहित अंतर्राज्जीय तस्करों को बंदी बना लिया। थाना महरौनी पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नहर के पास रोड़ पर ग्राम निवारी के पास से ध्रुव सिंह पुत्र कोशल किशोर उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम देवरा थाना चिरगावं जिला झांसी उ0प्र0 हाल पता मुहल्ला करैयनपुरा कस्बा व थाना चिरगांव जिला झांसी, हर्षवर्धन योगी उर्फ छोटू पुत्र दिलीप कुमार योगी उम्र करीब 23 वर्ष निवासी मुहल्ला तकियापुरा कस्बा व थाना चिरगांव जिला झांसी, यश चैरसिया पुत्र राकेश चैरसिया उम्र करीब 23 वर्ष निवासी प्रीतमपुर कालोनी गुढा थाना माधवगंज जिला ग्वालियर म0प्र0 एवं कैलाश राय पुत्र भवानीदीन राय उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम पचेर थाना कुडीला जिला टीकमगढ म0प्र0 को बंदी बना लिया। उक्त तस्कर गांजे को कार में रखकर ठिकाने लगाने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से 56.085 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध थाना महरौनी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इधर पकड़े गये अभियुक्तों ने बताया कि वह एक संगठित गिरोह बनाये हुये है, हम लोग अवैध गांजे को खरीदकर लाते हैं तथा झांसी व अन्य जनपदों में बेचते हैं, जिससे बहुत सारा मुनाफा कमाते हैं। पकड़ा गया अवैध गांजा वह हावड़ा पश्चिम बंगाल से खरीदकर लाये थे और इसे बेचने के लिये जा रहे थे।

# कनिष्ठ लिपिक सेवानिवृत्त, स्टाफ ने दी विदाई



नगीना, बिजनौर। एमएम इंटर कालेज नगीना के कनिष्ठ लिपिक बालेश्वर दत्त के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कालेज प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने कहा कि कनिष्ठ लिपिक बालेश्वर दत्त अपनी एक लम्बी और शानदार सेवा करके सेवानिवृत हो गये। कनिष्ठ लिपिक बालेश्वर दत्त ने 17 सितंबर 1992 से लेकर 30 जून 2025 तक विद्यालय की सेवा की। वह एक महान व्यक्तित्व के धनी है।

सेवानिवृत हुए कनिष्ठ लिपिक बालेश्वर दत्त का स्वभाव बहुत सौम्य है। कार्यकाल के दौरान उनके मुंह से कभी भी ना शब्द सुनने को नहीं मिला। वे अपने कार्य के लिए सदैव समर्पित रहे। चाहे बिजनौर कार्यालय से संबंधित कोई कार्य हो या अपने विद्यालय का, सदैव अपने कार्य को बड़े शान्त भाव से पूरा करते थे। विद्यालय में रहते हुए उन्होंने कभी भी समय की परवाह नहीं की वह सुबह से लेकर शाम तक अपने कार्य में व्यस्त रहते थे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, वरिष्ठ अध्यापक बृजमोहन सिंह, वरिष्ठ लिपिक उरूज अरशद एवं कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस पर प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने उन्हें शाल उढ़ा कर प्रतीक चिन्ह देते हुए स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय से जुड़े रहने एवं अपने साथियों को मार्गदर्शित करने का आग्रह किया।

# वन महोत्सव वर्ष का हुआ शुभारम्भ



ललितपुर। वन महोत्सव कार्यक्रम वर्ष 2025 एवं एक पेड़ मां के नाम 2.0 शुभारम्भ दिवस पर ललितपुर रेंज के अन्तर्गत फौजपुरा रोपावनी 2025 क्षेत्रफल 10.00 हे. में मुख्य अतिथि विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा पौधारोपण कर वन महोत्सव का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि विधायक ने कहा कि वृक्षारोपण महोत्सव 1 से 7 जुलाई 2025 एवं इस वषार्काल में अपने घरों, खेतो में पौधे लगाये तथा उनकी सुरक्षा एवं देखभाल करें। महोत्सव में ग्राम प्रधान फौजपुरा, प्राथमिक विद्यालय फौजपुरा की प्रधानाध्यापिका एवं स्कूल बच्चों, ग्रामवासियों ने भी पौध रोपण किया। वन महोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण एवं श्री सतेन्द्र सिंह तोमर उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी, ललितपुर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी भोला प्रसाद सिंह, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मनीष कुमार गौड़ आदि वन कर्मी उपस्थित रहे।

## डीएम ने पौधरोपण कर किया वन महोत्सव का शुभारंभ




बांदा। शहर के डी.ए.वी. इंटर कालेज में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जे0 रीभा ने रूद्राक्ष के पौधों का रोपण कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि पर्यावरण को बचाने एवं संतुलित रखने के लिए वृक्षों का रोपण किया जाना आवश्यक है। कहा कि वन महोत्सव के तहत जुलाई माह तक अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण किया जाना है। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक वृक्ष अपनी मां के नाम रोपित कर उसकी सुरक्षा करें। वन विभाग के अधिकारियों को वृक्षों को रोपित कर उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी, प्रधानाचार्य डी.ए.वी. कालेज एवं प्रबंधक व अन्य लोगों ने भी वृक्षारोपण किया। अध्यापकों ने छात्रों से फलदार वृक्ष आम, अमरूद, आंवला आदि के पौध रोपित कराये तथा उनकी सुरक्षा संवर्धन का संकल्प लिया। इस दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी बांदा, पैलानी, शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली को डीएम ने झंडी दिखाकर किया रवाना



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा मंगलवार को नेहरू स्टेडियम में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जागरूकता ऑटो रिक्शा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया तथा उससे पूर्व संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित सामूहिक शपथ ग्रहण कराई गई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने इस मौके पर कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के गुणवत्तापूर्वक संचालन से संचारी रोगों पर नियंत्रण स्थापित करने में सफलता प्राप्त हुई है और रोगों के फैलाव पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सका है। उन्होंने निर्देश दिए कि विगत अभियान की भांति आज 01 जुलाई से 31 जुलाई,2025 तक संचालित रहने वाले इस अभियान को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुसार सम्पन्न कराएं ताकि जनसामान्य में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता और सतर्कता पैदा की जा सके। जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाने के बाद रैली के साथ मार्च करते हुए नुमाइश ग्राउंड तक अगुवाई की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा इंदिरा सिंह ने सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण कराते हुए कहा कि ह्लहम अपने गांव, ब्लॉक, जिला और देश को रोग मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम शपथ लेते हैं कि व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे, अपने घर के आस-पास साफ सफाई रखेगें, अपने गांव और मोहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे तथा समुदाय को साफ सफाई और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करेंगें। संचारी रोग हमारे गांव अथवा क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को आर्थिक नुकसान का एक बड़ा कारण हो सकते हैं। हम शपथ लेते हैं कि संचारी रोगों से लड़ाई में हम हर संभव प्रयास करेंगें कि हमारे परिवार और समुदाय इन रोगों से मुक्त रहें। हमारे गांव अथवा हमारे आस-पास के क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को तुरन्त इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कौशलेंद्र सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी/नोडल अधिकारी संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी राहुल कुमार, सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# धूमधाम से मना अखिलेश यादव का जन्मदिन



स्योहारा, बिजनौर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास और जोश के साथ मनाया गया।

स्योहारा में पूर्व विधायक नईमुल हसन के आवास पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, कार्यकर्ता एवं समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर की गई, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने अखिलेश यादव के स्वस्थ जीवन और सफल राजनीतिक भविष्य की कामना की। सभी ने अपने संबोधन में अखिलेश यादव जी के कुशल नेतृत्व और समाजवादी विचारधारा की सराहना की। इस शुभ अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महफूज सागर, मौ0 दिलशाद, मौ0 जावेद, मुस्तकीम अंसारी, मौ0 शब्बू, दानिश वारसी, मौ0 महफूज, मौ0 महबूब, मौ0 साजिद, मौ0 अली, मौ0 सलीम सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर ब्लड बैंक में सपाइयों ने किया रक्तदान




ललितपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर समाजवादी छात्रसभा गौरव विश्वकर्मा एवं समाजवादी लोहिया वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा के नेतृत्व में जिला अस्पताल में सपा नेताओं ने बढ़चढकर रक्तदान किया। साथ ही मरीजों एवं उनके तीमारदारों को फल वितरित किए गए। इस दौरान हरिसिह यादव, राजेश झां, गौरव विश्वकर्मा, राजीव यादव, अनवर खान, अरशद मंसूरी, आकिब मंसूरी, अभिषेक यादव सहित अन्य पदाधिकारियों ने रक्तदान कर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिए दीघार्यु की कामना की। वहीं सपाईयों ने गोविन्द सागर बांध की तलहटी में वृक्षारोपण भी किया। जिसमें जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, लक्ष्मीनाराण विश्वकर्मा, ज्योति सिंह लोधी, गीता मिश्रा, शत्रघुन यादव, गौरव विश्वकर्मा, सोबरन सिंह, अशोक अहिरवार, गिरधारी सिंह यादव, अंशुल यादव, तिलक यादव बानोनी, राममूर्ति तिवारी, आयुष सैनी, मोहन सिंह यादव, परवेश पठान, आकिब मंसूरी, साकिर अली, अशोक अहिरवार, आधार सिंह, महताव सिंह, ह्देश यादव, विनोद रैकवार आदि मौजूद रहे।

# संविधान पर बहस

जनतांत्रिक व्यवस्था में संविधान पर, उसके किसी प्रावधान पर, उसके कार्यकरण और खूबियों एवं कमियों पर अगर बहस होती है, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। आखिर लोकतंत्र जिसे जनता का शासन, जनता के द्वारा और जनता के लिए माना जाता है, उसके मूल में डिबेट, डिस्कशन, डिसेंट और डिसीजन ही तो है। यह लोकतंत्र की प्रकृति है किसी मुद्दे पर व्यापक बहस हो, पक्ष-विपक्ष के तर्क और आपत्तियों को सुना जाये और उसके बाद आम-सहमति से फैसले हों। इसलिए अगर 1976 में श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में बयालिसवें संविधान संशोधन के जरिए संविधान में कुछ ऐसी बातें जोड़ीं गयीं जो राष्ट्र की आकांक्षा के प्रतिकूल हैं, तो उस बहस करने, सुधार करने या हटाने में कुछ भी गलत नहीं है। इस मुद्दे पर देश में जोरदार बहस चल रही है कि हमारे संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी और पंथनिरपेक्ष' जैसे शब्द होने चाहिए या नहीं। दरअसल 1976 में 42वें संविधान संशोधन के तहत दो शब्द-समाजवादी और पंथनिरपेक्ष-संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गये थे। वह आपातकाल का दौर था, लिहाजा संसद, न्याय पालिका और मीडिया पूरी तरह स्वतंत्र रूप से कार्य नहीं कर रहे थे। विपक्ष के लगभग सभी बड़े नेता जेल में बंद थे। संविधान सभा के दौर में जायें तो इन शब्दों पर व्यापक बहस हुई थी। प्रो. केटी शाह और कामथ जैसे नेताओं ने संविधान के अनुच्छेद 1 के तहत इन शब्दों को जोड़ने की मांग की थी। संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर की दलीलें थीं कि ये शब्द औसत भारतीय की आत्मा में समाये हैं। अनुच्छेद 31 में इन शब्दों का उल्लेख है। नीति निर्देशक तत्वों में भी ये शब्द शामिल हैं। इन्हें संविधान की प्रस्तावना में रखने से लोकतंत्र का लचीलापन समाप्त होगा। लिहाजा वह प्रस्ताव गिर गया और बाबा अंबेडकर ने उन दो शब्दों को प्रस्तावना में नहीं जोड़ा। 1976 के संविधान संशोधन के बाद छह साल भाजपा-एनडीए की वाजपेयी सरकार केंद्र में रही और अब 11 साल से मोदी सरकार मौजूद है। इनके अलावा, 1977-80 के दौरान जनता पार्टी भी सत्ता में रही। सवाल है कि वे शब्द क्यों नहीं हटाए गये? जब 2020 में सर्वोच्च अदालत में एक याचिका दाखिल की गई, जिस पर 2024 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली न्यायिक पीठ ने फैसला सुनाया कि इतने लंबे सालों के बाद इन शब्दों से छेड़छाड़ नहीं करना चाहिए। पीठ ने समाजवादी और पंथनिरपेक्ष की व्याख्या भी की। यह राजनीतिक विडंबना है कि 'मंडल बनाम कमंडल' की राजनीति के दौर में एक शब्द बदल कर 'धर्मनिरपेक्ष' कहा जाने लगा और भाजपा समर्थक राजनीति को सांप्रदायिक करार दिया जाने लगा। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गये दो शब्दों को नासूर करार दिया है, आरएसएस पहले से ही इन दो शब्दों के खिलाफ रही है, यह भी कि बाबा साहब के मूल संविधान में यह शब्द नहीं थे। ऐसे में मुद्दा जेरे बहस है। दरअसल बिहार विधान सभा चुनाव से कुछ पहले आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने इस मुद्दे को गरमाते हुए कहा है कि इन दो शब्दों को हटाने पर विचार किया जाना चाहिए। दूसरा मुद्दा बिहार में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण से जुड़ा है। विपक्ष कह रहा है कि उसके वोट बैंक के कई नाम सूचियों से काटे जा सकते हैं और भाजपा-समर्थक नाम जोड़े जा सकते हैं। वैसे बिहार में पहले भी संविधान और आरक्षण के मुद्दे पर चुनावी गोलबंदी हो चुकी है ऐसे एक बार फिर विपक्ष पंथनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द हटाने की मांग को चुनाव से जोड़कर इसे संविधान से खिलवाड़ बता रहा है। दरअसल जब हम संवैधानिक प्रश्नों को सियासत से जोड़ देते हैं, तो सार्थक बहस की संभावना खत्म हो जाती है। इसलिए संविधान में अगर आपत्तिजनक है, तो उस पर सियासी आग्रहों-दुराग्रहों से ऊपर उठकर बहस होनी चाहिए।



**संवैधानिक प्रश्नों को जब हम सियासत से जोड़े देते हैं तो उस पर सार्थक बहस की संभावना खत्म हो जाती है।**

### विचार

जैसे फूल में गंध, तिल में तेल, काष्ठ में घी और ईख में गुड़ निराकार रूप में रहता है उसी प्रकार सगुण शरीर में आत्मा विद्यमान रहती है।

–योगवशिष्ठ.

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।

–महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।

–शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।

–श्रीराम शर्मा आचार्य.

# महिलाओं की सुरक्षा पर उठते गंभीर सवाल



वीना सुखीजा

**हाल के सालों में जिस तरह कोलकाता और बंगाल पुलिस पर राजनीतिक दबाव के आरोप लगे हैं और जिस तरह से उन आरोपों की छाया भी देखी गई है, उससे साफ महसूस होता है कि प्रदेश और देश के सबसे प्राचीन महानगर में तात्कालिक राजनीति में सत्ता में बने रहने का दबाव गहराता जा रहा है। उसके लिए कुछ भी दांव पर लग रहा है। चाहे वह समाज की संस्कृति ही क्यों न हो?**

साल 2021 और 2022 इन दोनों सालों में क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक कोलकता देश के 19 प्रमुख मेट्रो शहरों में महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से सबसे सुरक्षित दर्ज किया गया था। इन दोनों सालों में कोलकता में 11-11 बलात्कार की घटनाएं दर्ज की गई थी, जबकि ठीक उसी समय दिल्ली में महिलाओं के साथ बलात्कार की 1226 घटनाएं घटी थी। 2022 में कोलकता में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर 27.01 प्रति एक लाख आबादी थी, जो हालांकि देश के कई अन्य मेट्रो शहरों मसलन चेन्नई और कोयंबटूर से ज्यादा थी। लेकिन महिलाओं के विरूद्ध विशेषकर बलात्कार की घटनाएं वैसी नहीं घट रही थीं, जैसे देश के दूसरे बड़े शहरों में हो रही थी। लेकिन पिछले तीन सालों से पता नहीं कोलकता के माहौल में ऐसी क्या तब्दीली आयी है कि यह शहर महिलाओं के लिए दूसरे शहरों से भले आंकड़ों के लिहाज से अभी बहुत खौफनाक न बना हो, लेकिन जिस तरह से महिलाओं के विरूद्ध वीभत्स बलात्कार की घटनाएं पिछले दो तीन सालों से यहां घट रही हैं, उस मामले में इस शहर ने दूसरे शहरों को पीछे छोड़ दिया है।

अभी 9-10 महीने गुजरे हैं, जब अगस्त 2024 में रेप और मर्डर का वीभत्स मामला कोलकता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में घटा था, कुछ वैसा ही बलात्कार का वीभत्स मामला गुजरे 25 जून 2025 को कोलकता स्थित साउथ कोलकता लॉ कॉलेज में घटा है, जिसमें कॉलेज की एक छात्रा के साथ गैंग रेप हुआ, जिसका मुख्य आरोपी कॉलेज का पूर्व छात्र मनोजीत मिश्रा और दो वर्तमान छात्र जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी हैं और उनकी मदद कॉलेज का गार्ड पिनाकी ने किया था, जो मामला पिछले एक हफ्ते से न केवल मीडिया में सुर्खियों में छाया हुआ है बल्कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज जैसा ही यह मामला पूरे देश में डर और दहशत का पर्याय बन गया है। सवाल उठता है जिस पश्चिम बंगाल में और खास करके कोलकता में महिलाएं देश के बाकी राज्यों और महानगरों के मुकाबले सबसे ज्यादा सुरक्षित हुआ करती थीं, आखिर पिछले दो तीन सालों से वही कोलकता महिलाओं के विरूद्ध अपराधों के मामले में इतना खतरनाक क्यों बनकर उभरा है? कहीं इसके पीछे भाजपा और तृणमूल कांग्रेस जैसे दो प्रतिद्वंदी राजनीतिक पार्टियों की आपसी तनातनी तो नहीं है? क्योंकि पहले भी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल किसी पार्टी विशेष के साथ जबर्दस्त राजनीतिक प्रतिद्वंदिता में रहता रहा है। जैसे वामपंथी शासन के दौरान कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों के बीच जबर्दस्त तनाव रहता था। लेकिन पहले कभी इस तनाव का फायदा उठाकर सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता इस कदर अपराधों में लिप्त नहीं पाये गये थे।





**कोलकाता**

लेकिन जिस तरह से पहले आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हत्या और बलात्कार के लिए तृणमूल कांग्रेस से अपराधियों के तार जुड़े पाये गये थे। ठीक उसी तरह साउथ लॉ कॉलेज के वीभत्स सामूहिक बलात्कार की घटना में भी मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा टीएमसी से न केवल जुड़ा हुआ पाया गया है बल्कि इसी के बदौलत उसने पिछले कई सालों से आपराधिक वारदातें कर रहा था और इसी की बदौलत कॉलेज में उसने अपना दबदबा कायम किये हुए था। पुलिस ने इस मामले में अब जिस निष्कर्ष पर पहुंची है, उससे साफ लग रहा है कि बलात्कार का यह मामला पहले से नियोजित था। आरोपी अभियान के रूप में इस घटना को अंजाम दिया है। यही नहीं अपराधी इस कदर डरमुक्त थे कि उन्होंने न सिर्फ युवती के साथ वीभत्स बलात्कार किया बल्कि इस बलात्कार की घटना को पूरी तरह से कैमरे में फिल्माया भी और इसका इस्तेमाल ब्लैकमेल करने के लिए किया। अपराधियों की यह हरकत बताती है कि उन्हें इस अपराध को लेकर किसी तरह का डर नहीं था। अगर जरा भी डर होता तो घटना को इस तरह अंजाम नहीं दिया गया होता और न ही कॉलेज का पूर्व छात्र कॉलेज के ही गार्ड और दो वर्तमान छात्रों का खुलेआम अपने लिए इस्तेमाल करता। पर चूंकि इस अपराधी का सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के साथ पिछले कई सालों से गहरा राजनीतिक रिश्ता है। यह तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा का हिस्सा था। उस वजह से इसे किसी तरह का डर नहीं था। शुरूआत में जिस तरह से पुलिस ने पूरे मामले को रफा दफा करने की कोशिश की। यहां तक कि बलात्कारियों और इसमें शामिल अपराधियों के नाम तक भी दर्ज न करके सांकेतिक रूप में उन्हें अपराधी एक या अपराधी दो के रूप में दर्ज किया था। उससे लगता है कि पुलिस को भी इस राजनीतिक कनेक्शन वाले अपराधी से डर या सहानुभूति थी।

बहरहाल जिस तरीके से कोलकता में इस बलात्कार कांड को लेकर पिछले साल अगस्त में घटे आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के हत्या और बलात्कार कांड की तरह ही पूरे शहर में आंदोलनों का सिलसिला फूट पड़ा और राजनीतिक विरोध का बायस बन गया। ठीक उसी तरह इस घटना के चलते एक हफ्ते बाद कोलकता पुलिस को मजबूरन तीनों आरोपियों के डीएनए सैंपल लेने पड़े हैं और जांच की रिपोर्ट में जांचकताओं को भी नया रुख अख्तियार करना पड़ा है, क्योंकि प्रारंभिक रिपोर्ट में मेडिकल जांच के तहत स्पष्ट रूप से यह दावा नहीं किया गया था कि लड़की के साथ बलात्कार जैसा अपराध हुआ है। हालांकि इससे मनाही भी नहीं की गई थी, लेकिन स्पष्ट रूप से जांच रिपोर्ट में बलात्कार की पुष्टि भी नहीं की गई थी। लेकिन जब पूरे कोलकता में छात्र और युवा इस कांड के विरूद्ध सड़कों पर उतार आए और अपराध के साथ साथ यह बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया, तब जाकर पुलिस पर दबाव बना कि वह इस मामले को गंभीरता से टैकल करें। इसके बाद गुजरे 30 जून 2025 को कोलकता पुलिस ने तीनों अपराधियों के डीएनए सैंपल लिए हैं और कॉलेज के पूर्व छात्र मनोजीत मिश्रा और वर्तमान छात्र प्रतिम मुखर्जी और जैब अहमद को कोलकता मेडिकल कॉलेज व अस्पताल ले जाया गया और वहां उनकी बॉडी से फ्यूल्ड, पेशाब और बालों के नमूने एकत्र किए गए। उसके बाद लगा कि पुलिस थोड़े गंभीरता से मामले को टैकल कर रही है। गौरतलब है कि पुलिस का नया अनुमान यह है कि यह योजना बनाकर अंजाम दिया गया वीभत्स बलात्कार कांड है। अब पुलिस अधिकारी कह रहे हैं यह घटना पहले से ही तय थी। तीनों अपराधियों ने कई दिनों पहले से पीड़िता पर नजर रखे थे और उसे टारगेट करने की कोशिश में थे।

इसी सिलसिले में पीड़िता को मुख्य बलात्कारी मिश्रा ने कॉलेज में दाखिला दिलाने के नाम पर अपने झांसे में लिया। पुलिस जिस तरह से अब सक्रिय हुई है और उसने कॉलेज की यूनियन रूम, गार्ड रूम और बाथरूम से अपराध के सबूत जब्त किए हैं और उन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा है, उससे लगता है कि इसके पहले पुलिस जानबूझकर पूरे मामले में मिट्टी डालने की कोशिश कर रही थी। इस घटना से संबंधित डेढ़ मिनट का एक वीडियो फुटेज भी सामने आया है, जिसे अब पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच के लिए फॉरेंसिक लैब में भेजा है। हो सकता है इस दबाव के चलते अब इस मामले में सही से जांच हो जाए। लेकिन यह चिंता और सोचने का विषय तो है कि जो पश्चिम बंगाल कभी महिलाओं के लिए बेहद सुरक्षित माना जाता था, आखिर वह इन दिनों उनके लिए एक दुःस्वप्न क्यों बन गया है? जबकि पश्चिम बंगाल में एक महिला का ही शासन है और वह भी पिछले डेढ़ दशकों से। ऐसे में सोचने वाली बात यह है कि क्या कोलकता की संवेदनशील संस्कृति बदल गई है या फिर माहौल में राजनीतिक प्रतिद्वंदिता इस कदर हावी हो गई है कि समाज की पारंपरिक संस्कृति को यह प्रतिद्वंदिता रौंदकर आगे बढ़ रही है।

### सोशल मीडिया

महान स्वतंत्रता सेनानी शिक्षाविद और समाज सुधारक दादाभाई नौरोजी जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक नमन, उनके योगदान को राष्ट्र हमेशा स्मरण रखेगा। रणदीप सुरजेवाला.



मुझे बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौरा धाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किये जाने को मंजूरी दे दी गयी है। नीतीश कुमार.



आपातकाल 50 साल पहले लगाया गया एक निर्दयी शासक द्वारा, जिसका उद्देश्य मात्र अपने वंशवादी शासन को संरक्षित करना था, देश के इतिहास में काला अध्याय है। अमित शाह.



# गुणों को पहचानें

### अंतर्दृष्टि

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

# टिकट नहीं, नाक कट गयी

### व्यंग्यलोक

हे नादान पार्टी हाईकमान। जैसा कि मुझे चुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने के बाद ज्ञात हुआ है कि आपने मेरा टिकट काट दिया है। मतलब, अब फिर मुझे दीवारों पर पार्टी के पोस्टर चिपकाने होंगे। लिस्ट बाहर आने तक लिस्ट में मेरा नाम था। फिर पता नहीं आपने किसके बहकावे में आकर मेरा टिकट काट दिया? क्या किसी दूसरे ने मुझसे अधिक कमा कर देने का वचन दे दिया? हैरान हूं, अचानक आपको मुझसे अधिक वफादार पता नहीं कहां से हाथ लग गया? कल तक तो आप मुझे ही पार्टी का सबसे वफादार हर मंच से कहते फिरते थे। हे हाईकमान! आप तो जानते ही हो कि नाक कटने से अधिक दुःख टिकट कटने का होता है। कटे नाक के साथ तो समाज में फिर भी जिया जा सकता है, पर कटे टिकट के साथ एक पल भी नहीं जिया जा सकता। नाक के बिना तो समाज में हमें फिर भी पूछ लेते हैं, पर टिकट के बिना समाज में कोई नहीं पूछता। हे हाईकमान! अबके टिकट मिलने पर पता नहीं क्या क्या सपने नहीं सजा लिए थे मैंने! पर हाय! सब पर पानी फिर गया। सोचा था, जब टिकट पर जीतूंगा तो मंत्री बनने की कोशिश करूंगा। मंत्री बन जाऊंगा तो हर जगह कमीशन फिट करूंगा। इधर उधर प्लॉट फ्लैट लूंगा। बीसियों अफसरों के सिर पर नाचूंगा। दूर दूर तक के अपनों को सरकारी नौकरी में लगवाऊंगा। अपनी सात पुश्तों के लिए जमा करके रख जाऊंगा ताकि वे भी खाते खाते याद करें कि उनके वंश में कोई परम श्रद्धेय अवतरित हुआ था। पर आपने तो मेरे सपनों को तहस-नहस कर दिया। देखो जी हाईकमान! मेरा टिकट कट जाने के बाद मैं बहुत सदमे में हूं। नेता के लिए सबसे बड़ा सदमा उसका टिकट कट जाना होता है। इतना तो मेरे पास देने को चंदा नहीं कि अब बिन चुनाव लड़े ही राज्यसभा का मेंबर बन जाऊं। सोचा था, जब टिकट लेकर जीतूंगा, कमाने खाने का मोटा काम तभी करूंगा। हे पार्टी हाईकमान! इस टिकट के लिए मैंने क्या क्या नहीं छोड़ा! टिकट के लिए बीवी छोड़ दी क्योंकि वह मुझे अपनी पार्टी का टिकट दिलाना चाहती थी, पर मैं आपकी पार्टी में रहकर खाना कमाना चाहता था। मैंने बीवी के बदले आपमें आस्था रखी। आपके टिकट के लिए बाप वाली पार्टी छोड़ दी। लगता था, आपकी पार्टी में मेरा फ्यूचर सुनहरा होगा। इस टिकट के लिए ईमान छोड़ दिया था। और तो और, टिकट के लिए भगवान को भी छोड़ दिया था। टिकट न मिलने पर अब तो मैं हे पार्टी हाईकमान! आपका कार्यकर्ता न होकर धोबी का कुत्ता सा हो गया। पार्टी का होकर भी न पार्टी का रहा, न बीवी का। आखिर सिपंल सा वर्कर होकर कब तक आपसे भी पुराना वर्कर होने के चलते निचले दर्जे के काम करता रहूंगा। हे हाईकमान! इस पीड़ा का तनिक भी अनुमान आपको होता तो आज आपकी पार्टी के टिकट का सही हकदार यों खून के आंसू न रोता।



अशोक गौतम

# एक फिल्म ने मधुबाला को रातोंरात बना दिया था स्टार



बॉलीवुड

कैलाश सिंह

मुमताज जहां बेगम देहलवी छोटी सी, प्यारी सी गुड़िया थीं। उन्हें आईने के सामने गाने व नाचने का शौक था। वह हमेशा अपने पिता अताउल्लाह खान से कहतीं, अब्बा, मुझे फिल्मों में जाना है। लेकिन अपनी पुरातनपंथी पृष्ठभूमि के कारण अताउल्लाह खान को फिल्मों से नफरत थी। इसके बावजूद जीवन की अपनी योजना थी। अताउल्लाह खान की नौकरी छूट गई और उन्हें रोजगार के लिए मुंबई आना पड़ा। जब कोई नौकरी न मिली तो वह 9 साल की बेबी मुमताज को लेकर स्टूडियो के चक्कर लगाने लगे। 14 फरवरी 1933 को दिल्ली में जन्मी बेबी मुमताज को बाल कलाकार के रूप में फिल्म 'बसंत' (1942) में काम मिल गया और 13 वर्ष की उम्र में वह राज कपूर के समक्ष 'नील कमल' (1947) में लीड एक्ट्रेस बनीं, नये नाम मधुबाला के साथ। फिर भी अताउल्लाह खान को उम्मीद नहीं थी कि उनकी बेटी बड़ा सितारा बनेगी, लेकिन 'महल' (1949) ने मधुबाला को रातोंरात स्टार बना दिया। वह उस समय 16 बरस की थीं। 1960 में दक्षिण में एक फिल्म की शूटिंग करते हुए मधुबाला को पहली बार खून की उल्टी हुई। इलाज के लिए वह अगले दिन अपने पति किशोर कुमार के साथ लंदन गईं। किसी को नहीं मालूम था कि उनके दिल में छेद है। डॉक्टरों ने कहा कि ऑपरेशन सफल नहीं होगा। इससे भी दुखद सूचना यह थी कि डॉक्टरों के अनुसार 27 वर्ष की युवा मधुबाला के पास जीवन के मात्र दो वर्ष शेष रह गये थे।

मधुबाला ने भारत में भी अनेक डॉक्टरों से कंसल्ट किया, सभी ने उनके डर की ही पुष्टि की। उन्हें फिल्मों से ब्रेक लेने के लिए कहा गया, लेकिन काफी फिल्में पूरी करनी थीं। मधुबाला ने बीमारी की स्थिति में ही 'मुगले-आजम' (1960) के गीत व कुछ सीन पूर्ण किये। इस फिल्म को पूरा होने में नौ साल लगे थे और वह दौर मधुबाला की पीड़ा का था। उन वर्षों में वह गीता दत्त व वहीदा रहमान को छोड़कर बमुश्किल ही फिल्मोद्योग के किसी व्यक्ति से मिलती थीं। वह नहीं चाहती थीं कि बीमारी की स्थिति में कोई उन्हें देखे। उनके जीवन के आखिरी वर्षों में दिन रात उनके साथ उनकी बहन मधुर भूषण (जाहिदा) ही रहती थीं। 23 फरवरी 1969 को मात्र 36 वर्ष की आयु में मधुबाला का मुंबई में निधन हो गया।

मधुबाला की मौत को 54 साल हो गये हैं। इतना समय गुजर जाने के बाद भी मधुबाला को उनकी सुंदरता के लिए याद किया जाता है। वह इतनी सुंदर थीं कि उन्हें मेकअप की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। मधुबाला की सुंदरता के कारण उनकी बहनों को उनके पास बैठने में काम्प्लेक्स होता था। लेकिन वह यह कहकर स्थितियों को सहज करतीं, 'मैं तो एक्ट्रेस हूं न, इसलिए लोग मुझे मुड़ मुड़कर देखते हैं। तुम एक्ट्रेस बन जाओगी तो तुम्हें भी लोग मुड़ मुड़कर देखेंगे।' बहरहाल, मधुर का कहना है कि मधुबाला का महत्व उनकी सुंदरता से कहीं अधिक है। बाहर की दुनिया के लिए वह रहस्य अवश्य थीं, लेकिन असल जीवन में वह अपनी बहनों के साथ बहुत मस्ती करती थीं, कभी बाल काट दिए, कभी कुछ कर दिया। उन्हें आइसक्रीम खाना व संगीत सुनना अच्छा लगता था। वह थिएटर में बुर्का ओढ़कर फिल्में देखने जाती थीं। अगर आप उनसे पहले न मिले होते तो आपको लगता ही नहीं कि वह एक्ट्रेस हैं। वह कभी अपने को स्टार महसूस नहीं करत थीं और न ही स्टार की तरह नखरे करती थीं। मधुबाला जिनसे प्रेम करतीं व भरोसा करतीं, उनसे उन्हें अक्सर धोखा ही मिला, इसलिए उनको लगता था कि 'सपना मेरा टूट गया' गाना उनके जीवन को व्यक्त करता है। मधुर का कहना है, 'मधुबाला को रोज यह प्रतीक्षा रहती कि उन्हें कोई डॉक्टर यह बताये कि उनके रोग का उपचार मिल गया है। वह जीना चाहती थीं।

हां, हम भाग्य को बदल नहीं सकते, लेकिन अगर उन्हें उन लोगों से बदले में प्यार मिलता, जिन्हें वह प्यार करती थीं तो मैं समझती हूं कि उन्हें अपने रोग से लड़ने के लिए अधिक ताकत मिल जाती, वह अधिक दिन जिन्दा रह जातीं।' इसलिए मधुर न सिर्फ मधुबाला की आत्मकथा 'नाइन इयर्स ऑफ मधुबाला' लिख रही हैं बल्कि उनकी बायोपिक बनाने का भी लम्बे समय से प्रयास कर रही हैं, जिसमें निरंतर अवरोध आ रहे हैं, खासकर इसलिए कि मधुबाला की अन्य बहनों को बायोपिक पर आपत्ति है। इसी वजह से फिल्मकार इम्तियाज अली ने बायोपिक के अधिकार लेने के बावजूद दो साल पहले कॉन्ट्रैक्ट रद्द कर दिया था।

## आप की बात

### समग्र विकास जरूरी

देश में गरीबी को खत्म करने के लिए और बेरोजगारी जैसी जटिल समस्या के निवारण क लिए चौतरफा विकास की जरूरत है। यह अच्छी बात है कि आर्थिक प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामााजिक विकास, वित्तीय समावेशन, उद्यमिता आदि हर क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहे हैं। गरीबी उन्मूलन में भी बड़ी सफलता मिल रही है। ऐसे एक महान राष्ट्र के निर्माण और भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प पूरा करने के लिए यह जरूरी है देश में गुणी शिक्षा का विकास हरेक स्तर पर हो। प्रत्येक बच्चे को विश्व स्तरीय शिक्षा के दायरे में लाया जाये। दुर्भाग्य से हमारे यहां प्राथमिक स्तर पर सरकारी शिक्षा का जो स्तर है वह बहुत ही सोचनीय है। जब यह सार्वजनिक रूप से विदित है कि 8वीं, 9वीं या कक्षा 10 के छात्र दूसरी कक्षा के हिंदी-अंग्रेजी के पाठ नहीं पढ़ पाते, जोड़, गुणा, भाग या घटाव के चौथी कक्षा के प्रश्न उनको समझ नहीं आते। नवीं, दसवीं के छात्र अंग्रेजी और हिंदी के मूल व्याकरण यानी इज, एम, आर का सही प्रयोग नहीं कर पाते, बीजगणित, ज्यामिति तो दूर की बात, वे गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस में भी भेद नहीं जानते, वह भी तब जब हम शिक्षा प्रसार, विस्तार के लिए करीब दो दशक से गहन प्रयास कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंतन जरूरी हो गया है। दरअसल केन्द्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय और स्वतंत्र एजेंसियों की रिपोर्ट ने शिक्षा व्यवस्था की पोल पट्टी खोल कर रख दी है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट में जिन दो प्रमुख तथ्यों को उजागर किया गया है। उन पर चिंता, चर्चा और चिंतन तीनों करने की अविलंब आवश्यकता है। मुफ्त ड्रेस, बैग, किताब मिड डे मील, बिना फीस की शिक्षा, शिक्षकों की अच्छी तनख्वाह के बावजूद अगर निजी शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु मारामारी है, वह भी मोटी फीस और अन्य कई शुल्क चुका कर अभिभावक यदि निजी शिक्षण संस्थाओं में नौनिहालों को भेजना पसंद कर रहे हैं और वहां के शिक्षा स्तर पर विश्वास कर रहे हैं, तो निश्चित रूप से यह गंभीर विषय है। इसके निदान हेतु केवल आधिकारिक या प्रशासनिक ही नहीं, सामाजिक चिंतन व चर्चा भी जरूरी है। हाल के वर्षों में उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में बेहतर सुधार देखने को मिल रहा है, लेकिन यह पठन-पाठन में सुधार के बजाय परीक्षाओं में बरती जाने वाली अनियमितता का परिणाम है। सीबीएसई, सीआईएससीई जैसे बोर्डों की बात छोड़ दी जाये तो अधिकांश राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं में जमकर नकल होती है। गौरतलब यह भी है कि केन्द्रीय बोर्ड की परीक्षाओं में कोई विशेष तैयारी की जरूरत बोर्ड को नहीं पड़ती है, लेकिन यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़ के बोर्ड या उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं में बड़ी तैयारियां होती हैं। परीक्षा केन्द्र का आवंटन, सीसीटीवी कैमरा, उड़न दस्ता जैसी तमाम औपचारिकताएं की जाती हैं। लेकिन फिर परीक्षा साफ-सुथरी नहीं होती है।

**महेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

### आउटसोर्सिंग भर्तियों में शोषण

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं।

**ब्रजेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## राधेश्याम तिवारी को एससी एसटी कोर्ट ने किया दोष मुक्त

अयोध्या। हैरिंग्टनगंज के आदिलपुर निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से जुड़े रिटायर्ड लेखपाल राधेश्याम तिवारी को 24 साल पुराने मामले में अयोध्या की एससी एसटी कोर्ट ने दोष मुक्त कर दिया। लंबे समय तक मानसिक, आर्थिक और सामाजिक अपमान का दंश झेलते हुए न्याय के लिये आशान्वित राधे श्याम के मामले में जब विशेष न्यायाधीश एससी एसटी शिवानी जायसवाल ने फैसला सुनाया तो क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। पूर्व प्रधान और समाजसेवी घनश्याम त्रिपाठी के बड़े भाई राधे श्याम तिवारी ने कोर्ट का आभार व्यक्त किया। मामले की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता राम यज्ञ तिवारी ने किया। प्रभाकर पाण्डेय , उमा शंकर शुक्ला, बृजनंदन तिवारी, भोला सिंह, अशोक तिवारी, संतोष सिंह, बलराम तिवारी, रामसुंदर सरोज, बीरेंद्र दूबे, राम मूरत यादव, दिनेश खत्री, हरि शंकर मौर्या, राकेश यादव, चंद्रेश सिंह सहित सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने अदालत के निर्णय को न्याय की जीत बताकर हर्ष व्यक्त किया।

## रेल किराये में वृद्धि की निंदा

अयोध्या। कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने केंद्र सरकार द्वारा एक बार फिर से रेल यात्रियों पर बोझ डालते हुए रेल किराये में वृद्धि की निंदा करते हुए कहा कि यह फैसला महंगाई की मार झेल रही आम जनता के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और जनविरोधी है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा सरकार का यह कदम एक तरफा और निंदनीय है। मोदी सरकार द्वारा लगातार पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य पदार्थों और अब रेल यात्रा को भी महंगा कर देने की नीति यह दशार्ती है कि सरकार आम जनता के हितों के बजाय केवल मुनाफाखोरी और निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा सरकार लगातार रेलवे के किराए में बढ़ोतरी कर रही पर सुविधा के नाम पर आम आदमी को कुछ नहीं मिल रहा वंदे भारत जैसी ट्रेनों के डिब्बे बरसात में चू रहे हैं। सरकार ने पहले से ही वरिष्ठ जन ऑन को मिल रहे सुविधाओं को समाप्त कर दिया और अब किराए में वृद्धि करके आम जनता को ठग रही है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा रेलवे एक जनसेवा का माध्यम है, लाभ का नहीं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस रेलवे को कांग्रेस सरकारों ने जनता की सुविधा और किफायती सफर के लिए विकसित किया, आज उसे भाजपा सरकार एक कॉर्पोरेट मॉडल में बदलने पर तुली हुई है।

## समाजवादी युवजनसभा ने किया पौधरोपण

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष,उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान सांसद अखिलेश यादव के जन्मदिवस के मौक पर समाजवादी युवजनसभा के जिला अध्यक्ष जय सिंह यादव के नेतृत्व में युवा लोगो ने मिलकर पिरखौली बहरायें में वृक्षारोपण कार्यक्रम व केक काटकर अपने नेता का जन्मदिन मनाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिवस अवसर पर मौजूद सभी लोगों ने एक पर्यावरण प्रेमी और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील व्यक्तित्व वाले अपने नेता के लिये सभी समाजवादी लोगो ने पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर शरद पासवान, राम चन्द्र रावत,चन्द्रपाल यादव,राम करण रावत, राम बहादुर रावत आदि लोग मौजूद रहे।

# दबंगों ने महिलाओं व बच्चों को बर्बरता पूर्वक पीटा

- ट्रैक्टर से गिरे दीवाल, गृहस्थी के समान तोड़कर किए नष्ट
- हल्का दरोगा की भूमिका को लेकर ग्रामीणों ने की शिकायत
- दो नामजद एवं अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज



मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत उधुई गांव छेड़खानी और दबंगई करने से मना करने पर सशस्त्र हमलावरों द्वारा ट्रैक्टर चला कर गृहस्ती के समस्त सामान तोड़फोड़ कर नष्ट किए जाने सहित पक्की ईंटों से नवनिर्मित दीवाल को भी गिरा दिए जाने और घर की महिलाओं तथा बच्चों को बर्बरता पूर्वक पीट पीट कर लहू लुहान किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के घंटों बाद पहुंची कुमारगंज पुलिस ने पीड़ित घायलों को इलाज के लिए संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। पीड़ित परिवार ने कुमारगंज थाने में तैनात हल्का दरोगा नीरज चैरसिया पर हमलावरों के प्रभाव में आकर मनचाही तहरीर भी लिखवा लिए जाने का आरोप लगाया है। हालांकि थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने पीड़ित श्याम नारायण मौर्य की तहरीर पर दो नामजद एवं अन्य कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट सहित छेड़खानी की गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष ने घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी एवं घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर बरामदगी के लिए पुलिस टीम गठित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक उधुई गांव निवासी श्याम नारायण मौर्य गांव के बाहर आबादी की भूमि पुराना मकान बनाकर रह रहे हैं वह अपने मकान की बाउंड्री का निर्माण कर रहे थे और दीवार भी लगभग 7 फीट ऊंची निर्मित हो गई थी। पीड़ित का आरोप है कि बीते 30 जून की रात करीब 8:30 बजे गांव के ही प्रेम कुमार पांडे एवं राम बहादुर पांडे अपने कई अन्य अज्ञात साथियों के साथ उनके दरवाजे पर ट्रैक्टर लेकर पहुंच गए। पहले उक्त मनमाड लोगों ने उनकी नाबालिग बेटी एवं पत्नी के साथ छेड़खानी की और विरोध करने पर उक्त लोगों द्वारा बच्चों एवं महिला को जमकर पिटाई कर दी गई। इससे भी जी नहीं भरा तो प्रेम कुमार पांडे ने नवनिर्मित दीवाल को ट्रैक्टर से धकेल कर गिरा दिया तथा घर के बाहर रखे तखत, चारपाई, साइकिल, ठेला, कुर्सी, मेज और मोबाइल पर ट्रैक्टर चढ़कर नष्ट कर दिया। यह सब देख रहे 70 वर्षीय दिव्यांग राम अवध ने उग्र लोगों को रोका तब उन्होंने उन्हें भी तख्त से नीचे धकेल दिया। बुजुर्ग घटना के बाद पीड़ित परिवार ने कुमारगंज पुलिस को सूचना दी और थाने पहुंचा। पीड़ित परिवार का आरोप है कि थाने पर मौजूद हल्का दरोगा नीरज चैरसिया ने अपने अनुसार बोल-बोलकर मनचाही तहरीर लिखवा लिया। मंगलवार को सुबह करीब 10:00 बजे थानाध्यक्ष ओमप्रकाश थाने के उप निरीक्षक धनीराम वर्मा जी एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का गहन निरीक्षण कर पीड़ित परिवार का बयान दर्ज किया। उन्होंने बताया कि मामले में श्याम नारायण की तहरीर पर छेड़खानी सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। उन्होंने विगत कई दिनों से क्षेत्र के कई प्रकरणों में संदिग्ध भूमिका निभाने वाले उपनिरीक्षक नीरज चैरसिया के बारे में बताया कि उनके विरुद्ध मिल रही लगातार शिकायतों को लेकर विभागीय उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है, जल्द ही उनके विरुद्ध कार्यवाही हो जाएगी। घटना की जानकारी पाकर क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार को कार्यवाही एवं न्याय का भरोसा दिलाया। उधर घटना की जानकारी पाकर भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत मौर्य एवं जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी सहित आसपास के कई ग्राम प्रधान एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिलाध्यक्ष अजीत मौर्य ने घटना में शामिल आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

# नगर पंचायत कुमारगंज में बनेगा कल्याण मंडपम

कुमारगंज-अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज में सामुदायिक सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सरकार ने वैश्विक नगर उदय योजना के तहत पिठला में कल्याण मंडपम के निर्माण के लिए 1.39 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत किया है। उक्त जानकारी देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह छोटू ने बताया कि इस परियोजना के तहत शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है जिससे क्षेत्र के लगभग 5 हजार लोग लाभान्वित होंगे। कल्याण मंडपम के निर्माण का टेंडर सीएन और डीएस कार्यदाई संस्था को प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह मंडपम न केवल वैवाहिक समारोहों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक आदर्श स्थान होगा तथा स्थानीय लोगों को सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए एक किफायती और सुविधाजनक विकल्प भी प्रदान करेगा।वैश्विक नगर उदय योजना के अंतर्गत इस परियोजना का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और सामुदायिक सुविधाओं को बढ़ावा देना है। कल्याण मंडपम का निर्माण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह मंडपम विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के लिए एक केंद्रीकृत स्थान प्रदान करेगा। इसके निर्माण से न केवल सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति देगा।

# सपरिवार अयोध्या पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, रामलला का लिया आशीर्वाद

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी सपरिवार सोमवार को अयोध्या पहुंचे। हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सरयू अतिथि गृह में भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। स्वागत के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। जिला पंचायत अध्यक्ष के जन्मदिन की सूचना पर उन्होंने शुभकामनाएं दी। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह से संगठन के चल रहे अभियानों तथा पूर्ण हो चुके अभियानों के बारे में जानकारी लिया। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों में जनता से सम्पर्क व योजनाओं की चर्चा करने के लिए निर्देशित किया। महापौर के आवास पहुंचे व कार्यकर्ता से मुलाकात किया।

दर्शन के पश्चात भूपेंद्र चैधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि भारत अपनी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के आधार पर आगे बढ़े। आगामी चुनावों की तैयारी के तहत भाजपा जनसंपर्क और जनसंवाद को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने 11



वर्षों के शासन का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा है और कार्यकर्ता घर-घर जाकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। संगठन के अंतिम चरण के गठन के तहत कई जिलों में अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है, जल्द ही प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी चुनाव होंगे। सरयू अतिथि गृह में स्वागत करने वालों में अवधेश पाण्डेय बादल, शैलेन्द्र कोरी, सुनील तिवारी शास्त्री, डा. अवधेश वर्मा, अमल गुप्ता, अभय सिंह, सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# टीआरसी लॉ कॉलेज में मना वार्षिक उत्सव विधान

- विधि छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम
- जिला समाज कल्याण अधिकारी ने छात्रों को दिलाया अनुशासनात्मक जीवन जीने का संकल्प

सतरिख, बाराबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज में वार्षिकोत्सव विधान 2025 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राकेश कुमार मिश्रा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त विधि त्रिवर्षीय एंव पंचवर्षीय छात्र-छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम मे विविध प्रकार के खेल बैलून एंड कप, लेमन एंड स्पून, आलू पिलर, सूई एवं धागा, गुब्बारें फुलाने की प्रतियोगिता का कर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि छात्रों की प्रतियोगिताओं को देखकर उन्हे अपने छात्रजीवन की स्मृतियां याद आयी। कि कैसे हम सभी भी अपने छात्रजीवन में विभिन्न क्रियाकलापों में भागीदारी करते थें। उन्होने सभी छात्रों को एक




समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह एंव विशिष्ट अतिथि सदस्य शैक्षणिक परिषद कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष/महाविद्यालय प्रबन्धक सुजीत चतुर्वेदी, सामाजिक कार्यकत्री श्वेता चतुर्वेदी, प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता, प्रशासनिक निदेशिका रोली मिश्रा, शैक्षणिक आयोजन किया गया। विजयी छात्र-छात्राओ को मुख्य अतिथि एंव विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। तथा संस्था के सांस्कृतिक, खेल, शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में सत्र के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित अनुशासनात्मक जीवन जीतें हुए अपने भविष्य को एक सही दिशा में ले जाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डा0 प्रमोद कुमार पाण्डेय, राजकुमार तिवारी, अखिलेश वर्मा, अमित वी महाजन, भावना वर्मा, डा0 दीपमाला श्रीवास्तव, रोहिणी त्रिपाठी मौजूद रहे।

# लापरवाही बरतने वाले स्कूल वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग ने शुरू किया विशेष अभियान

- एआरटीओ ने पत्रावलियो को जांच कर किये 6 स्कूली वाहन के चालान
- पत्रावलियों को दुरस्त रखने हेतु चालकों को किया निर्देशित

बाराबंकी। बिना फिटनेस व अनफिट के वाहन संचालन करने परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने विभिन्न मार्गो पर प्रदूषण, प्रमाण पत्र, बिना सीटबेल्ट के पाये जाने पर 6 स्कूली वाहनो का चालान करते हुये पत्रावलियो को दुरस्त रखने हेतु निर्देशित किया। इस सम्बन्ध मे एआरटीओ ने बताया कि 1 से 15 जुलाई तक स्कूली वाहनो के प्रपत्रो की जांच एंव बिना फिटनेस के




वालों स्कूल वाहनों के खिलाफ 1 से 15 जुलाई तक परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया है। अभियान के दौरान सहायक सम्भागीय विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। जिसमे आज मंगलवार को 6 स्कूली वाहनो के पत्रावलियो की जांच करते हुये चालान किये गये।

## अनफिट स्कूली वाहनों के विरुद्ध चला अभियान




बहराइच। बहराइच में परिवहन विभाग द्वारा अनफिट स्कूली वाहनों के विरुद्ध अभियान का प्रारंभ कर दिया गया। इस क्रम में यात्री कर अधिकारी अवध राज गुप्ता द्वारा विभिन्न विद्यालयों पर स्वयं जा जाकर संपर्क स्थापित कर जिन स्कूल के वाहन अनफिट थे उनके प्रधानाचार्य और प्रबंधक को एक सप्ताह के अंदर वाहनों को दुरुस्त कर लेने के निर्देश दिए गए। इस क्रम में सरदार पटेल स्कूल केसरगंज राम मूर्ति शिक्षण संस्थान जरवल, राम रहीम नंदन कृष्णा स्कूल, संत पथिक स्कूल पर जाकर प्रपत्र चेक किए गए तथा अनफिट वाहनों के प्रपत्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सड़क पर विद्यालय के वाहनों को चेक किया गया तथा चालको के लाइसेंस न होने की स्थिति में चालान किया गया। यह अभियान निरंतर चलता रहेगा तथा वाहनों को समय से दुरुस्त न करने वाले प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य के विरुद्ध एफ आई आर कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कटान प्रभावित ग्राम जानकीनगर का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



बहराइच ।जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ तहसील महसी अन्तर्गत कटान प्रभावित ग्राम जानकीनगर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता, सरयू ड्रेनेज खण्ड-प्रथम ने बताया कि ग्राम जानकीनगर में घाघरा नदी द्वारा लगभग 1.000 कि.मी. लम्बाई में तीव्र कटान हो रही है। श्री वर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा कटान रोकने का कार्य प्रगति पर है। डीएम ने निर्देश दिया कि टीमें बढ़ाकर युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए कटान को नियंत्रित किया जाय। डीएम ने मौके पर मौजूद तहसीलदार विकास कुमार व खण्ड विकास अधिकारी हेमन्त यादव को निर्देश दिया कि कटान प्रभावित विस्थापित परिवारों के रहने व भोजन इत्यादि का उचित प्रबन्ध किया जाय। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने कटान प्रभावित परिवारों से भी भेंट कर उनका कुशल क्षेम पूछा तथा बच्चों को फल का वितरण किया।

## सीडीओ ने स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र व पंचायत भवन का किया निरीक्षण




बहराइच ।जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने, आंगनबाडी केन्द्रो व पंचायत भवन के प्रतिदिन खुलने आदि की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा सोमवार को विकास खण्ड-तेजवापुर की ग्राम पंचायत-आदिलपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय रंजीतपुर का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के समय सभी अध्यापक उपस्थिति थे किन्तु छात्र संख्या काफी कम थी। कक्षा 06, 07 व 08 को मिलाकर लगभग 15 बच्चे ही उपस्थित थे। आगंनबाडी केन्द्र खुला था जिसमें सहायिका उपस्थित थी कार्यकत्री बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाई गई। पंचायत भवन देखने से लगा कि पंचायत भवन कभी नही खुलता है। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन बन्द मिलने का कड़ा संज्ञान लेते हुए सीडीओ श्री चन्द्र ने मौके से ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि पंचायत सहायक के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए सहायक विकास अधिकारी ( पं. ) व ग्राम पंचायत सचिव का भी उत्तरदायित्व निर्धारित करें। जबकि स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी सम्बन्धित के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

## फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बन छापा मारने का खौफ दिखा बनाया शिकार



बाराबंकी। फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बन पेट्रोल पम्प पर छापा मारने का खौफ दिखाकर ठगो का शिकार हुये पीड़ित को साइबर सेल टीम ने रकम वापस करवाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित थाना नगर कोतवाली अन्तर्गत लाजपत नगर निवासी हरमीत सिंह ने आनलाइन 1930 पर फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बन पेट्रोल पम्प पर छापा मारने की बात कर 47,500 रुपए ठगी किये जाने की शिकायत की। शिकायत के बाद क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव के नेतृत्व मे गठित साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय प्रकाश राय, निरीक्षक संजीव कुमार यादव, उ0नि0 इफलाक अहमद, उ0नि0 सत्येंद्र पांडेय, मुख्य आरक्षी नीरज यादव, जितेंद्र, आरक्षी सुधाकर सिंह भदौरिया, आरक्षी राजन यादव, आरक्षी अभिषेक चपराणा, अंकुश, आरक्षी पंकज सिंह, अनुराग सिंह, अंकित कुमार, म0आरक्षी मोहिनी तिवारी की टीम ने कार्यवाही करते हुये पीड़ित को सम्पूर्ण धनराशि खाते मे वापस करवाई।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय अभिनन्दन समारोह आयोजित



बहराइच ।राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रिसिया बहराइच में आयोजित मुख्यमंत्री अभ्युदय अभिनन्दन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने छात्र-छात्राओं का अभिनन्दन करते हुए गत वर्ष में चयनित अभ्यार्थियों को प्रमाण पत्र तथा चालू वर्ष में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे नवीन प्रवेशित छात्र-छात्राओं को पहचान पत्र, चयन पत्र वितरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री सिंह ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के आर्थिक उत्थान हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही जीरो पावर्टी के अंतर्गत लाभान्वित व्यक्तियों को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने समाज को ज्ञान की दिशा और सामाजिक व्यवस्था को सुधारने वाले गौतम बुद्ध जी के उपदेशों और उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचारों का मात्र धार्मिक क्षेत्र में ही नहीं अपितु कला, साहित्य, दर्शन और सामाजिक सुधारों में भी महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम के अन्त में सीडीओ ने मुख्य अतिथि विधायक सुरेश्वर सिंह को प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

## मर्जर व सरप्लस सूची से भड़का प्राथमिक शिक्षक संघ

अयोध्या। मर्जर और सरप्लस सूची से प्राथमिक शिक्षक संघ आक्रोशित हो उठा है और इसके लिए चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। मंगलवार को संगठन की वर्चुअल मीटिंग को संबोधित करते हुए प्रांतीय ऑडिटर एवं जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहां की सरकार तानाशाही रवैया अपना कर नौनिहालों की शिक्षा से खिलवाड़ कर रही है। उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के पद समाप्त कर प्रधानाध्यापक को सरप्लस किए जाने तथा विद्यालयों के मर्जर से बेसिक शिक्षा के पटरी से उतरने की आशंका है।हजारों रसोइयों की सेवा समाप्त हो जाएगी जो निर्दयी निर्णय है। इसके विरुद्ध शिक्षकों को मजबूरन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करना पड़ रहा है। संचालन कर रहे जिला मंत्री डॉ चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि प्रधानाध्यापक विहीन विद्यालय बिना इंजन की रेलगाड़ी के समान हो जाएंगे। विद्यालय के मर्जर से अधिकांश विद्यालय की दूरी बढ़ जाएगी।

# जालिमनगर स्थित घाघरा नदी सेतु कटान का निरीक्षण



बहराइच ।सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ.प्र. शासन प्रकाश बिन्दु ने प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग ए.के. द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता, लो.नि.वि. देवीपाटनमण्डल अखिलेश कुमार दिवाकर, मुख्य अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग ए.के. जैन, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि. अजय भास्कर, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार व निर्माण खण्ड-1 अमर सिंह तथा अधि.अभि. स.ड्रे.ख. सिंचाई विभाग जे.पी. वर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ एनएच-730 के किमी 190 पर (जालिमनगर) स्थित घाघरा नदी सेतु के गाइड बंध की हो रही कटान का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मौके पर सिंचाई विभाग, बहराइच को तत्काल आगणन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ श्री द्विवेदी द्वारा लगातार हो रही कटान से भष्यिय में कोई विषम परिस्थितियां न उत्पन्न हो, के दृष्टिगत प्रत्येक दशा में 02 जुलाई 2025 तक आगणन शासन को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा उक्त की स्वीकृति प्राथमिकता के आधार पर निर्गत कराये जाने की बात कही गयी। वर्तमान में मौके पर लगभग 250 मी. कटान की स्थिति है, जिससे पानी के बहाव से अप्रन की लांचिंग हो रही है एवं मौके पर स्काउरिंग डेप्थ लगभग 13 मी. गहराई तक पायी गयी। उच्चाधिकारियों द्वारा कार्य को तत्काल कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि भविष्य में कोई विषम स्थिति उत्पन्न न हो।

## कारापाल से अधीक्षक पद पर प्रोन्नत हुए जितेन्द्र प्रताप तिवारी



बाराबंकी। डिप्टी जेलर पद से 1998 मे नौकरी की शुरूआत करने वाले जेलर जितेन्द्र प्रताप तिवारी का अधीक्षक पद पर शासन द्वारा पदोन्नति की गई है। बीती 30 जून को शासन द्वारा जारी की गई सूची मे जेलर जितेन्द्र प्रताप तिवारी का नाम भी शामिल है। बताते चले कि जेलर से अधीक्षक पद पर पदोन्नति पाने वाले श्री तिवारी ने 1998 से जिला कारागार गाजीपुर से डिप्टी जेलर के रुप मे अपनी नौकरी की शुरूआत की। और वर्ष 2017 मे श्री तिवारी जेलर पद पर पदोन्नति पाये। श्री तिवारी उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण जेलो मे अपनी सेवा दे चुके है। जिला कारागार लखनऊ, सीतापुर, मुरादाबाद, ललितपुर, फतेहपुर, नोएड़ा के बाद बाराबंकी जिला कारागार मे जेलर के रुप मे तैनात हुये। और यही पर तैनाती अवधि मे श्री तिवारी को अधीक्षक पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई है। जिसके बाद समाजसेवियो, बुद्धिजीवियो एंव जेलकर्मियो द्वारा बूके देकर पदोन्नति की बधाई दी है।

संक्षेप

## अवैध खनन जोरों पर प्रशासन मूकदर्शक

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध खनन को स्थानीय पुलिस ने तत्परता से दो डंफर सीज कर विधिक कार्यवाही की है। मंगलवार को अवैध खनन की शिकायत को उच्चाधिकारियों को निर्देश पर चौकी प्रभारी सत्य प्रकाश ने तत्परता से मौके पर पहुंच कर अवैध खनन कर रहे दो डंफर सीज करते हुए आवश्यक कार्यवाही की है थानाध्यक्ष तनुज पाल ने बताया कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खनन कर रहे दो डंफर को सीज करते हुए विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## एसडीएम ने गो आश्रय स्थल किया निरीक्षण

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** मंगलवार को नवागत एसडीएमजयसिंहपुर प्रभात कुमार सिंह मलिकपुर बखरा स्थित गो आश्रय स्थल पहुंचकर निरीक्षण किए। गो आश्रय स्थल पर कुल 193 गोवंश मौजूद थे। जिनमें 79 नर व 114 मादा मौजूद है। स्थल पर हरा चारा व करीब सौ कुंतल भूसा का पर्याप्त मात्रा पाया गया। इस दौरान स्थल पर मौजूद रजिस्टर का भी उन्होंने अवलोकन किया। एसडीएम ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में चारे की मौजूदगी है। साफ सफाई भी स्थल पर देखने को मिला। गोवंशों के देखरेख में कोई कमी न होने पाए इसलिए निरीक्षण किया गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में कल बिजली रहेगी बाधित

**महराजगंज, रायबरेली।** ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा बुधवार को बेराडू से महराजगंज ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र को आने वाली 33 के0वी0 लाइन के अगल-बगल आ रहे पेड़ की टहनियों की छटाई का कार्य होना प्रस्तावित हुआ है। महराजगंज ग्रामीण उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्रों में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता संदीप कुमार ने दी है।

## सुंदरकांड पाठ के साथ शिक्षण कार्य प्रारंभ

**लालगंज, रायबरेली।** सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद प्रथम शैक्षणिक दिवस पर सुंदर काण्ड, हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनंत कुमार पांडे, विद्यालय के प्रबंधक कैलाश बाजपेई, कोषाध्यक्ष कौशलेंद्र कंचन, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्य क्रम का शुभारंभ किया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनूप पांडे ने कहा कि कोई भी कार्य करने के पहले हमारे सनातन धर्म में पूजन कार्यक्रम किया जाता है जिससे कार्य में सुगमता रहती है एवं मन को एकाग्रता प्राप्त होती हैं। प्रबंधक कैलाश बाजपेई ने कहा कि सुंदरकांड पाठ करने से हर कार्य सुंदर ढंग से संपादित होते हैं। सुंदरकांड जहां मन को शांति प्रदान करता है वही वातावरण भी शुद्ध होता है। इस अवसर पर रामनारायण सिंह, जगदेव प्रसाद, रमेश मिश्रा, रामशरण अग्निहोत्री, रमेश बाजपेई ,दिवाकर सिंह ,सुरेश वर्मा ,शिवांकरी ,आर्या, संस्कृति यादव ,दिव्यांशी ,मनीषा, अनामिका सिंह और मंगलम सिंह शिवा बाजपेई ने सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया।

# प्रा. विद्यालयों से रूठा बचपन अब नहीं गूंजेगी किलकारियां

### छः सौ से अधिक विद्यालयों के मर्जर होने से गरीब बच्चों की शिक्षा पर होगा असर



हरीश नन्द मिश्र

**रायबरेली।** सरकारी प्राथमिक स्कूलों से बचपन रूठ गया है अब किलकारियां नहीं गूंजेगी और शिक्षा भवन की दीवारों के भीतर का विहंगम दृश्य जो बच्चों के अल्हड़पन थिरकते कदम तथा बिना सोच विचार के लिए की गई बच्चों की मनमानी अब शायद कभी नहीं होगी। विद्यालय वीरान पड़े होंगे, बच्चे उनसे दूर होंगे, यह हकीकत है। लगभग दो दशक के भीतर खोले गए उन तमाम प्राथमिक व उच्च प्रा.विद्यालयों की जहाँ ग्राम सभाओं में शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से सरकार ने खोले जिनका प्रमुख कारण यह भी रहा कि लाचार और मजबूर जो आर्थिक तंगी के शिकार हैं अपने बच्चों को अपने घर के निकट शिक्षा दे सकेंगे और वह बच्चे लाभान्वित होंगे, जिनके लिए कोई सहारा नहीं है बेबसी और लाचारी पर जब कुठाराघात हुआ तो ऐसा हुआ कि अब उन बच्चों को या तो कान्वेंट की शरण लेनी पड़ेगी या 2 से 3 किमी दूर स्थित विद्यालयों में नौनिहालों को पढ़ाई करनी पड़ेगी यह सरकारी फरमान है। गरीब लाचार आर्थिक तंगी से गुजर रहे लोग इस सरकारी फरमान से हैरान है कि आखिर ऐसा क्यों किया गया है जिससे उन लोगों को मुसीबत उठानी पड़ेगी जो असहाय हैं। शिक्षा प्रणाली राष्ट्र की रीढ़ होती है शिक्षा एक व्यविस्थत प्रक्रिया है जिससे बच्चे वयस्क ज्ञान अनुभव कौशल तथा स्वस्थ दृष्टिकोण प्राप्त करते हैं जो प्रतिभा व नवाचार को बढ़ावा देती है। बताया जाता है कि प्राथमिक एवं उच्च प्रा. विद्यालयों में 50 छात्रों से कम संख्या वाले जनपद के छः सौ से अधिक विद्यालयों को मर्जर करने की व्यवस्था गतिमान है जिसमें लगभग 129 विद्यालय पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसके बाद 30 से कम छात्रों वाले 259 स्कूल मर्ज किये जायेंगे। कहा जाए तो शिक्षकों के लिए मर्जर की व्यवस्था तो बहुत कठिनाई नहीं पैदा करेगी बल्कि उधर नौनिहाल बच्चों का क्या होगा जिन्हें अपनी ग्राम सभा को छोड़कर अन्य ग्राम सभाओं में जाकर शिक्षा ग्रहण करनी पड़ेगी तथा उनके अभिभावक जो बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए पड़ोस के विद्यालय में दाखिल कराए हैं। सवाल तो यह भी है कि दिव्यांग बच्चों का क्या होगा उनके आने जाने का प्रबंधन कैसे किया जाएगा यह भी विचारणीय है कि लगभग 2 वर्षों में लाखों खर्च कर विद्यालयों का नवीनीकरण कराया गया जिसमें पेयजल, बाउंड्रीवाल, इंटरलॉकिंग आदि की बेहतर व्यवस्था सरकार ने की और विद्यालय को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया परंतु मर्जर होने के उपरांत वीरान पड़े विद्यालयों की दशा क्या होगी और व्यवस्था पर पानी की तरह बहाया गया पैसा किस काम का हुआ। प्रदेश सरकार गाँव गाँव प्राइवेट विद्यालयों को मान्यता प्रदान कर रही है जिसमें महंगी शिक्षा प्रदान करने की कसमें खाई जाती है और वादे भी निभाए जाते हैं, परंतु उन गरीब लोगों का क्या जिनके पास न पैसा है न अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए कोई सुविधा है। जैसे तैसे इन प्राथमिक विद्यालयों में गरीब और असहाय लोगों के नौनिहाल अपनी प्राथमिक शिक्षा दीक्षा लेकर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने चले जाते थे जो अब मुश्किल में दिख रहा है।

# नये उत्साह से स्कूल पहुंचे नौनिहाल

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली गर्मी की छुट्टियों के अवकाश का आनंद लेने के पश्चात प्राइमरी वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए भी खुल गया। छोटे-छोटे बच्चे हंसते खिलखिलाते उत्साह पूर्वक जब अपने स्कूल पहुंचे तो उनके टीचर्स ने भी बड़े ही स्नेहिल भाव से उनका स्कूल गेट पर वेलकम किया। विद्यालय परिसर एक बार फिर से चहल-पहल और बच्चों की किलकारियों से गूंज उठा। डेकोरेटेड स्कूल एवं क्लास रूम देखकर बच्चे खुश हो गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बच्चों ने मां सरस्वती का पूजन कर उनका आशीष प्राप्त किया। अन्त में प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में बच्चों को इस नए सेशन में नये उत्साह एवं जोश के साथ पढ़ने के लिए प्रेरित कर अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु उनमें नई ऊर्जा का संचार कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एंव कर्मचारी उपस्थित रहे।



**स्कूलों के नये सत्र की शुरुआत :** बेसिक शिक्षा विभाग में गर्मी की छुट्टियों के बाद सत्र शुरू हो गया है। नए सत्र की शुरूआत के साथ ही स्कूल चलो अभियान, नामांकन मेला और पुस्तक वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की स्थिति बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि स्कूलों चलो अभियान के माध्यम से विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षक, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य व माँ समूह के सदस्य घर-घर जाएंगे। वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने राही ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय झकरासी में बच्चों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की।

# रोग नियंत्रण अभियान की रैली को सीडीओ ने दिखायी हरी झंडी



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जनपद में मंगलवार से शुरू हुए संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने कलेक्ट्रेट सभागार से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा, जिसका उद्देश्य जनमानस को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी संचारी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना है। सीडीओ अंकुर कौशिक ने अभियान की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि जनसहभागिता से ही बीमारियों पर नियंत्रण संभव है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों को इस अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश दिए। इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को इन बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी देंगी, साथ ही जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। अभियान के दौरान लोगों को बताया जाएगा कि घर और आस-पास की सफाई, मच्छर रोधी उपाय जैसे पानी जमा न होने देना, मच्छरदानी का प्रयोग, और नियमित हाथ धोने जैसी आदतें बेहद जरूरी हैं।

## बाबा अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था रवाना

**तिलोई, अमेठी।** सिंहपुर एवम्तिलोई ब्लाक क्षेत्र से बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए 70 से अधिक श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना हुआ। सुबह सभी यात्री रामपुर पंवारा स्थित ऐतिहासिक बाबा दत्तेहरेश्वर धाम पर एकत्र हुए । जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह द्वारा यात्रियों को अंगवस्त्र प्रदान किए गए ।वहां से गाजे बाजे एवं डी जे की धुन पर थिरकते हुए जत्था सेमरौता चौराहे से होते हुए अहोरवा भवानी पहुंचा जहाँ आदिशक्ति पीठ माँ अहोरवा भवानी का दर्शन कर यात्रा का आरम्भ किया ।अहोरवा भवानी चौराहे पर व्यापारी नेता दिनेश गुप्ता ने सभी भक्तों को जलपान कराने के पश्चात दक्षिणा देकर विदा किया ।बाबा अमर नाथ जाने वाले श्रद्धालुओं में आशीष मिश्रा,सुरेन्द्र यादव,शत्रोहन यादव, करन साहू,राहुल वैश्य, संदीप सोनी,रोहित समेत 70 से अधिक श्रद्धालु शामिल रहे ।क्षेत्र के सैकड़ों लोग औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर स्थित महाराजा बिजली पासी स्टेशन तक छोड़ने गए ।इस अवसर पर राजा भईया पन्हौना, कुंवर अवनेद प्रताप सिंह हेमेंद्र प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बंटी सिंह सेमरौता ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई,रामपुर पंवारा प्रधान नन्द किशोर,अम्बरीष जायसवाल, कल्लू वैशय दिनेश जायसवाल, जयकांत, नीरज शुक्ल अशोक सोनी ,नीतम,अरुण मिश्रा दीपू शुक्ला हिमांशु अवस्थी राहुल गुप्ता सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने स्वच्छता अग्रदूत पद से दिया त्यागपत्र

**सुलतानपुर (वीओएल)।** नगर के प्रसिद्ध पर्यावरण एवं स्वच्छता संगठन गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने नगर पालिका परिषद द्वारा नामित स्वच्छता एवं सेवा ब्रांड एंबेसडर ( स्वच्छता अग्रदूत ) पद से त्यागपत्र दे दिया है। मदन सिंह को यह पद नगर में स्वच्छता जागरूकता और लगातार स्वच्छता श्रमदान अभियानों के लिए वर्ष- 2023 में प्रदान किया गया था। उन्हें उम्मीद थी कि इससे नगर पालिका परिषद सीताकुंड धाम के विकास हेतु उठाई गई मांगों पर गंभीरता से काम करेगी, लेकिन गोमती मित्र मंडल का कहना है कि पिछले एक वर्ष में परिषद द्वारा न तो एक भी मांग का निस्तारण किया गया, और न ही सीताकुंड धाम जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल के समुचित विकास को लेकर कोई ठोस प्रयास हुआ। मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने जानकारी दी कि निराशा और उपेक्षा से आहत होकर, संगठन से विचार-विमर्श के बाद मदन सिंह ने त्यागपत्र नगर पालिका परिषद को भेज दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि विकास कार्यों को लेकर जल्द ठोस पहल नहीं हुई, तो संगठन एक बड़े जन आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा।

## नवजातों के परिजनों को पौध वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार में वन महोत्सव के प्रथम दिन विशेष पहल के तहत ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट अभियानआयोजित किया गया। इस अवसर पर तीन नवजात शिशुओं के माता-पिता को पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक स्वरूप पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर बी.के. यादव व सीएचसी अधीक्षक डॉ. शैलेश प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से नवजातों के परिजनों को पौधे प्रदान कर उन्हें हरियाली के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर एएनएम रीता गुप्ता, एएनएम अर्पिता उपाध्याय सहित समस्त हॉस्पिटल स्टाफ मौजूद रहा। डिप्टी रेंजर बी.के. यादव ने बताया कि जन्म के साथ एक पौधा देकर हम पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ एक नई सोच को जन्म दे रहे हैं। अधीक्षक डॉ. शैलेश प्रताप सिंह ने कहा कि हर नवजात को पौधा देकर इस मुहिम को आगे बढ़ाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य हर परिवार को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना है। इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है और इसे पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य क्षेत्र की एक सकारात्मक शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है।

# गल्ला व्यापारी की हत्या से दहशत, पत्नी घायल, बच्चों ने छिप कर बचायी जान

- महरानीगंज में सोते समय व्यापारी व पत्नी को मारी गोली



**खीरों,रायबरेली।** थाना क्षेत्र खीरों के सेमरी चैकी अंतर्गत महरानीगंज गांव में सोमवार की रात एक गल्ला व्यापारी की हत्या से सनसनी फैल गई। अज्ञात हमलावरों ने घर की छत पर सो रहे सुखदेव ( 45 ) और उनकी पत्नी सरोजनी ( 40 ) पर चाकू और गोली से हमला कर दिया। हमले में व्यापारी सुखदेव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी सरोजनी गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिसको आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर एम्स रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया है। वारदात के वक्त घर में सो रहे चार बच्चों ने कमरे का दरवाजा बंद कर शोर मचाया और फोन से परिजनों को सूचना दी, जिससे हत्यारे भाग निकले।

घटना की सूचना मिलते ही मोहल्ले में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में खीरों थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी, एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

घटना के बाद व्यापारी वर्ग में रोष है। पुलिस प्रशासन से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की गई है। एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। सभी पहलुओं पर काम किया जा रहा है, जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। मृतक के पिता दयाराम ने बताया वह बड़े बेटे आनंदपाल लोधी के साथ रामनगर गांव में रहते हैं। मृतक सुखदेव अपनी पत्नी सरोजनी और चार बच्चों - रागिनी (19), शालिनी (16), आयुष (13) व आयांश (7) के साथ महरानीगंज में रोड किनारे घर बनाकर रह रहे थे और गल्ला व्यापार करते थे। परिजनों का कहना है कि सुखदेव का किसी से कोई विवाद नहीं था, वह सरल स्वभाव के थे।

# डॉ. सिंधु जीत ने 52 जरूरतमंदों को साइकिलें भेंट कर दिया समाजसेवा का संदेश





**गौरीगंज, अमेठी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी कार्यालय, गौरीगंज में मंगलवार को एक विशेष जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव एवं विशिष्ट अतिथि युवा समाजवादी नेता डॉ. सिंधु जीत सिंह रहे। सपा नेता डॉ. सिंधु जीत सिंह द्वारा 52 चिन्हित जरूरतमंदों को साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी पदाधिकारियों ने केक काटकर उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना के साथ हुआ। डॉ. सिंधु जीत सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन हम केवल एक औपचारिक उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सेवा और समाजवाद के मूल सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के रूप में मनाते हैं। आज 52 जरूरतमंदों को साइकिलें वितरित कर हमने यह संदेश दिया है कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, श्रमिक और वंचित वर्ग के साथ खड़ी है।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव का विधायक राकेश प्रताप सिंह पर विवादित बयान कहा जो कल तक ₹भीखर₹ मांगने वाला व्यक्ति था उसको अखिलेश यादव ने राजा बना दिया । सपा जिलाअध्यक्ष इतने पर भी नहीं रुके, बोले इतना नालायक विधायक आज तक गौरीगंज में न हुआ है ना होगा इस बयान पर शियासी घमासान मचा हुआ है।इस मौके पर राजेश मिश्रा (प्रवक्ता), अरशद अहमद, राकेश यादव, चंद्रशेखर यादव, जीत सिंह बबलू, गुंजन सिंह, केडी सरोज मौजूद रहे।

### पौधरोपण कर मनाया अखिलेश का जन्मदिन

**गौरीगंज, अमेठी।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्म दिवस पर पूर्व प्रत्याशी प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य जैनुल हसन ने ऐंधी में कार्यकताओं के साथ केक काटकर उनके दीघार्यु की कामना की। कार्यकताओं ने वृक्षारोपण के बाद जिला अस्पताल में जाकर रक्तदान किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी शिक्षक सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रुदल यादव, प्रदेश सचिव पूर्व जिलाध्यक्ष छोटे लाल यादव, पूर्व मो नईम, पूर्व प्रत्याशी विमलेश सरोज, पूर्व प्रत्याशी प्रियंक हरिविजय तिवारी धीरू, अरुण, गिरीश यादव, जिपंस महेंद्र यादव, जिपंस के डी सरोज, पंकज शुक्ला, शमशाद खान जायसी, राजा सिंह, जिला सचिव डॉ सी पी यादव, अरुण यादव, पूर्व प्रवक्ता विजय यादव, मौजूद रहे।

### अखिलेश के जन्म दिन पर रक्त दान का आयोजन

**गौरीगंज,अमेठी।** जिला अस्पताल गौरीगंज में अखिलेश यादव के जन्म दिवस पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ₹मोनू₹ की अगुवाई में₹रक्त दान₹ करके मनाया गया ।कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। रक्तदान के उपरांत अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण भी किया गया। सभी ने अखिलेश यादव के स्वस्थ, दीघार्यु व सत्ताईस में सत्ताधीश होने की कामना किया।

## नवाचार के साथ नौनिहालों का अभिनंदन कर नये सत्र की हुई शुरुआत



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार ब्लॉक के मॉडल प्राथमिक विद्यालय कूरेभार प्रथम में मंगलवार को शैक्षणिक सत्र की शुरूआत उत्साह और नवाचार के साथ हुई। पहले दिन विद्यालय पहुंचे नौनिहालों का स्वागत पुष्पवर्षा और हलुवा खिलाकर किया गया। तो वहीं पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय इरुल में शिक्षक शिक्षिकाओं व प्रधानाध्यापक राजेश सिंह के द्वारा रोली चन्दन लगा कर 137 नवनिहालों का स्वागत किया गया। इस अभिनव पहल ने बच्चों और अभिभावकों को खासा प्रभावित किया। मॉडल स्कूल कूरेभार की प्रधानाध्यापिका अंजना तिवारी ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय का मुख्य फोकस गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नामांकन बढ़ाने पर रहेगा। उन्होंने कहा कि नवाचार और बेहतर माहौल से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न होती है। इस अवसर पर शिक्षिका नीलम यादव, भावना कसौधन, ललिता यादव और शिक्षक नीरज त्रिपाठी भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर बच्चों का स्वागत किया और नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणास्पद उदाहरण बन रही है।

## सेवानिवृत्त के बाद समारोह आयोजित कर बीडीओ को दी गयी विदाई

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** ब्लॉक परिसर स्थित मीटिंग हॉल में मंगलवार को सेवानिवृत्त बीडीओ महेशचंद्र त्रिपाठी को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि व अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में नवनियुक्त बीडीओं निशा तिवारी, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों ने भी हिस्सा लिया। अपने संबोधन मे प्रमुख चंद्रप्रताप ने कहा कि अच्छे लोगों का हर जगह सम्मान होता है। चाहे वे जिस क्षेत्र में हो। उन्होंने कहा सजग रहते हुए आम लोगों के कार्यों को आसानी से पूरा करने का प्रयास किया। काम के कारण ही आज ब्लॉक के लोग उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दे रहे हैं। नई बीडीओ निशा तिवारी ने कहा सेवानिवृत्त बीडीओं के नेतृत्व में ब्लॉक को एक नई दिशा मिली हैं। कई क्षेत्रों में बेहतर कार्य हुआ हैं। उन्होंने कहा कहा कि बचे कार्यों को पूरा करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। प्रधान संघ अध्यक्ष सुशील गोस्वामी ने कहा बीडीओ साहब ने दिनरात मेहनत कर लोगों के तकलीफों को जाना और हद तक उसे दूर करने का प्रयास किया। मनरेगा भुगतान को लेकर इनकी जितना भी तारीफ किया जाय वह कम होगी। इस मौके पर एडीओ विमला कनौजिया, अकाउंटेंट बीर सिंह भारती, जेई राजकिशोर, अनिल, संजय मिश्र, प्रधान पुजारी मिश्र, सुल्तान अली, वीरेंद्र उपाध्याय, सुरेंद्र पटेल, विजय प्रकाश उपाध्याय, शम्भू प्रसाद, पंकज वर्मा, लवकुश सैनी, सचिव नितेश सिंह, सचिन कुमार, सुरेंद्र यादव, शुभम, सत्यम सिंह बलवंत, संजय चैहान आदि मौजूद रहे।

## आम्बेडकर की मूर्ति को अराजकतत्वों ने तोड़ा, पुलिस ने लगवायी नयी मूर्ति

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर ।** रामपुर विरतिहां नहर चैराहे पर स्थित आंबेडकर प्रतिमा के दाहिने हाथ के पंजे को अराजकतत्वों ने तोड़ दिया। सुबह जानकारी होने पर आंबेडकर के अनुयायियों की भीड़ लग गई। पुलिस ने स्थित को संभालते हुए नई मूर्ति लगवाई। रामपुर विरतिहा नहर चौराहे पर बीती रात डा. आंबेडकर की मूर्ति को अराजकतत्वों ने दाहिने हाथ के पंजे को तोड़ दिया। मंगलवार सुबह जानकारी होने पर आम्बेडकर के अनुयायियों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी पर पुलिस बल सहित पहुंचे थानाध्यक्ष विजय सिंह ने अक्रोशित भीड़ को समझाते हुए नई मूर्ति मंगवाई और उसे पुरानी मूर्ति के स्थान पर स्थापित किया गया। बीते अप्रैल में भी अराजकतत्वों ने आंबेडकर प्रतिमा की उंगली को क्षतिग्रस्त कर दिया था जिसे पुलिस ने ठीक कराकर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष सुरेश गौतम, रमेश त्यागी, भाजपा मंडल महामंत्री गया प्रसाद, प्रधान राजकुमार आदि ग्रामीण मौजूद रहे। थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि डा. आंबेडकर समिति के अध्यक्ष सुग्रीव बौद्ध, प्रधान राजकुमार व ग्रामीणों की मांग पर नई मूर्ति लगवाई गई।

**35 हजार की है नयी प्रतिमा :** रामपुर बिरतिहां में अंबेडकर प्रतिमा तोड़े जाने की सूचना मिलते ही सदर विधायक ने खंडित प्रतिमा की जगह करीब 35000 की कीमत की डॉ. भीमराव अंबेडकर की नई प्रतिमा मंगवाई। मंगलवार दोपहर तक पुलिस की मौजूदगी में नई प्रतिमा की स्थापना की गई। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि कुछ अराजकतत्व राजनीतिक द्वेष की भावना से इस तरह की निंदनीय घटना कर रहे हैं। जानकारी मिलने पर मैंने नई प्रतिमा की व्यवस्था की है। जिसे स्थापित करने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से चारों तरफ बैरिकेडिंग कर लोहे की जाली लगाई जाएगी।

# डीएम ने वन महोत्सव सप्ताह का किया शुभारंभ



**अमेठी।** एक पेड़ मां के नाम, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान 2025 के अंतर्गत वन महोत्सव सप्ताह का शुभारंभ आज ट्रांजिट हॉस्टल गौरीगंज के परिसर में जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल व अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी ने नवग्रह वाटिका की स्थापना कर किया। नवग्रह वाटिका में सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु ग्रहों से संबंधित पौधों जैसे आक, खैर, ढाक, गूलर, दूब, पीपल, कुश, लटजीरा व शमी के पौधे लगाए गए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है इस वषार्काल में अधिक से अधिक पौधों को लगाने एवं उनकी देखभाल करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा वनों को बढ़ाना हमारा उद्देश्य है इस वर्ष के पौधरोपण अभियान में विशेष ध्यान यह रखा जा रहा है कि जो वृक्ष रोपित किए जाएं उनको केवल रोपित करके ही उद्देश्य की पूर्ति न मान लिया जाए बल्कि उनका अधिक से अधिक संरक्षण भी जरूरी है इसके लिए सभी विभागों को इसमें शामिल करते हुए आज से इस अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है इसके साथ ही बृहद स्तर पर वृक्षारोपण के लिए शासन के निर्देश पर विशेष तिथि का निर्धारण किया जाएगा जिसमें पूरे जनपद में वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने पौधरोपण की महत्ता को समझाते हुए कहा कि विश्व में ऐसे तमाम देश हैं जहां पर्यावरण सिस्टम ठीक नहीं है वहां पर मनुष्यों को रहने व सांस लेने में भी काफी दिक्कत होती है लोग दोपहर में अपने घरों से बाहर नहीं निकलते हैं हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को बढ़ावा देना ही होगा, प्रकृति के निकट जाना ही होगा। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि वन महोत्सव 1 से 7 जुलाई 2025 तक चलाया जाएगा। इस बार लगभग 43.64 लाख से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य जनपद को दिया गया है जिसके अनुसार पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण करें, पौधों के महत्व को समझें तथा इनका संरक्षण करें।

संक्षेप

## पुलिस चौकी का एसपी सिटी सीओ रिफाइनरी ने किया उद्घाटन



**मथुरा।** सोमवार रात्रि में फरह थाना की रैपुराजाट पुलिस चैकी के नवनिर्मित भवन का एसपी सिटी राजीव कुमार, सीओ रिफाइनरी स्वेता वर्मा ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर पुलिसकर्मी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हवन पूजन कर प्रभु की उपासना की। इससे पूर्व की रैपुराजाट चैकी का भवन जर्जर अवस्था में था। हाईवे से बिल्कुल सटी होने के कारण पुरानी चैकी में कई बार दुघर्टनायें भी हो चुकी थी। कई बार बडे वाहन ट्रक डम्पर आदि की दुघर्टना से चैकी की दीवारें क्षतिग्रस्त हो चुकी थी कई दुर्घटनाओं में पुलिसकर्मी भी बाल बाल बचे थे। मगर अब नयी चैकी मिलने के कारण पुलिसकर्मियों में भी खुशी की लहर है। बार्डर पर होने के कारण भी रैपुराजाट चैकी महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इस अवसर पर बोलते हुये एसपी सिटी ने कहा कि जनता का पुलिस पर विश्वास रहता है इसलिये अपेक्षा की जाती है कि कोई फरियादी यहां से बिना मदद वापस ना जाये। उन्होंने चैकी इंचार्ज तेजेन्द्र सिंह को बधाई दी। इस अवसर पर सीओ रिफाइनरी स्वेता वर्मा थाना फरह प्रभारी त्रिलोकी सिंह क्षेत्रीय ग्राम प्रधान के साथ अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल रहे।

## भाकियू टिकैत की संगठन बिस्तार को लेकर हुई बैठक

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की संगठन बिस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक बलदेव मेडिसिटी बलदेव मथुरा में सम्पन हुई। बैठक की अध्यक्षता वेदप्रकाश सिकरबार तथा संचालन ललित शर्मा ने किया। बैठक में सैकड़ो युवाओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक का आयोजन बलदेव मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ भूपेंद्र सिंह चैधरी ने किया। भाकियू टिकैत के प्रदेश प्रवक्त उत्तर प्रदेश व प्रभारी मध्य प्रदेश गजेंद्र परिहार ने सभी युवाओ को संगठन विस्तार के लिए अपील की।संगठन बिस्तार करते हुए दर्जनों युवाओ ने संगठन की सदस्यता ली। सर्व सहमति से कार्यक्रम के सभापति की मांग पर रविन्द्र सिकरवार व गजेंद्र सिकरबार को जिले की कार्यकारिणी में सम्मानित पद दिए जाने का प्रस्ताव किया जिसे अग्रिम संस्तुति के लिए जिलाध्यक्ष मथुरा चै धर्मवीर सिंह के लिए भेज दिया है। इस अवसर पर जगदीश परिहार, गिर्राज परिहार, जिला उपाध्यक्ष योगेश अस्थाना, जिला सचिव रामगोपाल तोमर, तहसील अध्यक्ष महावन नीरेश कोयड, तहसील प्रभारी सदर विनीत उपाध्याय, तहसील महासचिब युवा युवराज गंधार, कार्यालय प्रभारी शैतान परिहार, ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव रणछोड सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष फरह सरदार पाठक, ग्राम अध्यक्ष पप्पू, बरिष्ठ कार्यकर्ता लाला राम, सत्यदेव शर्मा, धर्मवीर, पंकज, पदम सिंह, नारायण सिंह सहित सैकड़ो युवा मौजूद रहे।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

● 31 जुलाई 2025 तक चलेगा अभियान



**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गत वर्ष 2024 की भांति वर्ष 2025 में भी संचारी रोगों की रोकथाम हेतु व्यापक अभियान चलाने के निर्देष दिये गये है इसी क्रम मे मुख्य सचिव , उ0प्र0 शासन,चिकित्सा अनुभाग-5 लखनऊ द्वारा दिए गये निदेर्शों के क्रम में 1 से 31 जुलाई 2025 तक अन्तर्विभागीय सहयोग से विषेश संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान ( दिनांक 11 से 31 जुलाई 2025 तक ) जनपद में चलाया जाना है जिसकी जनजागरुकता हेतु आज जनपद मुख्यालय पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर से एक जनजागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस रैली में स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकत्री एएनएम एवं छात्राओं के साथ साथ बाल विकास सेवा विभाग की आंगनवाडी कार्यकत्रियोंएवं नगर निगम मथुरा वृन्दावन के कर्मचारियों द्वारा बड़े पैमाने पर बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोपाल गर्ग, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी डॉ अनुज चैधरी ,पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ रोहिताश तेवतिया ,जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ बी डी गौतम, जिला प्रशासनिक अधिकारी डॉ अनुज यादव ,चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहिताश मीना, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह, डीसीपीएम पारुल शर्मा ,अर्बन कॉर्डिनेटर फौजिया खानम , डीएमसी यूनिसेफ पूनम यादव एवं वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक संतोष तिवारी ,मलेरिया निरीक्षक राहुल सिंह सिसौदिया, अनिल कुमार वर्मा, नितिन रस्तोगी, श्रीमती आश्रिता सिंह एवं मलेरिया कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। रैली ने समापन के वाद एक सभा का रूप ले लिया जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव यादव द्वारा संचारी रोगों से वचाव एवं डायरिया रोग से बचाव हेतु विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये तथा महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा संचारी रोगों से वचाव हेतु शपथ दिलायी गयी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी डॉ अनुज चैधरी द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत रोगों से बचाव हेतु निम्न उपाय बताये गये।

## खाद्य सुरक्षा व औषधि टीम ने 56 नमूने जांच को भेजे

**मथुरा।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी आदेश के अनुपालन में धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, मथुरा के निर्देशन एवं ज्ञानपाल सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व मे जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु 26 से 30 जून तक अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए।

अभियान में धर्मेन्द्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा छाता क्षेत्र से खोआ बर्फी, अरहर दाल, बेसन का एक-एक नमूना व हल्दी पावडर, लाल मिर्च पावडर, दलिया, राजश्री पान मसाला, तानसेन पान मसाला, सोयाबीन रिफाइण्ड ऑयल, सूखा नारियल, सरसों का तेल, खाद्य तेल (कढ़ाई से), हल्दी पावडर, पोहा, चाय, गरम मसाला, पान मसाला व रिफाइण्ड सोयाबीन तेल का एक-एक सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया। जितेन्द्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा गोवर्धन तहसील क्षेत्र से फोर्टिफाइड रिफाइण्ड सोयाबीन तेल का सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया। मोहर सिंह कुशवाह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा डेम्पियर नगर से पनीर के तीन व सरसों का तेल, ड्राई फ्रूट मिक्सचर, रिफाइण्ड सोयाबीन तेल का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। भरत सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा राधा वाटिका मथुरा से मैंगो ड्रिंक का एक नमूना और कुंज नगर, मथुरा से चावल का एक नमूना व लाल मिर्च पावडर, रिफाइण्ड सोयाबीन तेल, अरहर दाल, बेसन का एक-एक सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया। दलवीर सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बल्देव रोड, महावन से मिश्रित दूध के दो, खीर मोहन के तीन तथा हल्दी, खोआ, मसूर दाल, अरहर दाल व चाय का एक-एक सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया तथा राधा वाटिका मथुरा में स्थित निर्माण इकाई से एनर्जी ड्रिंक का एक नमूना लिया। राम नरेश खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मांट तहसील क्षेत्र से मिल्क केक व खोआ का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। रीना शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा वृन्दावन से कलाकन्द मिठाई का एक नमूना व कृष्णा कुटीर, वृद्धाआश्रम से हल्दी पावडर, धनिया पावडर, सेंधा नमक, तैयार सब्जी, चावल, रोटी का एक-एक सर्विलांस नमूना तथा बेसन, बूंदी, चना सत्तू, मेगी का एक-एक सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल 56 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किये गए। उक्त संग्रहित खाद्य नमूनें विश्लेषण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं।

## विधायक ने किया संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ



**फिरोजाबाद।** मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ सदर विधायक फिरोजाबाद मनीष असीजा द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला क्षय रोग अधिकारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम फिरोजाबाद एवं समस्त अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। सदर भाजपा विधायक ने आम जनमानस से अपील की कि डेंगू मच्छर जनित बीमारी है। यह मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलती है, एडीज एजिप्टी साफ पानी में पनपता है ऐसे में अपने घर के आस- पास और घर के अन्दर पानी जमा न होने दें। कूलर का पानी सप्ताह में दो बार अवश्य बदल दें डेंगू रोग की जागरूकता जनमानस में बहुत जरूरी है। जनमानस अपने घर के सभी कन्टेनरों का पानी हफ्ते में जरूर बदले क्योंकि मच्छर एडीज एजिप्टी साफ पानी में अण्डे रखते है, तथा मच्छरों को रोकने के लिये खिड़कियों पर जाली लगवायें मच्छर दानी का प्रयोग करें, पानी की टंकी पूरी तरह से बन्द रखें, पूरी आस्तीन के कपडे पहने घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। विधायक ने जनपदीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निरन्तर भ्रमण करने के लिये कहा साथ ही स्वास्थ्य केम्प जांच करने उपचार करने एवं जनमानस को जागरूक करने के लिये कहा कि पूर्णतः सोर्स रिडेक्शन का कार्य अत्यन्त आवश्यक है जिससे लार्वा का अन्त होगा तो डेगू नहीं फैलेगा इस लिये समस्त अर्न्तविभागीय अधिकारी कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि हम अपनी पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करेगें तथा लार्वा को पनपने नहीं देंगें, तथा संकामक रोगों को जिले में फैलने नही देगें सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर टीम भवना से कार्य करेगी।

## सपाइयों ने मनाया पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव का जन्मदिन

**मथुरा।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 52 वा जन्म दिवस मंगलवार को वृद्ध माताओ के साथ भजन संकीर्तन कर मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय सपा के नेताओं कार्यकर्ताओं ने केक भी काटा। पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री कार्यकाल में जनपद मथुरा को बहुत सारी महत्वपूर्ण योजना देने का काम किया था जिसमे गोवर्धन विधानसभा को तहसील बनाने के साथ साथ बाईपास रिंग रोड फोरलेन परिक्रमा का सुंदरीकरण जैसी तमाम योजनाएं प्रमुख थी। वरिष्ठ नेता प्रदीप चैधरी ने कहा भाजपा सरकार ने अपने 8 वर्ष के कार्यकाल में गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र को विकास से वंचित रखा और अखिलेश यादव के समय में सभी जाति धर्म के लोगों का विकास होता था लेकिन भाजपा में लोगों को जाति धर्म के नाम पर लड़ाया जा रहा है। जिला महासचिव सुभाष पाल ने कहा तमाम योजनाओं को जिससे आम जनमानित लाभान्वित होता था उनको बंद कर दिया गया। जिलाध्यक्ष युवजन सभा मुरारी मैथिली ने कहा 2027 में अखिलेश यादव की सरकार होगी आज प्रदेश का किसान नौजवान अखिलेश यादव की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष छात्र सभा संतोष यादव जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी सोनू ठाकुर जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नजर कुरैशी जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ लखन गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष जी आर शर्मा जिला उपाध्यक्ष दिगंबर सिंह चाँद हाशमी दाऊजी ठेकेदार शिवचरण तोमर ओम प्रकाश यादव मुरारी लाल 251 वृद्ध माताओं को माँ सम्मान भोज अर्पित युवजन सभा मथुरा की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी। शर्मा राजेंद्र सिकरवार कृष्णकांत शिवदीप महेंद्र चैधरी कृपाल चैधरी संगम यादव गौरव गोस्वामी शिवम शर्मा ब्रजकिशोरसौरव गौड़ प्रताप चैधरी तरुण जय हिमांशु बांके बिहारी धीरज शर्मा हरिश्चंद्र देवेंद्र हिमांशु ठाकुर लाल कन्हैया बघेल राजाराम नौबत ठाकुर लाल जी सहित तमाम समाजवादी उपस्थित रहे।

# बीआरसी सिविल लाइन में आयोजित किया गया स्कूल चलो अभियान




**फिरोजाबाद।** मंगलवार को स्कूल चलो अभियान द्वितीय चरण कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी सिविल लाइन फिरोजाबाद में किया गया। कार्यक्रम में मनीष असीजा विधायक सदर, डॉ० लक्ष्मी नारायण यादव ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद, शत्रोहन वैश्य, सीडीओ फिरोजाबाद, राम बदन राम, सीएमओ आशीष कुमार पाण्डेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व ओम प्रकाश अकेला बीइओ फिरोजाबाद की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि सत्र 2025-26 में आरटीई के अन्तर्गत चार चरणों में सम्पन्न हुई ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया में कुल 4358 छात्र-छात्राओं में से अद्यतन 4060 (93.16%) छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराने में जनपद फिरोजाबाद प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा है। सभी अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में अपने पाल्यों को बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा सचालित विद्यालयों में प्रवेश कराये जाने हेतु अपील की गयी। सीडीओ ने कहा कि बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बैठने हेतु डीएम की प्रेरणा से फर्नीचर उपलब्ध कराया गया है। सभी विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि बेसिक शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है। छाटे-छोटे बच्चों को भाव के साथ जुड़ने की आवश्यकता है। विधायक सदर द्वारा बेसिक शिक्षा में हुए परिवर्तन हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व में भी सुधार परिलक्षित हो रहा है। बेसिक में अध्ययनरत छात्र एक छोटे पौधे की तरह है,जिनको अधिक सभालने की आवश्यकता होती है।

## पत्नी के प्रेमी ने पति को मारपीट कर किया घायल

**टूंडला।** पत्नी के प्रेमी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर प्रेमिका के पति पर जानलेवा हमला कर दिया और लाठी डंडों से मारपीट कर घायल अवस्था में मरणासन्न हालत में उसे छोड़कर भागने पर राहगीरों और ग्रामीणों ने हमलावरों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। टूंडला के गांव चुल्हावली निवासी विजय कुमार (35) चूड़ी का काम करता हैं। मंगलवार सुबह वह रामपुर बनकट में काम करने जा रहा था नगला सिंघी के गांव सदा का बास के पास सूरज और उसके दोस्त ओकेश ने विजय को घेर लिया। आरोपियों ने डंडे और सरिये से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया फिर उसे बाजरा के खेत में फेंक दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने शोर सुनकर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद, सीओ अमरीश कुमार और स्थानीय पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया, और घायल विजय को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर भेजा। इस घटना से परिवार में चीख पुकार मच गई। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि घायल युवक विजय की पत्नी के अभियुक्त सूरज से अवैध संबंध थे, घटना प्रेम प्रसंग के चलते की गई है, दोनों अभियुक्तों सूरज और ओकेश को हिरासत में ले लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है, पीड़ित के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट के वाँछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के द्वारा जघन्य संगीन अपराधों में वांछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत मंगलवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने थाना रसूलपुर पर पंजीकृत गैगस्टर एक्ट के मुकदमे में 3 वाँछित अभियुक्तगण यासीन पुत्र परवेज निवासी तीस फुटा रोड थाना रसूलपुर, फईम कुरैशी पुत्र नईम उर्फ लल्ला निवासी लालपुर धोबी मोहल्ला बारहबीघा थाना रामगढ़ व शमशाद कुरैशी पुत्र अजीम कुरैशी निवासी छपरिया थाना रामगढ़ फिरोजाबाद को भारत टाकीज के पास बिजली घर सर्विस रोड के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# विदेशी छात्रों की सुरक्षा के लिए बैठक आज

● आगरा विवि में 20 साल बाद एमटेक एमबीए पढ़ेंगे विदेशी छात्र, ग्रेड में सुधार के बाद बदले हालात

**आगरा।** विवि के स्टडी इन इंडिया पोर्टल पर पंजीकृत होने के बाद विदेशी छात्रों ने पढ़ने में रुचि दिखाई है। यहां से विदेशी छात्र 20 साल बाद एमटेक-एमबीए की पढ़ाई करेंगे। डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि का 99वां स्थापना दिवस यादगार बनने वाला है। राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) में ए+ ग्रेड मिला है। 10 देशों के करीब 100 छात्रों ने एमबीए, एमटेक, बीटेक समेत अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन किया है। इससे पहले 2005 में आखिरी बार विदेशी छात्रों ने यहां से पढ़ाई की थी। विवि ने हाल ही में स्टडी इन इंडिया पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। इसमें पंजीकरण के लिए 3.32 सीजीपीए अंक होना जरूरी है। बीते साल नवंबर में विवि को नैक से ए+ ग्रेड मिला है। इससे विवि के 3.33 सीजीपीए अंक हो गए हैं। पोर्टल पर पंजीकृत होने के बाद दुनियाभर के छात्र पढ़ाई के लिए आवेदन कर सकते हैं। विवि ने कोर्स, ग्रेड, शोध कार्य, खेलकूद, प्रयोगशाला, पूर्व छात्रों का विवरण समेत अन्य विशेषताएं अपलोड की हैं। इसको पढ़ने के बाद अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे, भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल समेत 10 देशों के छात्र-छात्राओं ने एमबीए, एमसीए, एमटेक, बीटेक, बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीए समेत कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन किया है। इनके प्रमाणपत्रों का सत्यापन समेत अन्य प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सेल भी बना दिया है। इसके नोडल प्रभारी प्रो. प्रदीप श्रीधर हैं। कुलपति ने बताया कि विवि में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के बाद ये हॉस्टल में ही ठहरेंगे। इनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंगलवार को पुलिस कमिश्नर के साथ विवि अधिकारियों की बैठक होगी। सुरक्षा व्यवस्था की कार्ययोजना तय होने के बाद छात्रों के प्रवेश तय कर उनको सूचित कर दिया जाएगा। स्थापना दिवस पर सोमवार को स्वामी विवेकानंद परिसर खंदारी में मीडिया से कुलपति प्रो. आशु रानी ने बताया कि एक जुलाई को विवि 99वां स्थापना दिवस मना रहा है। दो दशक बाद नए सत्र से विभिन्न देशों के 100 छात्रों ने विवि में प्रवेश के लिए आवेदन किया है। ये ऐतिहासिक क्षण है और विवि का पुराना गौरव लौट रहा है। कुलपति ने शताब्दी समारोह के लिए कार्ययोजना बनाई है। इसमें 1000 सीटों की ऑनलाइन परीक्षा की सुविधा-संसाधन विकसित करना, परीक्षा-मूल्यांकन में तकनीकी का इस्तेमाल, डिजिटल पुस्तकालय और स्वचालन की सुविधा करना है। राष्ट्रीय केंद्र वअंतरराष्ट्रीय सहयोग से शोध कार्य बढ़ाना है। कुलपति ने बताया पीएम ऊषा योजना के तहत 22 करोड़ का अनुदान मिला है। इसका उपयोग निर्माण, नवीनीकरण व उपकरणों की खरीद में होगा। विवि ने शैक्षणिक व शोध कार्यों के लिए विदेशी व देशी विश्वविद्यालयों के साथ 25 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

## भारत बंद के समर्थन में भारत मुक्ति मोर्चा अन्य दलों ने किया शांतिपूर्ण पैदल मार्च

**मथुरा।** भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में भारत बंद का आयोजन किया गया। इस क्रम में जनपद मथुरा में भी भारत बंद के समर्थन में एक शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला गया।यह मार्च अंबेडकर भवन, डीग गेट से प्रारंभ होकर भरतपुर गेट, कोतवाली रोड, होली गेट, विकास बाजार, क्वालिटी तिराहा होते हुए डैंपियर नगर स्थित शहीद भगत सिंह पार्क पर समापन हुआ। भारत बंद का उद्देश्य निम्नलिखित प्रमुख मांगों एवं विरोधों को लेकर था, बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने के समर्थन में ओबीसी की जातिगत जनगणना कराए जाने के समर्थन में बहुजन महापुरुषों का बीजेपी-आरएसएस द्वारा अपमान किए जाने के विरोध में, महाबोधि महाविहार टेंपल एक्ट 1949 के विरोध में, वक्फ संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में, मूलनिवासी ईसाइयों पर धर्मांतरण के झूठे आरोप लगाकर की जा रही प्रताड़ना के विरोध में, आदिवासियों को संविधान की अनुसूची 5 व 6 में दिए गए अधिकारों को लागू न किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भारत बंद समिति के संयोजक माननीय क्षेत्रपाल सिंह निषाद ने किया। बहुजन मुक्ति पार्टी ने इस बंद को पूर्ण समर्थन दिया। इस मौके पर बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चैधरी इसराइल मलिक, जिला अध्यक्ष मैराज अली, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र निषाद, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा की कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकीर अब्बासी, डॉ अंबेडकर सामाजिक अधिकार मंच के संस्थापक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के जिला अध्यक्ष चैधरी बंटी मसीह, बहुजन क्रांति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहन सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी बबलू कुरैशी, अब्दुल रशीद, नेताजी मोहित, योगेंद्र जमीदार, अनूप कुमार, शाहिद कुरेशी, मंसूर अली, हाशिम कुरैशी, डॉक्टर गिरिराज प्रसाद सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## विद्यालय में हवन पूजन कर किया गया नये सत्र का शुभारंभ



**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद के प्रांगण में नए सत्र के शुभारंभ के अवसर पर सर्व शांति हवन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों शिक्षकों, शिक्षिकाओं व विद्यालय कर्मियों ने हवन कुंड में आहुति देते हुए पूजा अर्चना की। हवन की पूणार्हुति तथा आरती के बाद शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उज्जवल भविष्य की कामना की, विद्यालय प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि ईश्वर की अनुकंपा तथा आशीर्वाद से आने वाले नए सत्र में भी विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं अपना वर्चस्व स्थापित कर राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओ में सभी को गौरवान्वित करेंगे। शांति हवन का अनुष्ठान पंडित सुधीर शर्मा ने किया।इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार जैन, एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय, गोकुल चंद्र गौतम, सुरेश पचौरी, शीरध्वज शर्मा, जितेंद्र शर्मा अमर तिवारी, रिचा गुप्ता अजय कुमार धर्मेंद्र चौधरी, आदि सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## 9 महीने बच्ची को दिल्ली बेचने ले जाते किडनैपर्स मथुरा पुलिस ने दबोचे

**मथुरा।** थाना जैत पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक 9 माह की अपहृत बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपए देने की घोषणा की है। आरोपियों की पहचान आगरा के नरेश (29) और भरतपुर के विष्णु कुमार उर्फ राजा (31) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक काली रंग की बुलेट इलेक्ट्रा मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम संयुक्त कार्यवाही में बच्चा चोरी करने वाले गैंग के दो शातिर बदमाश नरेश पुत्र रामवीर सिंह निवासी कीर्ती नगर डिफेन्स कालोनी कैन्ट आगराए विष्णु कुमार उर्फ राजा पुत्र हरदम सिंह निवासी डिफेन्स कालोनी महोली रोड थाना हाइवे वर्तमान पता.न्यू पुष्प वाटिका कालोनी चांदबारी रोड सारस चैराहा भरतपुर राजस्थान को छटीकरा फ्लाई ओवर के समीप से गिरफ्तार किया गया है। टीम ने बदमाशों के कब्जे से अपहृत बच्ची व घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटर साईकिल दो मोबाईल बरामद किये है। एसएसपी ने बताया थाना जैत में 26/27 जून की रात्रि में छटीकरा वृंदावन मार्ग पर चन्द्रोदय मंदिर के पास फुटपाथ पर अपने माता पिता के साथ सो रही 09 माह की बच्ची के अपहरण के सम्बन्ध में मुकद्दमा दर्ज किया गया था। घटना के खुलासे में लगी पुलिस टीम ने लगभग 300 सीसीटीवी कैमरो की फुटेज एवं इलैक्ट्रोनिक सर्विलांस एवं मैनुअल इनपुट से अपहृत 09 माह की बच्ची को सकुशल बरामद किया गया है। पूछताछ में विष्णु ने अपनी रिश्तेदार महिला के कोई बच्चा न होने पर विष्णु से कोई नवजात बच्चा गोद दिलाने को कहा था जिस पर विष्णु द्वारा अपने साथी नरेश के साथ मिलकर थाना जैत क्षेत्र से बच्ची का अपहरण कर अपनी रिश्तेदार महिला के पास ले जाकर बच्ची को दिया तो उसने 09 माह की बच्ची को लेने से इंकार कर दिया क्योंकि उसको नवजात शिशु की आवश्यकता थी।

# जिलाधिकारी ने की टाउनशिप की समीक्षा




**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में फिरोजाबाद शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण के सभागार कक्ष में यातायात नगर योजना ट्रांसपोर्ट नगर में विकसित की जा रही टाउनशिप हेतु नगर आयुक्त रिषीराज नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पाण्डेय एवं नगर निगम के अन्य एक्सईएन एवं कार्यदायी संस्थाओं की उपस्थिति में समीक्षा का बैठक का आयोजन हुआ, ट्रांसपोर्ट नगर टूंडला के मौजा नागऊ में विकसित किया जा रहा है, सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने ट्रांसपोर्ट नगर में बन रहे टाउनशिप के विभिन्न पहलुओं को लेकर समीक्षा की,इस क्षेत्र को नगर निगम के सहयोग से रेजिडेंशियल टूरिज्म के रूप में विकसित करने की योजना है, जिलाधिकारी ने कहा कि नियमित इस संबंध में संबंधितों के साथ बैठक कर इस योजना को जमीनी धरातल पर लाने का कार्य किया जाए,जिलाधिकारी ने कहा कि जो किश्त समय पर जमा नहीं कर रहे हैं उन्हें डिफाल्टर घोषित करें,साथ ही जिन लोगों ने 25 प्रतिशत से कम भुगतान किया है, उनका आवेदन निरस्त किया जाए, साथ ही जिनको प्लॉट आवंटित किया गया है, उनकी सहमति का प्रमाण पत्र अवश्य लें लिया जाए, जिससे भविष्य में कोई विवाद न खड़ा हो, साथ ही उन्होंने कहा यहां की सड़क 60 फीट से अधिक चौड़ी होनी चाहिए, जिससे वाणिज्यिक कार्यों के लिए प्रयुक्त भारी वाहनों के आवागमन में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो, यहां पर वेयरहाउस 500 से 1000 वर्ग फीट में बने हो, साथ ही कमर्शियल प्लाट की संख्या और उनकी लंबाई और चौड़ाई भी अधिक हो, जिससे यहां पर होटल रेस्टोरेंट पेट्रोल पंप आदि अन्य सुविधाएं सहज रूप से विकसित हो सके।

जिलाधिकारी को अवगत कराया गया की आवंटियों द्वारा दिए गए वास्तविक सुझावों को ध्यान में रखते हुए मानचित्र में संशोधन किया गया, इस संशोधन के पश्चात आवंटी जिन्होंने लिखित में अपनी आपत्ति दी थी, उनको प्राधिकरण कार्यालय में बुलाकर संशोधित मानचित्र दिखाया गया, जिसमें लगभग सभी अवंटियों द्वारा अपनी लिखित सहमति दी गई, लिखित सहमति देने वाले अवंटियों की संख्या 114 है, जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट और उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि पचवान में शीघ्र सभी कास्तकारो से समन्वय बनाकर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी की जाए, उप जिलाधिकारी सदर ने अवगत कराया की 523 कास्तकारो से समझौते होने हैं, जिसमें केवल 37 कास्तकारो से ही समझौता हो पाया है, जिलाधिकारी ने कहा कि कैंप लगाकर इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए, अन्यथा की स्थिति में निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

## मंडलायुक्त ने प्रीयूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का फीता काटकर किया उद्घाटन

**मथुरा।** मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जनपद मथुरा में पहली बार आयोजित प्री०यू०पी० स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का फीता काटकर किया उद्घाटन। उद्घाटन समारोह में पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार उपस्थित रहे। प्री०यू०पी० स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन मथुरा राइफल एसोसिएशन के सहयोग से बी0एस0ए0 कॉलेज में हुआ संपन्न। दिनांक 1 से 4 जुलाई 2025 तक पूरे उत्तर प्रदेश से लगभग 1000 निशानेबाज करेंगे प्रतिभाग। जिला राइफल एसोसिएशन मथुरा के तत्वाधान में आयोजित 27वीं यू0पी0 प्री स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को दृढ़ता से दक्षता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए। निरंतर अभ्यास ही हमारी दक्षता बढ़ाता है और निरंतरता से ही लक्ष्य आसान होते हैं। अति विशिष्ट अतिथि श्री पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निशानेबाजी के खेल में अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण ही खिलाड़ी को लक्ष्य भेदने में मार्ग प्रशस्त करता है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि मथुरा में पहली बार निशानेबाजी की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता हो रही है, जिसके आयोजन में हम खिलाड़ियों के लिए सभी सुविधाओं की व्यवस्था का ध्यान रखेंगे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास में सहायक है तथा अभिभावकों को अपने बच्चों को शिक्षा के साथ ही खेलों के प्रति भी जागरूक रखना चाहिए।

संक्षेप

## छत्तीसगढ़ को मिले 1.25 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मंगलवार को आयोजित हुए उद्योग संवाद-दो में राज्य को 1.25 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रायपुर में आज उद्योग संवाद-दो का आयोजन किया गया। इस दौरान निवेशकों ने राज्य में 1.25 लाख करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया। यह निवेश अब पारंपरिक खनन क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि आईटी, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य सेवा, हरित ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स जैसे भविष्य के क्षेत्रों में केंद्रित है। छत्तीसगढ़ संभावनाओं की भूमि है तथा राज्य सरकार बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा में ला रही है। छत्तीसगढ़ अब सिर्फ खनिजों की धरती नहीं, संभावनाओं की भूमि है। हम बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा में ला रहे हैं। आज निवेशकों को स्थायित्व, सुरक्षा और तेज फैसले मिल रहे हैं। यही वजह है कि निवेशकों का रुझान न केवल शहरी क्षेत्रों, बल्कि बस्तर और सरगुजा जैसे आदिवासी अंचलों की ओर भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आज देश के सबसे तेजी से उभरते औद्योगिक गंतव्यों में शामिल हो चुका है। बीते डेढ़ साल में राज्य को जहां 5.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

## एसरी इंडिया ने लगाया जियो एआई पर बड़ा दांव

नई दिल्ली। एसरी इंडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने नोएडा में एक नई इकाई में जीआईएस एवं एआई कंपिटेंसी सेंटर खोलने की आज घोषणा की। एसरी इंडिया अगले 5 साल में 150 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। इस रणनीतिक निवेश का लक्ष्य जीआईएस एप्लीकेशंस में एआई को व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा देना है। जीआईएस क्षेत्र में एसरी इंडिया की अग्रणी स्थिति के बल पर यह नया सेंटर जियोएआई पेशकश पर कंपनी के ध्यान के लिए एक गतिशील उत्प्रेरक के तौर पर काम करेगा और ग्राहकों को उनकी जीआईएस और जियोएआई क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सशक्त करेगा। इस निवेश के तहत, एसरी इंडिया एआई विशेषज्ञों, डेटा वैज्ञानिकों, जीआईएस विशेषज्ञों और इस उद्योग क्षेत्र के पेशेवरों की अपनी टीम का विस्तार करेगी। यह विशेषज्ञ टीम ऐसे एडवांस्ड एआई पावर्ड जियोस्पैटियल सॉल्यूशंस विकसित करने पर ध्यान देगी जो जीआईएस यूजर्स के समक्ष बढ़ रही जटिल चुनौतियों का समाधान कर सके।

## इंडिया फर्स्ट लाइफ ने दर्ज की शानदार वृद्धि

नोएडा। इंडिया फर्स्ट लाईफ इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड (इंडिया फर्स्ट लाईफ) डिजिटल इनोवेशन्स, उपभोक्ता-उन्मुख योजनाओं तथा सशक्त वितरण नेटवर्क के साथ प्रदेश में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनोन के प्रयास जारी रखे हुए है। उत्तरी क्षेत्र का यह प्रमुख राज्य इंडिया फर्स्ट लाईफ की विकास योजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। राज्य में अपने वितरण नेटवर्क का उपयोग कर हम उपभोक्ताओं की जरूरत के अनुसार इंश्योरेन्स समाधान लेकर आते हैं और उनके लिए फाइनैंशियल सुरक्षा बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से राज्य की प्रगति, तथा बढ़ती फाइनैंशियल जागरुकता के बीच यह हमारे विकास योजनाओं में बहुत अधिक मायने रखता है। हमारी मौजूदा एवं नई शाखाएं लोगों के जीवन को सुरक्षित बनाने, उपभोक्ताओं का भरोसा जीतने तथा बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उत्पन्न कर क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## टैफे और एजीसीओ के मध्य विस्तृत समझौता

बंगलुरु। टैफे ने आज घोषणा की है कि टैफे, एजीसीओ के साथ, ब्रांड, वाणिज्यिक मुद्दों और शेयरधारिता से संबंधित सभी मामलों पर एक विस्तृत समझौता और समाधान पर पहुंचा है। टैफे की विकास गाथा के एक नए युग में प्रवेश करने के साथ हम एजीसीओ सहित अपनी दीर्घकालिक साझेदारी का सम्मान करते हुए इसे संजो कर रखेंगे, तथा एक प्रतिबद्ध शेयरधारक के रूप में एजीसीओ का समर्थन करना जारी रखेंगे। 65 वर्षों से भी अधिक समय से भारतीय ग्राहकों के लिए टैफे और मैसी फर्ग्यूसन एक दूसरे का पर्याय बने रहे हैं। हम अपने अभिनव उत्पादों, समाधानों और भारत में कृषक समुदाय को सेवा प्रदान करने के माध्यम से भारतीय कृषि को रूपांतरित करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराते हैं।

# सेंसेक्स में 91 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार सीमित दायरे में रहा और रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा एचडीएफसी बैंक में लिवाली से दोनों मानक सूचकांक बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 91 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 25 अंक की तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 90.83 अंक यानी 0.11 प्रतिशत बढ़कर 83,697.29 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 13 शेयर बढ़त में और 17 नुकसान में बंद हुए। कारोबार के दौरान एक समय यह 267.83 अंक तक चढ़ गया था।

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 24.75 अंक यानी 0.10 प्रतिशत के लाभ के साथ 25,541.80 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में सर्वाधिक 2.51 प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी के 528 करोड़ रुपये का ऑर्डर हासिल करने के ऐलान के बाद शेयर में तेजी आई। इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.84 प्रतिशत चढ़ा। विश्लेषकों के सौर विनिर्माण केंद्र शुरू करने की संभावना जताये जाने के बाद कंपनी का शेयर चढ़ा। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, ट्रेंट, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और टेक महिंद्रा शामिल हैं। सोमवार की गिरावट के बाद बाजार में सुस्ती रही और यह लगभग अपरिवर्तित बंद हुआ। शुरुआती तेजी के बाद निफ्टी सीमित दायरे में रहा और अंततः 25,541.80 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों-खासकर अमेरिका-में तेजी के साथ-साथ स्थिर घरेलू संकेतों से पता चलता है कि मौजूदा रुझान जारी रहने की संभावना है। छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 0.18 प्रतिशत और मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सूचकांक में 0.07 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई में 2,025 शेयर लाभ में जबकि ।,985 शेयर में गिरावट आई। वहीं 154 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। पिछले सप्ताह की मजबूत तेजी के बाद घरेलू सूचकांक सीमित दायरे में रहें। निवेशक घटनाक्रमों पर करीब से नजर रख रहे हैं। वह अमेरिकी शुल्क पर चीजें स्पष्ट होने का इंतजार कर रहे हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहे, जबकि जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुआ। हांगकांग के बाजार में अवकाश था। दोपहर के कारोबार में यूरोप के प्रमुख बाजारों में गिरावट का रुख था। सोमवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 66.56 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# रुपया 25 पैसे चढ़कर 85.51 प्रति डॉलर पर



मुंबई। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की कमजोरी के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के कारण मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे बढ़कर 85.51 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर फरवरी, 2022 के बाद से सबसे निचले स्तर पर कारोबार कर रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेडरल रिजर्व की नीति पर बढ़ते प्रभाव ने केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता को लेकर आशंकाओं को फिर से जगा दिया है। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.66 पर खुला। दिन के कारोबार के दौरान यह 85.34 प्रति डॉलर के उच्चस्तर तक गया। कारोबार के अंत में रुपया 85.51 (अस्थायी) पर बंद हुआ। इस तरह स्थानीय मुद्रा ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पिछले बंद भाव से 25 पैसे की वृद्धि दर्ज की। रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 26 पैसे की गिरावट के साथ 85.76 पर बंद हुआ था। हमें उम्मीद है कि अमेरिकी डॉलर में गिरावट और वैश्विक बाजारों में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ने से रुपये में तेजी आएगी। सोना फरवरी, 2022 के बाद से सबसे निचले स्तर पर है और 10 साल के अमेरिकी बॉन्ड का प्रतिफल कुछ समय के लिए 4.2 प्रतिशत से नीचे आ गया है। कच्चे तेल की कीमतों में सुधार से तेज बढ़त पर लगाम लग सकती है। व्यापारी आईएसएम विनिर्माण पीएमआई और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के भाषण से आगे के संकेत ले सकते हैं।

## बैंकिंग, वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड में निवेश मई में 37 प्रतिशत बढ़ा



नयी दिल्ली। बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र आधारित म्यूचुअल फंड में निवेश मई, 2025 में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 48,000 करोड़ रुपये हो गया।

निवेश में उछाल का कारण इस क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन है। उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि इन कोषों ने पिछले साल 22 से 30 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है, जो इस क्षेत्र के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों और बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में भारतीय बाजार में 22 बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड हैं। मई, 2025 में इनकी संयुक्त प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 48,000 करोड़ रुपये की थीं। मई, 2024 में यह आंकड़ा करीब 34,971 करोड़ रुपये था। यह तीव्र वृद्धि बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा) क्षेत्र की दीर्घकालिक क्षमता में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है।

## बिजली की खपत घटकर हुई 150 अरब यूनिट

नयी दिल्ली। देश में बिजली की खपत जून में सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत घटकर 150.04 अरब यूनिट रही। इसका मुख्य कारण मानसून के जल्दी आने के साथ घरों, दफ्तरों को ठंडा रखने वाले एसी, कूलर जैसे उपकरणों का कम उपयोग है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष जून में बिजली की खपत 152.37 अरब यूनिट रही थी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के जल्दी आने से जून में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग भी प्रभावित हुई है। जून में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति (अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए की गयी आपूर्ति) भी पिछले महीने घटकर लगभग 242.49 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर ।,000 मेगावाट) रह गई, जो जून, 2024 में लगभग 244.52 गीगावाट थी। बिजली की अधिकतम मांग लगभग 231 गीगावाट थी। मई, 2024 में यह लगभग 250 गीगावाट के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी थी। इससे पहले, सितंबर, 2023 में बिजली की अधिकतम मांग रिकॉर्ड 243.27 गीगावाट रही थी। सरकार के अनुमानों के अनुसार, 2025 की गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 277 गीगावाट पर पहुंचने का अनुमान है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, मानसून निर्धारित समय से आठ दिन पहले 24 मई, 2025 को केरल तट पर

## भारतीय स्टेट बैंक ने 70वां स्थापना दिवस मनाया

लखनऊ। भारतीय स्टेट बैंक के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर लखनऊ मण्डल ने एक महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल की। मुख्य महाप्रबंधक दीपक कुमार दे ने मातृछाया आश्रम, लखनऊ के लिए उम्मीद संस्थान को 5.00 लाख रुपये का चेक, खाद्यान्न, वस्त्र और अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की। मातृछाया आश्रम एक आश्रय गृह है जो बेघर और मानसिक रूप से विकलांग महिलाओं की देखभाल और सहायता प्रदान करता है। उम्मीद संस्थान के सदस्य हरप्रीत सिंह ने इस उदार दान के लिए एसबीआई के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## वित्तीय समावेशन संतृप्तीकरण अभियान-2025 का आयोजन

लखनऊ। वित्तीय सेवाएं विभाग वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक वित्तीय समावेशन संतृप्तीकरण अभियान-2025 का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है।

जनपद अयोध्या के अग्रणी बैंक - बैंक ऑफ बडौदा द्वारा 1.07.2025 को मसौधा ब्लॉक की खानपुर ग्राम पंचायत हेतु डा0 राम अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह में सम्पूर्ण उ0प्र0 के लिए इस अभियान के प्रदेश स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचित और ग्रामीण समुदायों तक बैंकिंग सुविधाओं की पहुँच तथा जनसुरक्षा योजनाओं में अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या रहे। यह कार्यक्रम शैलेन्द्र कुमार सिंह, अंचल प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ अंचल एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

## जीएसटी का जोर अब कारोबार बढ़ाने, बेहतर अनुपालन पर




नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि आठ साल पूरे कर चुके माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का जोर अब कारोबार को सुगम बनाने, मजबूत अनुपालन सुनिश्चित करने और व्यापक आर्थिक समावेश को बढ़ावा देने पर होगा।

कुल 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है। वित्त मंत्रालय ने जीएसटी के आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए कहा, माल एवं सेवा कर अपने नौवें साल में प्रवेश कर रहा है। यह कारोबार को सरल बनाने के साथ मजबूत अनुपालन और व्यापक आर्थिक समावेश को प्राथमिकता देते हुए विकसित हो रहा है। इससे भारत की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने में इसकी भूमिका मजबूत हो रही है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को दर्शाती है। सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है।

## सोना 1200 रुपये चढ़कर 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने में पिछले सात कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया और पीली धातु का भाव 1200 रुपये की तेजी के साथ 98,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव सोमवार को 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। सोने के भाव में लगातार सातवें सत्र की गिरावट के बाद तेजी दर्ज की गई और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना ।,100 रुपये चढ़कर 98,150 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 97,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अमेरिकी राजकोषीय घाटे में वृद्धि की चिंताओं और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्तावित कर-कटौती और व्यय विधेयक पर बाजार के ध्यान के कारण अमेरिकी डॉलर में गिरावट ने सोने को और अधिक आकर्षक बना दिया है। इसके अलावा, मंगलवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर ।,04,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सोमवार को चांदी की कीमत ।,02,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी ।हाजिर सोना 44.01 डॉलर या 1.33 प्रतिशत बढ़कर 3,346.92 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## कोल इंडिया का उत्पादन जून में 8.5 प्रतिशत घटा



नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कोयला उत्पादन जून में 8.5 प्रतिशत घटकर 5.78 करोड़ टन रहा है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी।

गौरतलब है कि सरकार आयात पर निर्भरता कम करने के लिए उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में कंपनी का कोयला उत्पादन 6.31 करोड़ टन था। चालू वित्त वर्ष के पहले तीन महीनों में सीआईएल का कोयला उत्पादन घटकर 18.33 करोड़ टन रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में 18.93 करोड़ टन था। हालांकि, कंपनी ने कोयला उत्पादन में गिरावट का कारण नहीं बताया। उद्योग विश्लेषकों के अनुसार, मानसून के मौसम में कोयला उत्पादन में आमतौर पर बाधा आती है। नतीजतन, खदानों से उत्पादन कम होता है, जिसका असर बिजली संयंत्रों को भेजे जाने वाले कोयले पर पड़ता है। जून महीने में सीआईएल का कोयला उठाव भी 7.4 प्रतिशत घटकर 6.04 करोड़ टन रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में 6.52 करोड़ टन था। कोयला उठाव से तात्पर्य कोयले की उस मात्रा से है, जो कोयला खदान या कोयला कंपनी से उसके उपभोक्ताओं को भेजी जाती है। अप्रैल-जून, 2025 में सीआईएल का कोयले उठाव घटकर 19.01 करोड़ टन रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 19.89 करोड़ टन था।

पेज एक का शेष

### दिल्ली में पुराने

6 बजे से यहां हैं ताकि किसी भी पुराने वाहन में ईंधन नहीं भरने दिया जाए। पेट्रोल पंपों को ऐसे वाहनों को ईंधन न देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुराने वाहनों की पहचान के लिए पंप पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संचालित कैमरे और स्वचालित हूटर सिस्टम भी लगाए गए हैं। धर्मवीर ने कहा अगर ऐसा कोई वाहन आता है, तो कैमरे तुरंत उसका पता लगा लेते हैं और कर्मचारियों को सचेत करने के लिए हूटर बजा देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलें में वाहनों को मौके पर ही जब्त कर लिया जाता है। दिल्ली यातायात पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक जगन लाल ने कहा कि वे अपने केंद्रीय डेटाबेस का उपयोग करके वाहनों के विवरण की पुष्टि कर रहे हैं। एएसआई जगन लाल ने कहा कैमरे स्वचालित रूप से सूचित करेंगे, लेकिन हमारी टीम भी केंद्रीय डेटाबेस का उपयोग करके वाहनों की जांच कर रही हैं। यह अभियान स्थानीय पुलिस और परिवहन अधिकारियों के साथ मिलकर चलाया जा रहा है ताकि पूर्ण अनुपालन हो सके और कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके। ढींगरा पेट्रोल पंप के कर्मचारी हृदय राम ने कहा, हमें किसी भी पुराने वाहन में ईंधन नहीं भरने का निर्देश दिया गया है। जैसे ही कैमरे द्वारा या हमें ऐसे वाहन का पता चलता है, हम तुरंत पुलिस या प्रवर्तन दल को सचेत करते हैं।

### सरकार ने

जाएगा और कर्मचारी इसे बाद में निकाल सकेंगे। भाग ए से पहली बार नौकरी करने वाले लगभग 1.92 करोड़ कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। योजना का भाग बी सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त रोजगार सृजन से जुड़ा है जिसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नियोक्ताओं को एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारियों के संबंध में प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी को कम से कम छह महीने तक निरंतर रोजगार देने पर नियोक्ताओं को दो वर्ष तक 3,000 रुपये प्रति माह तक प्रोत्साहन देगी। विनिर्माण क्षेत्र के लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहन का विस्तार तीसरे और चौथे साल भी दिया जा सकता है। योजना के भाग ए के तहत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को सभी भुगतान आधार ब्रिज भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) के जरिये डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) मोड के माध्यम से किए जाएंगे। भाग बी के अंतर्गत नियोक्ताओं को भुगतान सीधे उनके पैन से जुड़े खातों में किया जाएगा।

### 2047 तक

पर विशेष बल दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश के इस प्रथम आयुष विश्वविद्यालय की परिकल्पना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए मुर्मू ने कहा, मैं यहां एक बात कहना चाहूंगी कि जनसेवा में कदम बढ़ाने के लिए आपको अथक प्रयास करना है, जनसेवा में थकना मना है। उन्होंने विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों का आह्वान किया, आप थक नहीं सकते, दिन रात आपको परिश्रम करना पड़ेगा। आपको निद्राजीत बनना पड़ेगा। निद्राजीत मतलब नींद पर विजय पाने के संदर्भ को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा, डॉक्टर कहते हैं कि आपको छह से आठ घंटे सोना पड़ेगा अन्यथा शरीर साथ नहीं देगा। लेकिन निद्रा को जीतने और स्वस्थ बनने के लिए आपको योग करना होगा, योग करने से आठ घंटे की नींद तीन घंटे में पूरी होगी। महायोगी गुरु गोरखनाथ की धरती को नमन करते हुए मुर्मू ने कहा, मुझे महायोगी गुरु गोरखनाथ के बारे में कहा गया है कि आदि शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली और महिमा पूर्ण प्रभावशाली पुरुष दोबारा नहीं हुआ।

राष्ट्रपति ने गोरखपुर के गीता प्रेस की सराहना करते हुए कहा कि इसने लगभग 100 वर्षों से भारत की धर्म व संस्कृति से लोगों को जोड़ने का महान कार्य किया है। उन्होंने कहा, गीता प्रेस की पुस्तकें संस्कृत और हिंदी के अलावा कई भाषाओं में उपलब्ध हैं। उड़िया भागवत के नाम से गीता प्रेस की जगन्नाथ दास द्वारा रचित पुस्तक ओडिशा के लोग बड़े भक्ति-भाव से पढ़ते हैं। उन्होंने कहा, कल शाम गोरखनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने का मौका मिला तो वहां गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित प्रतियां भेंट की गयीं। ये पुस्तकें गोरखपुर के अमूल्य सौगात व स्मृति के रूप में सदैव संरक्षित होकर रहेंगी। राष्ट्रपति ने पिपरी भटहट में बने इस विश्वविद्यालय का लोकार्पण उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में किया।

### छह मंडलों में

आयुष पद्धति का कोई महाविद्यालय नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया है कि उन मंडलों में एक-एक आयुष पद्धति का कॉलेज स्थापित किया जाएगा। योगी ने कहा कि हर जनपद में आरोग्यता के लिए एक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनेगा, जो कम से कम 100 बिस्तरों का होगा।

भारत की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धतियों की उपेक्षा के लिए विपक्षी दलों की पूर्ववर्ती सरकारों पर ठीकरा फोड़ते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, हम सब जानते हैं कि 2014 से पहले भारत के आरोग्यता की इस विधा को वैश्विक रूप से जिस प्रकार मान्यता मिलनी चाहिए थी, नहीं मिल पाई।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसके विकास का श्रेय देते हुए कहा, हम आभारी हैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का, जिन्होंने प्रधानमंत्री बनने के साथ ही देश के अंदर आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा और योग के साथ दुनिया की तमाम परंपराओं को आयुष मंत्रालय के रूप में देश के अंदर एक मंच दिया।

### वंचितों व संपन्न

वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड इंटरनेट अब शहरी केंद्रों और अग्रिम सैन्य चौकियों तक पहुंचता है, जिसमें गल्वान, सियाचिन और लद्दाख शामिल हैं। मोदी ने कहा कि 2014 में जब उनकी सरकार सत्ता में आई थी, तब इंटरनेट की पहुंच सीमित थी, डिजिटल साक्षरता कम थी और सरकारी सेवाओं तक ऑनलाइन पहुंच बहुत कम थी। उन्होंने कहा कि कई लोगों को संदेह था कि क्या भारत जैसा विशाल और विविधतापूर्ण देश वास्तव में डिजिटल हो सकता है। उन्होंने कहा, आज, उस प्रश्न का उत्तर केवल डेटा और डैशबोर्ड में नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के जीवन में मिल रहा है। हम कैसे शासन करते हैं, कैसे सीखते हैं, लेन-देन करते हैं और कैसे निर्माण करते हैं..., डिजिटल इंडिया हर जगह है। उन्होंने कहा कि दस साल पहले, भारत ने बड़े दृढ़ विश्वास के साथ एक अज्ञात क्षेत्र में साहसिक यात्रा शुरू की थी। मोदी ने कहा कि एक दशक बाद, इस यात्रा ने अनगिनत लोगों के जीवन को छुआ है और सशक्तीकरण के एक नए युग की शुरुआत की है।

### भाजपा ने

भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष घोषित किया गया। राव केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी का स्थान लेंगे। निर्वाचन पदाधिकारी की भूमिका निभाने वाली केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने राव को नियुक्ति पत्र सौंपा। जबकि पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण को मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बैठक में सर्वसम्मति से पार्टी की महाराष्ट्र इकाई का अध्यक्ष चुना गया है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक किरेन रीजीजू ने यह घोषणा की।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के करीबी सहयोगी चव्हाण राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का स्थान लेंगे, जो अगस्त 2022 से इस पद पर थे। वह पार्टी की राज्य इकाई के 12वें अध्यक्ष होंगे। राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट मंगलवार को एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तराखंड इकाई के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक हर्ष मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा राज्य के पार्टी मामलें के प्रभारी दुष्यंत गौतम समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उनके दोबारा निर्वाचित होने की औपचारिक घोषणा की। भट्ट ने उन पर विश्वास जताने के लिए केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद दिया और कहा कि वह राज्य में पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करते रहेंगे।

### उत्तराखण्ड : महेंद्र

भट्ट लगातार दूसरी बार उत्तराखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। भाजपा हाईकमान ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महेंद्र भट्ट को ही उत्तराखंड में पार्टी की कमान सौंपने का निर्णय लिया। सबसे बड़ी बात ये है कि महेंद्र भट्ट की सीएम पुष्कर सिंह धामी के साथ अच्छी ट्यूनिंग भी है। ऐसे में प्रदेश के इन दो बड़े बीजेपी नेताओं के नेतृत्व में ही 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा। इससे पहले वर्ष 2022 में महेंद्र भट्ट उत्तराखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बने थे ।उनके कार्यकाल में बीजेपी ने 2024 के लोकसभा चुनावों में राज्य की सभी 5 संसदीय सीटें जीती थीं। निकाय चुनावों में भी बीजेपी को भारी सफलता मिली थी ।इससे संगठन में उनका कद बढ़ता गया। बीजेपी हाईकमान ने महेंद्र भट्ट को राज्यसभा भी भेजा। प्रदेश अध्यक्ष इसके साथ ही बीजेपी के 8 केंद्रीय परिषदों की भी घोषणा की गई। राष्ट्रीय परिषद के सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए वोटिंग करेंगे। राष्ट्रीय परिषद् के लिए 8 नामांकन हुए थे। राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के नामों की घोषणा भी केंद्रीय राज्यमंत्री और चुनाव प्रभारी हर्ष मल्होत्रा ने की।

### देश के

हो सकती है। मौसम विभाग ने सोमवार को, जुलाई में देश में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान जताया था और बाढ़ के खतरे के कारण मध्य भारत, उत्तराखंड और हरियाणा के अधिकारियों और लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। विभाग ने कहा कि पूर्वोत्तर के बड़े हिस्से, पूर्वी भारत के कई इलाकों और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में बारिश सामान्य से कम होने का पूर्वानुमान है।

### मानसून ने पकड़ी

में भी सामान्य से ज्यादा बरसात होगी। उत्तर प्रदेश समेत उत्तर-पश्चिम भारत में जुलाई के पहले सप्ताह में भारी बारिश होगी। भारतीय मौसम विभाग, आईएमडी ने विशेष रूप से पहाड़ी राज्यों और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान आंधी-तूफान, बिजली चमकना और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, जिससे पहले कुछ क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही अगले तीन घंटों में अमेठी, अयोध्या, बहराइच, बाराबंकी, गोंडा, हरदोई, लखीमपुर-खीरी, लखनऊ, सीतापुर और सुल्तानपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इससे तापमान में भी गिरावट होगी। बुधवार के लिए बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, हमीरपुर, महोबा, झांसी समेत मध्य व दक्षिणी यूपी और विंध्य क्षेत्र में भी भारी बारिश की चेतावनी है। साथ ही 43 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को दोपहर बाद वाराणसी, प्रयागराज, सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर में अच्छी बारिश हुई। दो दिनों से लगातार बारिश होने से नदियां उफाना रही हैं। इससे तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा गहराने लगा है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर में राप्ती नदी उफान पर है और बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। कई जगहों पर गन्ना और धान की फसल नदी में समा गई है। पीलीभीत से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की एक नहर में दरार आने से 50 बीघा फसल बाढ़ के पानी में डूब गई। सिंचाई विभाग की ओर से मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। बारिश और खराब मौसम के कारण हवाई उड़ानें आंशिक रूप से प्रभावित हुयी हैं।

### बाराबंकी : हिंसा

थे जहां अजय सिंह और सहजराम सिंह से उनकी कहासुनी हो गई। थोड़ी देर बाद अजय सिंह, राम प्रसाद और कुछ अन्य लोगों ने मगन के परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया।




# इंग्लैंड के खिलाफ वापसी को तैयार भारत

## टेस्ट क्रिकेट : इंग्लैंड के खिलाफ वापसी के लिये भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

एजेंसी



बर्मिंघम। भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो पूरे 20 विकेट ले सकें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें। डोइशे ने कहा रणनीति की बात करें तो हम हर गेंदबाज को व्यक्तिगत तौर पर देख रहे हैं कि वे विकेट ले सकते हैं या नहनीं। हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे। उन्होंने कहा टीम को पूरे 20 विकेट की जरूरत है। इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है। हम इस पर लगातार बात कर रहे हैं और हल निकालने की कोशिश में हैं।

बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच पर ऊपर घास है लेकिन नीचे से यह सूखी है। इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला ड्रॉ कराई थी। पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं। इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी। यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा। पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले। ठाकुर ने पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया लेकिन एक टेस्ट के बाद बाहर करना भी ज्यादती होगी। जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता पर भी संदेह है। अगर वह दूसरा टेस्ट नहीं खेलते हैं तो तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे। बुमराह के नहीं खेलने पर इस तिकड़ी को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। हेडिंग्ले में पांचवें दिन टर्निंग पिच पर कोई कमाल नहीं कर सके जडेजा अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे। पहले टेस्ट में भारत की कैचिंग काफी खराब रही और यशस्वी जायसवाल को स्लिप से हटाना पड़ गया। पहले टेस्ट की दोनों पारियों में भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने कोई योगदान नहीं दिया जिसमें सुधार करना होगा। पहले मैच में शतक लगाने वाले केएल राहुल, जायसवाल, ज षभ पंत और कप्तान शुभमन गिल इस लय को कायम रखना चाहेंगे।साइ सुदर्शन और करूण नायर को खराब शुरूआत के बावजूद फिर मौका मिल सकता है। दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने परिवार में इमरजेंसी के कारण मैच से नाम वापिस ले लिया है लेकिन क्रिस वोक्स की अगुवाई में गेंदबाजी आक्रमण आत्मविश्वास से भरा है।उन्होंने दो बार भारत के पूरे दस विकेट लिये थे। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 पर शुरू होगा।

## कैट ने चार जून की भगदड़ के लिये प्रथम दृष्टया आरसीबी को दोषी माना

बेंगलुरू। केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने चार जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिये मंगलवार को प्रथम दृष्टया रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जिम्मेदार पाया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। आरसीबी की पहली आईपीएल खिताबी जीत के बाद टीम द्वारा विधान सौधा से विजय परेड और स्टेडियम में प्रशंसकों के साथ जश्न के कार्यक्रम की घोषणा के बाद स्टेडियम के पास एमजी रोड और कुब्बोन रोड इलाकों में लगभग ढाई लाख प्रशंसक उमड़ पड़े थे। कैट ने कहा, इसलिए प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि लगभग तीन से पांच लाख लोगों के एकत्र होने के लिए आरसीबी जिम्मेदार है। आरसीबी ने पुलिस से उचित अनुमति या सहमति नहीं ली। कैट ने अपने अवलोकन में कहा अचानक उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया जिसके परिणामस्वरूप लोग एकत्र हो गए। आरसीबी ने चार जून की सुबह की परेड और प्रशंसकों के कार्यक्रम के बारे में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया था।

## स्मृति मंधाना आईसीसी टी-20 बल्लेबाजों में तीसरे स्थान पर



दुबई। भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 की श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी।

मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाये थे जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की। मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है जो उनके कैरियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है। भारत की शेफाली वर्मा एक पायदान चढकर 13वें जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। पाकिस्तानी स्पिनर सादियो इकबाल शीर्ष पर है।

**संन्यास से पहले भारत में टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं लियोन**

सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)। आस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं। सैतीस वर्ष के आफ स्पिनर लियोन ने आस्ट्रेलिया के लिये 138 टेस्ट में 556 विकेट लिये हैं।

भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाये हैं लेकिन भारत में कभी भी श्रृंखला नहीं जीत सके। आस्ट्रेलिया ने 2004.05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है। लियोन ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉटएयू से कहा, मैं भारत में श्रृंखला जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में भी श्रृंखला जीतना चाहता हूं। उन्होंने कहा हमारे पास यह मौका होगा लेकिन हमें टेस्ट दर टेस्ट रणनीति बनानी होगी। हमें पहले यहां वेस्टइंडीज में शानदार प्रदर्शन करना है।

## संक्षेप

### अल्काराज ने पांच सेटों में फोगनिनी को हराया

लंदन। गत दो बार के चैम्पियन कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के पहले दौर के मुकाबले में 38 बरस के फेबियो फोगनिनी को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और यह मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा। स्पेन के 22 वर्ष के अल्काराज ने आखिर में साढे चार घंटे तक चला मुकाबला 7-5, 6-7 (5), 7-5, 2-6, 6-1 से जीता। जीत के बाद उन्होंने कहा, मुझे समझ में नहीं आ रहा कि यह उनका आखिरी विम्बलडन क्यो है। जिस तरह से वह खेल रहे थे, मुझे लगा कि वह तीन चार साल और खेल सकते हैं। फोगनिनी इस सत्र के बाद टेनिस को अलविदा कहने जा रहे हैं। उन्होंने कहा मुझे लगा नहीं था कि उसके खिलाफ मैच पांच सेट में जायेगा। मेरे पास भी मौके थे। फोगनिनी विम्बलडन में 15 बार खेले हैं लेकिन कभी तीसरे दौर से आगे नहीं जा सके। इस साल वह ग्रैंडस्लैम में छह मुकाबले खेले और सभी में पराजय मिली।

### एंडरसन पीटर्स ने नीरज चोपड़ा क्लासिक से नाम वापस लिया

बेंगलुरू। विश्व चैम्पियनशिप के दो बार के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी एंडरसन पीटर्स टखने की चोट के कारण मंगलवार को नीरज चोपड़ा क्लासिक से हट गए जिससे पांच जुलाई को होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता को एक और झटका लगा। ग्रेनेडा के इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में नीरज के बाद तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता था। शनिवार को होने वाले नीरज चोपड़ा क्लासिक में उनकी जगह पोलैंड के साइप्रियन मिर्जिग्लोड को शामिल किया गया है। मिर्जिग्लोड 2019 के यूरोपीय अंडर-23 चैंपियन हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.97 मीटर है जो उन्होंने इसी पर प्रयोगिता के दौरान हासिल किया था।

### पेगुला विम्बलडन के पहले दौर में कोकियारेटो से हारीं

लंदन। तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला मंगलवार को विम्बलडन के पहले दौर में 116वीं रैंकिंग पर काबिज एलिसाबेटा कोकियारेटो ने 6-2, 6-3 से हार कर उलटफेर का शिकार हो गयी। अमेरिका की इस खिलाड़ी के लिए पिछले पांच साल में यह किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट से सबसे जल्दी बाहर होना है। वह इससे पहले 2020 में फ्रेंच ओपन के पहले दौर से बाहर हुई थी। पेगुला इस टूर्नामेंट से पहले बैड होम्बर्ग ओपन का चैंपियन बन कर पहुंची थी। उन्होंने जर्मनी में घसियाले कोर्ट के इस टूर्नामेंट के फाइनल में इगा स्विएतेक को सीधे सेटों में हराया था। हाल के महीनों में रैंकिंग में गिरावट झेलने वाली इटली की 24 साल की कोकियारेटो ने मैच के बाद कोर्ट पर दिये साक्षात्कार में कहा।

## रैपिड ओपन शतरंज में लक्ष्य चैंपियन, अभिज्ञान आकर्षण का केंद्र




लखनऊ। युवा खिलाड़ी लक्ष्य निगम (ऑक्सफोर्ड मॉडल कॉन्वेंट) ने रैपिड ओपन शतरंज टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीत लिया। लक्ष्य ने लखनऊ के सीनियर शतरंज खिलाड़ियों के खिलाफ शानदार खेल दिखाया और सर्वाधिक 7 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्लू-लखनऊ) द्वारा शहर के एक निजी होटल में आयोजित टूनामेंट के सातवें व अंतिम राउंड के बाद रविशंकर 6 अंकों के साथ के साथ उपविजेता रहे। वहीं सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित किया मॉडर्न स्कूल, अलीगंज के दस वर्षीय अभिज्ञान कटियार ने, जिन्होंने सीनियर खिलाड़ी कपिल खरे व दूसरे वरीय आरिफ अली को मात देकर सबको चौंका दिया। अभिज्ञान ने शानदार खेल दिखाते हुए 5 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। दूसरी ओर कपिल कुमार खरे ने वरिष्ठ नागरिक श्रेणी का खिताब 5.5 अंकों के साथ अपने नाम किया। वहीं, एक अन्य युवा खिलाड़ी समर्थ गुप्ता (सीएमएस अलीगंज, कैम्ब्रिज सेक्शन) ने अंडर-16 अनरेटेड श्रेणी में में 6.5 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में आईएफएलएपीएस (इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन लैंग्वेजेज एंड प्रोफेशनल स्टडीज) की कार्यकारी निदेशक डॉ. मंजू आनंद ने अपनी टीम के साथ उत्तर प्रदेश के चार से 85 वर्ष आयु वर्ग के 100 से अधिक खिलाड़ियों को 64 ट्रॉफियां, 15 पदक और 20 सांत्वना पुरस्कार वितरित किए। डॉ. मंजू आनंद ने महाभारत काल से भारत और रूस के शतरंज संबंधों पर विशेष जानकारी दी। इस दौरान खिलाड़ियों ने रूसी भाषा के विशेष सत्र में मुझे शतरंज पसंद है (रूसी में- या ल्युब्ल्यू शख्माती) कहना भी सीखा।

## ज़ाग्रेब में प्रज्ञानानंदा व गुकेश पर रहेगी नज़र

ज़ाग्रेब (क्रोएशिया)। भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा अपनी शानदार फॉर्म के कारण बुधवार से शुरू हो रहे ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट की तीसरी प्रतियोगिता में प्रबल दावेदारों में से एक होंगे। प्रज्ञानानंदा ने हाल में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है और अगर वह अपने इस प्रदर्शन को जारी रखते हैं तो उन्हें रोकना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होगा। क्रोएशियाई चरण में विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के साथ-साथ मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश भी भाग लेंगे।

प्रज्ञानानंदा को कार्लसन और गुकेश के अलावा अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव की कड़ी चुनौती का भी सामना करना होगा। ग्रैंड शतरंज टूर के पीछे गैरी कास्पारोव का दिमाग था, जो बॉबी फिशर के बाद पेशेवर शतरंज की अवधारणा शुरू करने वाले पहले व्यक्ति थे और आज युवा पीढ़ी इसका लाभ उठा रही है।

## नरेश कुमार के मार्गदर्शन में पूमसे तकनीक की बुनियाद मजबूत कर रहे खिलाड़ी

लखनऊ। ताइक्वांडो खिलाड़ियों के बेसिक टेक्नीक को मजबूत करने और उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की दिशा में एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस लगातार काम कर रही है। इसके अंतर्गत मॉडर्न अकादमी, गोमतीनगर, विनय खंड-2 स्थित सेंटर में ताइक्वांडो का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खासतौर पर पूमसे तकनीक के उन्नत प्रशिक्षण के लिए इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी एवं पूमसे विशेषज्ञ नरेश कुमार मौजूद हैं। हरियाणा के रहने वाले नरेश कुमार अब तक राष्ट्रीय स्तर पर पांच स्वर्ण सहित कुल नौ पदक जीत चुके हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों को अपने पहले सत्र में पूमसे तकनीक की ट्रेनिंग देने के बाद कहा कि मेरा उद्देश्य यहां खिलाड़ियों की पूमसे तकनीक की बुनियाद को मजबूत करना और उन्हें एडवांस स्किल्स से परिचित कराना है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पांडेय ने बताया कि हमारा मिशन खिलाड़ियों को इस स्तर पर तैयार करना है कि वे देश-विदेश में अपनी प्रतिभा और दमखम साबित कर सकें।

## भारत के सामने एएफसी क्वालीफायर में इराक की चुनौती

एजेंसी



चियांग माइ (थाईलैंड)। भारतीय महिला फुटबॉल टीम के सामने बुधवार को यहां 2026 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप बी मैच में अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी इराक की चुनौती होगी। अपने शुरुआती दोनों मैचों को एकतरफा अंदाज में जीतने वाली भारतीय टीम इस मैच में भी खिलाड़ियों के साथ प्रयोग करना जारी रखना चाहेगी। तिमोर-लेस्ते के खिलाफ मैच के दौरान नाक की हड्डी में फ्रैक्चर के कारण सौम्या गुगुलोथ इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं। भारत मंगोलिया (13-0) और तिमोर-लेस्ते (4-0) के खिलाफ जीत के बाद छह अंकों और प्लस 17 के गोल अंतर के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

थाईलैंड भी छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है उनका गोल अंतर प्लस 11 है। इराक पहले ही तीन मैच खेल चुका है और उसके चार अंक हैं। उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत होगी। ग्रुप में शीर्ष स्थान के लिए भारत और थाईलैंड के बीच होड़ रहने की संभावना है और दोनों टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में पांच जुलाई को एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारतीय कोच क्रिस्पिन छेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि टीम का पूरा ध्यान इराक के खिलाफ होने वाले मैच से तीन अंक हासिल करने पर है। छेत्री ने कहा, थाईलैंड के खिलाफ हमारा आखिरी मैच है, लेकिन अभी हमारा पूरा ध्यान इराक पर है। हमें इस बात की चिंता नहीं करनी चाहिए कि थाईलैंड या हमने कितने गोल किए हैं या कितने गोल करेंगे। हमारी प्राथमिकता इराक के मैच में सकारात्मक सोच के साथ उतरने और जीत के लिए खेलने की है।

विश्व रैंकिंग में 173वें स्थान पर काबिज इराक ने तिमोर लेस्ते के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद मंगोलिया को 5-2 से हराकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली जीत दर्ज की थी। टीम को हालांकि मेजबान थाईलैंड से 0-7 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में भारत से 103 स्थान नीचे काबिज इराक के बारे में पूछे जाने पर छेत्री ने कहा मैं इराक की टीम को उतना कमजोर नहीं मानता हूं, जितना लोग सोचते होंगे। वे एक अच्छी टीम है और लगातार मैच खेलते आ रही है। हमें हालांकि विश्राम करने का अधिक समय मिला है। भारत ने शुरुआती दो मैचों में 23 सदस्यीय खिलाड़ियों के दल से 22 का इस्तेमाल किया है और छेत्री ने कहा कि टीम में खिलाड़ियों का रोटेशन (अदला बदली) जारी रह सकता है। उन्होंने कहा कमोबेश सभी खिलाड़ियों को मौका मिल चुका है। हम इराक मैच को हल्के में नहीं ले सकते। कुछ रोटेशन हो सकता है लेकिन प्रमुख खिलाड़ियों को अभी भी खेलने का समय मिलेगा।

## राजस्थान रॉयल्स को छह खिलाड़ियों के ट्रेड-ऑफ का प्रस्ताव : आईपीएल सूत्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स 2026 आईपीएल के लिए अपनी टीम की संरचना पर फिर से विचार कर सकती है जिसमें कम से कम छह खिलाड़ियों के लिए विभिन्न फ्रैंचाइजी ने ट्रेड-ऑफ (खिलाड़ियों की अदला बदली) में दिलचस्पी दिखाई है। राजस्थान रॉयल्स ने द्वारा कोई नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन जिन खिलाड़ियों के लिए ट्रेड-ऑफ की मांग सबसे अधिक होगी, उनमें से एक उनके लंबे समय के कप्तान संजू सैमसन हो सकते हैं। सैमसन और राजस्थान की टीम आपसी सहमति से अलग होने का फैसला करते हैं या नहीं इसका पता नहीं चल पाया है। टीम के पास ध्रुव जुरेल के रूप में दूसरा विकेटकीपर बल्लेबाज है जो सैमसन जैसा प्रभावशाली है।

आईपीएल में अभी खास तौर पर दो टीमों को बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाज की जरूरत है। चेन्नई सुपर किंग्स जिसके आइकन खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी अगले आईपीएल सत्र के शुरू होने पर अपने 45वें जन्मदिन से कुछ महीने दूर होंगे। दूसरी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स हो सकती है जो पूरे टूर्नामेंट के दौरान क्विंटन डिकॉक और रहमानुल्लाह गुरबाज पर ज्यादा भरोसा नहीं जताना चाहेगी। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी काशी विश्वनाथन को कई बार कॉल करने पर भी कोई जवाब नहीं मिला और राजस्थान रॉयल्स के सूत्रों ने भी किसी खास खिलाड़ी के साथ ट्रेड-ऑफ की बातचीत के बारे में कुछ नहीं बताया।

आईपीएल टीमों के लिए ट्रेडिंग विंडो 2025 के फाइनल के खत्म होने के एक दिन बाद चार जून से शुरू हो गयी और यह 2026 के खिलाड़ियों की नीलामी की तारीख से एक सप्ताह पहले तक जारी रहेगा। खिलाड़ियों की नीलामी खत्म होने के बाद विंडो फिर से खुलेगी और अगले सत्र की शुरुआत से ठीक एक महीने पहले बंद हो जाएगी। ट्रेड-ऑफ कई तरह के होते हैं। इसमें एक ही कीमत पर खिलाड़ियों की अदला-बदली, खिलाड़ियों की अदला-बदली जिसमें अधिक कीमत वाले खिलाड़ी को रखने वाली फ्रेंचाइजी को शेष राशि मिलती है और एकतरफा नकद सौदा जिसमें एक फ्रेंचाइजी नीलामी से पहले अपने पर्स को बढ़ाने के लिए खिलाड़ी को बेचती है। रॉयल्स के एक करीबी सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया हमारे छह खिलाड़ियों के लिए कई फ्रेंचाइजी ने कई बार संपर्क किया है। इसी तरह हमने कई विकल्पों के लिए दूसरी फ्रेंचाइजी टीमों से संपर्क किया है।

## खेलों में क्रांति की तैयारी : केंद्र सरकार ने खेल नीति को दी मंजूरी

एजेंसी



नयी दिल्ली। विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को खेलो भारत नीति को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य देश को 2036 ओलंपिक के लिए मजबूत दावेदार बनाने के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे के साथ-साथ कोचिंग और खिलाड़ियों के समर्थन के मामले में विश्व स्तरीय प्रणाली तैयार करना है। पहले इसे राष्ट्रीय खेल नीति कहा जाता था और 1984 में पहली बार पेश किया गया था। खेलो भारत नीति 2025 अब 2001 की नीति का स्थान लेगी। यह देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी के लिए योजनाओं को तैयार करने के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस नीति और मंत्रिमंडल के अन्य फैसलों के बारे में संवाददाताओं से कहा, हमने पिछले 10 साल के अनुभव का इस्तेमाल किया है और नयी नीति खेलों में सुधार की दिशा में काम करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में शामिल करना है। यह हमारा मुख्य उद्देश्य है। भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की इच्छा जता चुका है जिसके लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों को देश में लाने पर बड़े पैमाने पर जोर दिया गया है। प्रेस सूचना ब्यूरो के एक बयान में नयी नीति को केंद्रीय मंत्रालयों, नीति आयोग, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ), खिलाड़ियों, इस मामले के विशेषज्ञों और हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श का परिणाम बताया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा आज भारत की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खेलों का केंद्र बनने के प्रयासों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। कैबिनेट ने खेलों के लिए राष्ट्रीय नीति, खेलो भारत नीति को मंजूरी दे दी है।

उन्होंने कहा यह नीति पांच स्तंभों पर आधारित है। इसमें वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता, आर्थिक विकास के लिए खेल, सामाजिक विकास के लिए खेल, जन आंदोलन के रूप में खेल, शिक्षा के साथ एकीकरण (एनईपी 2020) शामिल है। उन्होंने कहा भारतीय खेल प्रतिभाएं हमेशा फलती-फूलती रहें। खेलो भारत नीति के तहत खेल को पर्यटन और आर्थिक विकास से जोड़ा जायेगा। वैष्णव ने कहा बड़ी संख्या में लोग आईपीएल, फुटबॉल मैच देखने के लिए यात्रा करते हैं। इससे पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है। यह दस्तावेज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ जुडने का प्रयास करता है, जिसमें खेलों को स्कूली पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि इसका उद्देश्य शिक्षकों और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को खेल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रशिक्षण से लैस करना है।

इसके सूचीबद्ध लक्ष्यों में खेल प्रशासन के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा स्थापित करना और पीपीपी (सरकारी और निजी क्षेत्रों की भागीदारी) और सीएसआर के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी सहित नवीन वित्तपोषण तंत्र का विकास करना शामिल है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को नया आकार देने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा यह ऐतिहासिक नीति जमीनी स्तर पर खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे, खिलाड़ियों के विकास का समर्थन करने और भारत को वैश्विक खेलों में एक मजबूत ताकत के रूप में स्थापित करने के लिए एक रणनीतिक रूपरेखा की तरह है। पिछली नीति में किए गए बदलावों में निजी कंपनियों की अधिक भागीदारी का आह्वान करना शामिल है। मांडविया पहले ही इसका जिक्र कर बता चुके हैं कि उन्होंने 40 से अधिक कंपनियों के साथ विचार-विमर्श किया है जो व्यक्तिगत ओलंपिक खेलों को अपनाने की इच्छुक हैं। खेल मंत्रालय सभी खेलों में लीग संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में भी काम कर रहा है, जिसमें उन खेलों का वित्तपोषण करना भी शामिल है।

## साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 328 रन से टेस्ट हराया

केशव महाराज की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। साउथ अफ्रीका ने बुलवायो में हुए पहले टेस्ट में जिम्बाब्वे को 328 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। इसी के साथ मेहमान टीम ने 2 टेस्ट की सीरीज में 1-0 की बढ़त भी बना ली। डेब्यू टेस्ट में 153 रन की पारी खेलने वाले 19 साल के लुहान डी प्रिटोरियस प्लेयर ऑफ द मैच रहे। साउथ अफ्रीका से ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश ने पहली पारी में सेंचुरी बनाने के बाद दूसरी पारी में 5 विकेट भी लिए। टीम से दूसरी पारी में वियान मुल्डर ने 4 विकेट लिए, उन्होंने सेंचुरी भी लगाई। वहीं जिम्बाब्वे में शॉन विलियम्स ही सेंचुरी लगा सके। पहली पारी में चिवांगा को 4 विकेट बुलवायो में 28 जून को साउथ अफ्रीका ने बैटिंग चुनी। टीम ने पहली पारी 418/9 के स्कोर पर डिक्लेयर की। डेवाल्ड ब्रेविस ने 51 रन बनाए। जिम्बाब्वे से तनाका चिवांगा ने 4 और ब्लेसिंग मुजरबानी ने 2 विकेट लिए। वेलिंगटन मसाकाद्जा और विंसेंट मसेकेसा को 1-1 विकेट मिला। जिम्बाब्वे से एक ही सेंचुरी लगी पहली पारी में जिम्बाब्वे की टीम 251 रन बनाकर सिमट गई। टीम से शॉन विलियम्स ही शतक लगा सके, उन्होंने 137 रन बनाए। कप्तान क्रैग इरविन ने 36, ब्रायन बेनेट ने 19, वेसले मधेवेरे ने 15 और विंसेंट मसेकेसा ने 11 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

# भारत जटिल व्यापार वार्ता के दौर में

## जयशंकर ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कहा : अगले कुछ दिन इस पर नजर रखनी होगी

न्यूयॉर्क (अमेरिका)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के सफल निष्कर्ष पर पहुंचने की उम्मीद जाहिर की है।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमें अगले कुछ दिन तक इस पर नजर रखनी होगी। जयशंकर ने सोमवार को कहा कि आपने व्यापार के बारे में बात की, हां, हम एक बहुत ही जटिल व्यापार वार्ता के मध्य में हैं.. या शायद उससे भी थोड़ा आगे बढ़ चुके हैं। मैनहट्टन में 9/11 स्मारक के पास वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर स्थित न्यूजवीक के मुख्यालय में उसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) देव प्रगाद के साथ बातचीत के दौरान विदेश मंत्री ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि स्पष्ट रूप से मुझे उम्मीद है कि हम इसे सफल निष्कर्ष तक ले जाएंगे। मैं इसकी गारंटी नहीं दे सकता, क्योंकि चर्चा में एक अन्य पक्ष भी शामिल है। जयशंकर भारत-अमेरिका संबंधों और दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। विदेश मंत्री ने कहा कि जिस तरह अमेरिका या अमेरिका में रहने वाले लोगों के भारत के बारे में विचार हो सकते हैं, उसी तरह भारत में रहने वाले लोगों के भी अमेरिका के बारे में विचार हैं। हमें एक तरह का मिलन बिंदु खोजना होगा। मेरा मानना है कि यह संभव है। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर एक अन्य प्रश्न पर जयशंकर ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में कई गहन चर्चाएं हुई हैं।



उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं बता सकता कि किस देश ने कितने दौर की वार्ताएं की हैं, लेकिन मुझे लगता है कि हम उन देशों में से होंगे जिन्होंने सबसे अधिक वार्ताएं की हैं। वहीं बिल क्लिंटन के राष्ट्रपति काल से लेकर वर्तमान में ट्रंप प्रशासन तक भारत-अमेरिका संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि द्विपक्षीय संबंध मुख्य तौर पर सकारात्मक रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्ष में संबंध मजबूत रहे हैं क्योंकि अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, सुरक्षा और ऊर्जा जैसे संरचनात्मक कारक इस संबंध के लिए काम करते हैं। जयशंकर ने कहा कि रिश्तों में मतभेद होते ही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा होता ही है। वास्तव में, हर राष्ट्रपति के कार्यकाल में... मैं कुछ ऐसा सोच सकता हूं जो उस समय टकराव का कारण रहा हो...। विदेश मंत्री ने मिसाल के तौर पर कहा कि पाकिस्तान को एफ16 विमान बेचने की अमेरिका की योजना भी एक विवाद का मुद्दा रही थी। उन्होंने कहा कि रिश्ते में कोई न कोई समस्या होती ही है... मेरा मानना है कि मतभेद भी हो सकते हैं। मुझे लगता है कि इससे निपटने की क्षमता और उस प्रवृत्ति को सकारात्मक दिशा में जारी रखने की क्षमता ही मायने रखती है। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत के साथ व्यापार समझौता जल्द होने की बात से सहमति जताते हुए व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने सोमवार को प्रेस वार्ता में कहा कि वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ओवल कार्यालय में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ थे और वे इन समझौतों को अंतिम रूप दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के संदर्भ में आप राष्ट्रपति और उनके दल, व्यापार से जुड़े उनके दल से इस संबंध में जल्द ही कुछ सुनेंगे।

# जीएसटी ने ऐतिहासिक सुधार, भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया : पीएम मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था एक ऐतिहासिक सुधार है जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया है।

उन्होंने जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने के मौके पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अनुपालन बोझ को कम करके, इसने खासकर छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया है। जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है। सरकार ने कहा कि 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को बताती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि माल एवं सेवा कर के लागू होने के बाद से सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है। यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

**संक्षेप**

### महाराष्ट्र चुनाव में अनियमितता को लेकर समिति बनायी गयी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है, जो पिछले साल हुए राज्य विधानसभा चुनाव में कथित अनियमितता का विस्तृत विश्लेषण करेगी और चुनावी प्रक्रिया को साफ-सुथरा बनाने को लेकर सिफारिश करेगी। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं की सोमवार को यहां बैठक हुई, जिसमें महाराष्ट्र विधानसभा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। चव्हाण ने दावा किया कि कराड दक्षिण सहित महाराष्ट्र के कई निर्वाचन क्षेत्रों में बहुत सारे मतदाताओं ने एक से अधिक बार मतदान किया तथा अंगुली पर लगने वाली स्याही मिटाकर मतदान किए गए। वह इस बार कराड दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हार गए। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में हजारों ऐसे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में थे, जो अलग-अलग बूथ पर पंजीकृत थे। चव्हाण के अनुसार, महा विकास आघाडी (एमवीए) के लगभग 100 नेताओं ने चुनाव याचिकाएं दायर की हैं और उनके नेतृत्व वाली समिति ने कांग्रेस नेतृत्व से उनकी सहायता के लिए दिल्ली से एक कानूनी टीम भेजने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, कल एक बड़ी बैठक हुई थी, जहां महाराष्ट्र से कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता दिल्ली आए थे।

# रेल मंत्री ने की रेलवन एप्लीकेशन की शुरुआत

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को रेलवन मोबाइल ऐप्लीकेशन की शुरुआत की जिससे यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना बनाने, रेल सहायता सेवाएं और भोजन बुकिंग जैसी कई सेवाओं तक आसान पहुंच में मदद मिलेगी।

वैष्णव ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र के 40वें स्थापना दिवस समारोह में इस ऐप की शुरुआत की। यह ऐप एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस ऐप स्टोर, दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। रेल मंत्रालय की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, रेलवन ऐप पर यात्रियों की सभी जरूरतों का समाधान उपलब्ध होगा। इस ऐप के माध्यम से यात्रियों को निम्नलिखित सेवाओं तक आसान पहुंच मिलेगीः टिकटिंग-आरक्षित, अनारक्षित, प्लेटफॉर्म टिकटअ ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजनाअ रेल सहायता सेवाएंअ ट्रेन में भोजन की बुकिंग। इसमें कहा गया है, इसके अतिरिक्त, माल ढुलाई से संबंधित पूछताछ की सुविधा भी उपलब्ध है। ऐप के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए मंत्रालय ने कहा कि यह उपयोगकर्ताओं को सरल और स्पष्ट यूजर इंटरफेस के माध्यम से बेहतर अनुभव प्रदान करेगा।

# आतंकवाद से प्रभावित परिवारों की चिंताओं को दूर करने के लिए विशेष प्रकोष्ठ : सिन्हा

जम्मू । जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि आतंकवाद से पीड़ितों के परिजनों की चिंताओं को दूर करने के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा। उन्होंने उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को उन मामलों को फिर से खोलने का निर्देश दिया, जिन्हें जानबूझकर दबा दिया गया था।



पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा मारे गए लोगों के परिजनों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए उपराज्यपाल ने एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। सिन्हा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि परिजनों की चिंताओं को दूर करने के लिए उपराज्यपाल सचिवालय में विशेष प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा। मुख्य सचिव कार्यालय में भी इसी तरह का प्रकोष्ठ स्थापित किया जाएगा। आतंकवाद से पीड़ितों के परिजनों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी और कई दशकों से खुलेआम घूम रहे अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। सिन्हा ने कहा कि विभिन्न इलाकों के उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वे जानबूझकर दबा दिए गए मामलों को फिर से खोलें और प्राथमिकी दर्ज करें तथा यह सुनिश्चित करें कि प्राथमिकता के आधार पर पीड़ितों के करीबी रिश्तेदारों को नौकरी दी जाए। आतंकवादियों या उनके समर्थकों द्वारा पीड़ितों के परिजनों की हड़पी गई संपत्ति को भी मुक्त करवाना है।

# आर्थिक अन्याय का हथियार बना जीएसटी : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के लागू होने के आठ साल पूरा होने के मौके पर मंगलवार को आरोप लगाया कि यह आर्थिक अन्याय का एक हथियार बन गया है तथा इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मौजूदा जीएसटी प्रणाली में संशोधन की पैरवी की और कहा कि भारत एक ऐसी कर प्रणाली का हकदार है, जो केवल विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए काम करे। जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, आठ साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है। यह आर्थिक अन्याय और कॉरपोरेट भाईचारे का एक बर्बर हथियार है। इसे गरीबों को दंडित करने, एमएसएमई को कुचलने, राज्यों को कमजोर करने और प्रधानमंत्री के कुछ अरबपति दोस्तों को लाभ पहुंचाने के लिए डिज़ाइन किया गया था। उन्होंने दावा किया कि अच्छे और सरल कर का वादा किया गया था, लेकिन भारत को पांच अलग-अलग दर वाली कर व्यवस्था मिली, जिसे 900 से अधिक बार संशोधित किया गया है। राहुल गांधी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यहां तक कि पॉपकॉर्न और क्रीम बन भी इसके दायरे में आ गए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जीएसटी पोर्टल दैनिक उत्पीड़न का स्रोत बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत के सबसे बड़े रोजगार सृजनकर्ता एमएसएमई क्षेत्र को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। आठ साल पहले जीएसटी लागू होने के बाद से 18 लाख से अधिक उद्यम बंद हो गए हैं। नागरिक अब चाय से लेकर स्वास्थ्य बीमा तक हर चीज पर जीएसटी का भुगतान करते हैं, जबकि कॉरपोरेट सालाना टैक्स छूट में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का आनंद लेते हैं। उनके अनुसार, पेट्रोल और डीजल को जानबूझकर जीएसटी ढांचे से बाहर रखा गया है, जिससे किसानों, ट्रांसपोर्टरों और आम लोगों को नुकसान हो रहा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, गैर-भाजपा शासित राज्यों को दंडित करने के लिए जीएसटी बकाया को भी हथियार बनाया गया है, जो मोदी सरकार के संघवाद विरोधी एजेंडे का स्पष्ट प्रमाण है। उनका कहना था, जीएसटी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का एक दूरदर्शी विचार था, जिसका उद्देश्य भारत के बाजारों को एकजुट करना और कराधान को सरल बनाना था।

# वैश्विक वित्तीय संस्थानों, साख निर्धारण प्रणाली में सुधार

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को विकास को समावेशी बनाने और समानता बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे और क्रेडिट रेटिंग प्रणालियों में सुधार की जरूरत बतायी। उन्होंने स्पेन के सेविले में विकास के लिए वित्तपोषण (एफएफडी) पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आधिकारिक विकास सहायता में गिरावट के रुख में बदलाव के आह्वान का भी समर्थन किया और विकसित देशों से जलवायु वित्त को बढ़ाने का आग्रह किया।

सीतारमण ने कहा कि खासकर नाजुक देशों में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए भरोसेमंद, सरल पहुंच और रियायती वित्त की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत समावेशी विकास और समानता बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधारों का समर्थन करता है, जिसमें बहुपक्षीय विकास बैंकों (एकडीबी) में सुधार और निष्पक्ष क्रेडिट रेटिंग प्रणाली शामिल हैं। बहुपक्षीय विकास बैंक से दिये जाने वाले कर्ज को दीर्घकालीन विकास लक्ष्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए और मजबूत निगरानी ढांचे के जरिये इस पर नजर रखी जानी चाहिए ताकि कर्ज राशि का उपयोग उन्हीं मदों में किया जाए, जिसके लिए वे आये हैं। सीतारमण ने कहा कि कई देशों के लिए समावेशी और सतत विकास के लिए कर्ज एक संरचनात्मक बाधा बन गया है। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान शुरू किए गए वैश्विक सॉवरेन डेट गोलमेज सम्मेलन ने कर्ज के मामले में पारदर्शिता और ऋण पुनर्गठन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एहतियाती ऋण प्रबंधन के साथ-साथ जी-20 साझा रूपरेखा का प्रभावी कार्यान्वयन आवश्यक है। भारत ने कर प्रणालियों के आधुनिकीकरण और अवैध वित्तीय प्रवाह को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का भी समर्थन किया। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में व्यापक कर सुधारों और कर प्रशासन में डिजिटल बदलाव ने राजस्व में वृद्धि की है और अनुपालन लागत को कम किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने लगातार लोगों को अपनी विकास रणनीति के केंद्र में रखा है। हमने 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला है और लक्षित नीतिगत हस्तक्षेपों के माध्यम से समावेशी डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाया है। हालांकि, मजबूत वैश्विक वृद्धि के लिए, राष्ट्रीय प्रयासों के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवेश महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कई सतत विकास लक्ष्य पटरी से उतर गए हैं और विकासशील देशों के लिए वित्तपोषण का अंतर सालाना 4,000 अरब डॉलर से अधिक है। इसलिए तत्काल और परिवर्तनकारी कदम उठाने की आवश्यकता है।



**इंटरटेनमेंट...**

# महीनों तक सो नहीं पायी : करीना कपूर

मुंबई। करीब छह महीने पहले सैफ अली खान पर चाकू से हमला हुआ था। अब पहली बार उनकी पत्नी और एक्ट्रेस करीना कपूर ने इस घटना पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि यह हादसा न सिर्फ उनके लिए, बल्कि उनके दोनों बेटों तैमूर और जेह के लिए भी एक गहरा सदमा था। करीना ने मोजो स्टोरी के साथ बातचीत में बताया कि इस हादसे ने उनके परिवार को बहुत झकझोर कर रख दिया था। उन्होंने कहा, 'मैं अब भी इस सोच से परेशान हूं कि कोई हमारे बच्चे के कमरे तक पहुंच गया था।

> सैफ अली खान पर हुए हमले पर दी प्रतिक्रिया



मुंबई में ऐसा होना बहुत ही असामान्य है। यहां ऐसा कभी नहीं सुना था कि किसी के घर में घुसकर उसके पति पर हमला हो जाए। यह सब समझ पाना आज भी मुश्किल है। पहले दो महीने तो मैं ठीक से सो भी नहीं पाती थी। नॉर्मल जीवन में वापस आना आसान नहीं था। करीना ने कहा, इस घटना के बाद सैफ अपने बच्चों के लिए एक सुपरहीरो बन गए। छोटा बेटा जेह अब भी कहता है कि उसके पापा आयरन मैन और बैटमैन हैं।

उसे लगता है कि पापा किसी से भी लड़ सकते हैं। हालांकि, मेरे लिए यह सब भूल पाना बिल्कुल आसान नहीं था। लेकिन मैं नहीं चाहती थी कि मेरे बच्चे मेरा डर महसूस करें। उनके सामने मुझे मजबूत बनना पड़ा। ये सफर आसान नहीं था, डर और चिंता से निकलकर मां और पत्नी की भूमिका निभाना। लेकिन मुझे ये करना ही था।

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा नहीं छोड़ रहीं बबीता जी

**मुंबई।** पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें आ रही थीं कि टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता ने शो छोड़ दिया है। लेकिन अब मुनमुन दत्ता ने खुद इन खबरों पर रिएक्शन दिया और उन्हें खारिज कर दिया है। मुनमुन दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह शो की शूटिंग करते हुए दिखाई दे रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, अफवाहें हमेशा सच नहीं होती हैं। एक्ट्रेस की इस पोस्ट पर उनके फैंस भी जमकर रिएक्ट कर रहे हैं।

> शो छोड़ने की खबरों पर मुनमुन दत्ता का रिएक्शन, बोलीं अफवाहें हमेशा सच नहीं होती हैं



एक यूजर ने लिखा, हम हर साल ऐसी अफवाहें सुनते हैं।, दूसरे ने कहा, जलने वाले भाग गए और मुनमुन जी वापस आ गईं।, तीसरे ने कहा, आप बबीता जी आखिरकार वापस आ गईं।, इसके अलावा कई और यूजर्स ने कमेंट्स किए। बॉलीवुड शादी के मुताबिक, असित मोदी ने भी इस मामले में अपना बयान दिया था।

### शेफाली जरीवाला के निधन की कवरेज पर भड़के सेलेब्स

मुंबई। शेफाली जरीवाला का 27 जून को निधन हो गया। इस दौरान कुछ पैपराजी और सोशल मीडिया पेजेस ने शोक में डूबे परिवार के वीडियो शेयर किए और कई तरह के असंवेदनशील दावे किए, जिससे कई सेलेब्स नाराज हो गए। वरुण धवन से लेकर जाह्नवी कपूर तक ने इस तरह की कवरजे पर नाराजगी जताई थी। अब इस मामले में सोनाक्षी सिन्हा, मलाइका अरोड़ा और सुयश राय का भी रिएक्शन सामने आया है। दरअसल, सोनाक्षी सिन्हा ने अपने इंस्टाग्राम पर पराग देसाई की एक स्टोरी को री-शेयर किया। इस स्टोरी में उन्होंने लिखा था, आप सभी से अनुरोध है कि एक बार रुककर पैपराजी कल्चर के बारे में सोचें।

# आखिर कैसे सुलझा 'हेरा फेरी 3' विवाद : फिरोज

**मुंबई।** एक्टर परेश रावल ने 'हेरा फेरी 3' छोड़ने का ऐलान करने के बाद अब फिल्म को फिर से करने की पुष्टि की है। जिसके बाद कई लोगों के मन में सवाल हैं कि यह मामला कैसे सुधरा है। एक इंटरव्यू में फिल्म प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला ने बताया कि यह मामला कैसे सुलझा। पिंकविला से बातचीत में फिरोज नाडियाडवाला ने बताया कि साजिद नाडियाडवाला और अहमद खान ने मसला सुलझाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, मेरे भाई साजिद नाडियाडवाला के प्यार, सम्मान और अच्छे मार्गदर्शन से और साथ ही अहमद खान साहब के सहयोग से, 'हेरा फेरी' परिवार फिर एक हो गया है। फिरोज नाडियाडवाला 'हेरा फेरी', 'फिर हेरा फेरी' और 'वेलकम' जैसी हिट कॉमेडी फिल्मों के प्रोड्यूसर के तौर पर जाने जाते हैं। फिरोज ने आगे कहा, मेरे भाई साजिद ने इस मामले को सुलझाने में कई दिनों तक बहुत ही निजी समय और मेहनत लगाई। हमारा 50 साल पुराना रिश्ता है। अहमद ने भी बहुत मेहनत की। साजिद और अहमद के प्यार और मार्गदर्शन से अब सब कुछ अच्छा और पॉजिटिव है। फिरोज ने यह भी बताया कि अक्षय ने कैसे मसला सुलझाने में मदद की। उन्होंने कहा, हमें अक्षय जी का भी पूरा सपोर्ट मिला। 1996 से हमारा बहुत अच्छा रिश्ता रहा है। पूरे मसले को सुलझाने में वे बहुत ही दयालु, प्यार करने वाले और आत्मीय थे।



> साजिद नाडियाडवाला और अहमद खान ने मामला सुलझाने में अहम भूमिका निभाई

प्रियदर्शन जी, परेश जी और सुनील जी ने भी पूरा सहयोग किया। अब हम एक अच्छी, खुशी देने वाली फिल्म की उम्मीद कर रहे हैं। बता दें कि हाल ही में परेश रावल ने हेरा फेरी 3 का विवाद खत्म करते हुए फिल्म में वापसी का कन्फर्मेशन दे दिया है। कुछ समय पहले ही क्रिएटिव डिफरेंस के चलते परेश रावल ने फिल्म हेरा फेरी 3 छोड़ दी थी, जिससे फैंस काफी निराश थे। परेश रावल ने 'हेरा फेरी फ्रेंचाइजी' में बाबूराव गणपतराव आप्टे की भूमिका निभाई है। परेश रावल से हिमांशू मेहता के पॉडकास्ट में हेरा फेरी 3 से जुड़े विवाद पर सवाल किया गया था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com